दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL
# भारत देश हमारा
करनाल
Postal Regd. No. PKL-235/2024-26
www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    संपादक - डा.के.के.संधू    प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227    वर्ष 9  अंक 86 रविवार 29 मार्च, 2026  Sunday 29 March, 2026  मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12  मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## असम में चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस एक ही कम्युनिटी की पार्टी बन जाएगी- सीएम सरमा

गुवाहाटी, 28 मार्च (निस) असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर सिर्फ एक समुदाय की पार्टी होने का आरोप लगाया। हिमंता ने कहा कि करीब 99 फीसदी हिंदू कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं। राज्य में इसके टूटने का प्रोसेस पहले ही शुरू हो चुका है। नतीजों के बाद कांग्रेस एक ही कम्युनिटी की पार्टी बन जाएगी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने किया जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटनः बोले- इसकी असली हकदार जनता

### अखिलेश पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा, सत्ता जाने के डर के कारण कभी नोएडा नहीं आए



**नोएडा,28 मार्च (निस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का अनोखे अंदाज में उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने जनता को कार्यक्रम का हिस्सा बनाते हुए मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट जलाकर एयरपोर्ट का शुभारंभ कराने की अपील की और कहा कि इस परियोजना के असली हकदार देश के नागरिक हैं इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी सुबह करीब 11:30 बजे जेवर पहुंचे, जहां उन्होंने सबसे पहले एयरपोर्ट की अत्याधुनिक टर्मिनल बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे रिमोट बटन दबाकर एयरपोटज़ के पहले चरण का औपचारिक उद्घाटन किया। कार्यक्रम से पहले एक डॉक्यूमेंट्री के जरिए एयरपोर्ट की विशेषताओं को प्रस्तुत किया गया। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कि उद्घाटन अभी पूरा नहीं हुआ है, मैंने सिर्फपर्दा हटाया है। असली उद्घाटन आप करेंगे। इसके बाद उन्होंने उपस्थित लोगों से अपने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट जलाने का आह्वान किया। हजारों लोगों ने एक साथ फ्लैश लाइट जलाकर 'भारत माता की जय' के नारों के बीच इस ऐतिहासिक पल को साकार किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को फिरोजाबाद की प्रसिद्ध कांच कला से बनी भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट की।गौतम बुद्ध नगर जिले में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित यह एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर का दूसरा प्रमुख हवाई अड्डा है। करीब 7,200 एकड़ में फैला यह प्रोजेक्ट सेंट्रल पार्क (न्यूयॉर्क) से लगभग आठ गुना बड़ा है। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विकसित ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# हरियाणा में पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

### कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, विपक्षी जनता को भ्रमित न करें, आपदा में सहयोग करें



**चंडीगढ़ , 28 मार्च ( अमृतपाल सिंह )** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के लोगों को आश्वस्त किया कि मध्य -एशिया में बने हालातों के मद्देनजर राज्य में पैट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है, उनको घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी तथा जमाख़ोरी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई इस मामले में संलिप्त पाया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता, सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक ( प्रशासन ) श्रीमती वर्षा खांगवाल, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय उपस्थित थे। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मध्य एशिया में युद्ध की स्थिति के बीच कुछ लोग आवश्यक वस्तुओं की कमी होने का भ्रम फैला रहे हैं जबकि देश एवं प्रदेश में सब सामान्य है। उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती करने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इससे आम जनता के लिए डीजल, पेट्रोल व गैस के दाम स्थिर बने रहेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी देश पर किसी भी प्रकार की आपदा आई है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हमेशा राष्ट्र प्रथम के दृढ़ संकल्प के साथ हर मोर्चे पर देशवासियों के साथ खड़े रहे हैं। चाहे कोरोना काल हो, अफगानिस्तान संकट हो या अन्य किसी प्रकार की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियाँ—हर बार उन्होंने देश की जनता को एकजुट किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी शांति( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## भाजपा गलती से बंगाल में सत्ता में आई तो बुलडोजर चलाकर लोगों को तबाह कर देगी-ममता



कोलकाता, 28 मार्च (निस) पश्चिम बंगाल में चुनावी हलचल तेज हो गई है। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी रैली में कहा कि अगर बीजेपी राज्य में सत्ता में आती है तब बंगाल को तबाह करेगी और देश में अपनी सत्ता खो देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निर्वाचन आयोग बीजेपी के इशारे पर काम कर रहा है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि एसआईआर बीजेपी के लिए मौत की घंटी साबित होगा और लोकतंत्र के लिए खतरा है।चुनावी रैली में उन्होंने दावा किया कि बीजेपी के बंगाल में सत्ता में आने पर बुलडोजर चलाकर लोगों को बाहर निकाल देगी। ममता ने मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा का भी जिक्र कर आरोप लगाया कि प्रशासन ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि टीएमसी सत्ता में लौटने( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# वोट के खातिर घुसपैठिए का समर्थन कर रही ममता....ये घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए खतरा

### अमित शाह ने ममता सरकार के खिलाफ 'आरोप पत्र' जारी किया



**कोलकत्ता 28 मार्च ( निस )।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल तेज होता दिख रहा है। इस संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजधानी कोलकाता में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भारतीय जनता पार्टी) का 'आरोप पत्र' जारी किया, इस बीजेपी पार्टी ने 'चार्टशीट' नाम दिया है। इस मौके पर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य भी मौजूद थे।केंद्रीय मंत्री शाह ने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला कर कहा कि पिछले 15 वर्षों में पश्चिम बंगाल में डर, भ्रष्टाचार और भेदभाव की राजनीति हावी रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने राज्य को अराजकता की स्थिति में पहुंचा दिया है, जहां कानून-व्यवस्था कमजोर हुई है, महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हुए हैं और भ्रष्टाचार पूरे सिस्टम में गहराई तक फैल चुका है। केंद्रीय मंत्री शाह के अनुसार, यह चुनाव डर और विश्वास के बीच का चुनाव है, जिसमें जनता बदलाव चाहती है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, बंगाल में मतदान दो चरणों में होना हैं, पहला चरण 23 और दूसरा चरण 29( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल सिंह का लंबी बीमारी उपरांत निधन, शोक की लहर



पटियाला/चंडीगढ़ 28 मार्च (निस) पंजाब कांग्रेस के सीनियर नेता, पूर्व मंत्री लाल सिंह (82) का आज निधन हो गया। उन्होंने मोहाली के मैक्स हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली, जहां पिछले कुछ दिनों से उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर से पॉलिटिकल दुनिया में दुख की लहर दौड़ गई है। सरदार लाल सिंह पंजाब कांग्रेस के सीनियर नेताओं में से एक थे, जिनका पिछले 40 सालों से पंजाब की पॉलिटिक्स में दबदबा था। लाल सिंह डकाला विधानसभा क्षेत्र और फिर सनौर विधानसभा क्षेत्र से 7 बार MLA रहे और कई बार कैबिनेट मंत्री भी रहे। वे करीब एक दर्जन डिपार्टमेंट में मिनिस्टर रहे। वे कैप्टन सरकार में फाइनेंस मिनिस्टर भी थे। इसके साथ ही, वे मंडी बोर्ड के चेयरमैन और पंजाब कांग्रेस के वर्किंग प्रेसिडेंट भी थे। उनका पैतृक गांव पटियाला के पास जोगीपुर है।

# पीएम मोदी ने श्रीलंका के आग्रह पर पेट्रोलियम पदार्थों की भारी खेप भेजी



नई दिल्ली, 28 मार्च (निस) पश्चिम एशिया संकट की वजह से भारत के तमाम पड़ोसी भयंकर ऊर्जा संकट के दौर से गुजर रहे हैं। इस सूची में श्रीलंका का नाम भी इसमें शामिल हैं, जिसने भारत से मदद मांगी और भारत ने फिर अच्छा पड़ोसी बनकर दिखाया। भारत ने श्रीलंका की मांग पर तत्काल 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम पदार्थ भेजा है। इसमें 20,000 मीट्रिक टन डीजल और 18,000 मीट्रिक टन पेट्रोल शामिल है। कोलंबो में भारतीय उच्चायुक्त के हवाले से यह जानकारी सामने आई है।बताया जा रहा हैं कि श्रीलंका को भारत से यह मदद श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और पीएम मोदी के बीच 24 मार्च को फोन पर हुई बात के बाद मिली है। उस बातचीत में दोनों नेताओं के बीच पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को लेकर चर्चा हुई थी। दोनों नेताओं ने युद्ध की वजह से वैश्विक सप्लाई चेन में आई रुकावट को देखते हुए आपसी ऊर्जा सहयोग पर सहमति जाहिर की थी। पीएम मोदी और दिसानायके के बीच हुई बात से एक दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर और श्रीलंकाई विदेश मंत्री विजिता हेराथ के बीच भी फोन पर चर्चा हुई थी। यह जानकारी भी श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त की ओर से दी गई है।श्रीलंका ने भारत से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के माध्यम से 38,000 एमटी रेस्क्यू सप्लाई का आग्रह किया था। रिपोर्ट के अनुसार भारत सरकार( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने किया साफ....पीएम मोदी और ट्रंप के बीच चर्चा हुई,मस्क शामिल नहीं

**नई दिल्ली 28 मार्च ( निस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई फोन पर हुई बातचीत को लेकर उठी तमाम अटकलों पर विराम लगाकर विदेश मंत्रालय ने अपना बयान जारी किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि इस संवाद का केंद्र केवल आपसी सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता था। यह बातचीत केवल पीएम मोदी और ट्रंप के बीच हुई थी। व्हाइट हाउस ने पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत का जिक्र कर कहा कि दोनों नेताओं के बीच सार्थक संवाद हुआ। जबकि अमेरिकी अखबार में रिपोर्ट दी कि पीएम मोदी और ट्रंप ने जंग स्थिति पर बातचीत की, तब अरबपति कारोबारी एलन मस्क भी फोन पर उनके साथ मौजूद थे। लेकिन विदेश मंत्रालय ने इस बात का खंडन किया है।' व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप के प्रधानमंत्री मोदी के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं और बातचीत सार्थक रही। जबकि अमेरिकी अखबार ने रिपोर्ट की कि अमेरिका के अज्ञात अधिकारियों के हवाले से खबर( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# पश्चिम एशिया संकट पर राजनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक,ईंधन आपूर्ति और एलपीजी संकट पर मंथन



**नई दिल्ली 28 मार्च ( निस )** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ईरान से जुड़े हालात के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार शाम एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक मंत्रियों के अनौपचारिक समूह (इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप) की पहली बैठक थी, जिसमें देश पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू और परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहे।सूत्रों के अनुसार, बैठक में देश में ईंधन आपूर्ति की स्थिति, एलपीजी की संभावित कमी और अंतरराष्ट्रीय संकट के आर्थिक प्रभाव जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। सरकार ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न विकल्पों और रणनीतियों पर विचार किया। शुक्रवार को किया गया इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप का गठन गौरतलब है कि 27 मार्च शुक्रवार को ही राजनाथ सिंह की अगुवाई में इस इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप का गठन किया गया था, जिसका उद्देश्य पश्चिम एशिया में बिगड़ते हालात( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर कांग्रेस में बगावत,पार्टी छोड़ सकते हैं विधायक

### ☛ कांग्रेस ने पांच विधायकों को जारी किए नोटिस, 30 को दिल्ली में बैठक



**नई दिल्ली 28 मार्च( निस )** हरियाणा में हाल ही में संपन्न हुए राज्यसभा चुनावों के बाद कांग्रेस में अंदरूनी कलह और बगावत खुलकर सामने आ गई। क्रॉस वोटिंग के मुद्दे पर पार्टी द्वारा उठाए गए सख्त कदमों के बाद अब कई विधायकों के पार्टी छोड़ने की अटकलें तेज हो गई हैं। हरियाणा में 16 मार्च को राज्यसभा की सीटों के लिए मतदान हुआ था। कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को अपना उम्मीदवार बनाया था, जबकि बीजेपी ने निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को अपना समर्थन दिया था।इस चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार कर्मवीर सिंह बौद्ध को एक वोट से जीत मिली, लेकिन कांग्रेस के पांच विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी और इसके चलते बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को 27 वोट मिले थे। इस मामले में कांग्रेस ने क्रॉस वोटिंग करने वाले पांच विधायकों को नोटिस जारी किया। इस नोटिस के बाद विधायकों ने बागी तेवर अपना लिए हैं और पार्टी में फूट पड़ने की नौबत आ गई है। जिनको नोटिस दिया गया है इनमें से चार के नाम पार्टी के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने 18 मार्च को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सार्वजनिक किए जिनमें शैली चौधरी, रेनू बाला, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद इजराइल के नाम शामिल हैं। पांचवें विधायक का नाम सार्वजनिक रूप से नहीं बताया गया, लेकिन सूत्रों के मुताबिक इसमें रतिया के जरनैल सिंह का भी जिक्र था।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नोटिस पाने वाले विधायकों में से मोहम्मद इलियास ने सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात की थी और शुक्रवार को वह केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी मिलने गए थे। खट्टर को लेकर माना जाता है कि अब भी उनका हरियाणा बीजेपी पर होल्ड है और उनकी सलाह पर ही सीएम सैनी अहम फैसले लेते हैं। ऐसे में लगातार दो मुलाकातों के चलते चर्चा है कि इलियास कांग्रेस छोड़ सकते हैं। वहीं मोहम्मद इजराइल का कहना है कि मुझे कांग्रेस का उम्मीदवार ही पसंद नहीं था। दो अन्य विधायकों का कहना है कि हमने क्रॉस वोटिंग नहीं की है।इस बीच शुक्रवार को साढौरा से कांग्रेस विधायक रेनू बाला ने पार्टी के कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया। रेनू बाला ने अपने ऊपर लगे क्रॉस-वोटिंग के आरोपों को भ्रामक और उनके खिलाफ चलाए जा रहे एक प्रेरित अभियान का हिस्सा बताया है। उन्होंने स्पष्ट( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अयोध्या के लिए तीर्थ यात्रियों की अंबाला से विशेष ट्रेन को किया रवाना

### अप्रैल के आखरी सप्ताह में नादेड़ साहब ( महाराष्ट्र ) के लिए भी जाएगी श्रद्धालुओं की ट्रेन




**अम्बाला, 28 मार्च ( रवि पाहुजा ):** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज अंबाला से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्रियों की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अगले महीने अप्रैल के आखरी सप्ताह में श्री हजूर साहिब गुरुद्वारा ( नांदेड़, महाराष्ट्र) के लिए तीर्थ यात्रियों हेतु विशेष ट्रेन जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन पूरे हरियाणा के लिए एक ऐतिहासिक और भावुक क्षण है। भगवान श्रीकृष्ण की इस पावन धरा से भगवान श्रीराम की जन्मभूमि, अयोध्या धाम के लिए इस विशेष तीर्थ ट्रेन को रवाना कर रहे हैं, तो उनको बड़े गर्व और गौरव का अनुभव हो रहा है। उन्होंने यात्रियों को बधाई देते हुए कहा कि अयोध्या में बना भगवान श्रीराम जी का दिव्य, भव्य एवं नव्य मंदिर भारत का गौरव है। हम सबके पुण्य कर्मों का ही फल है कि हम अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हैं और अब उनके दर्शन के लिए जाने का सौभाग्य मिला है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अयोध्या की यह यात्रा केवल एक भौतिक सफर नहीं है, यह एक आध्यात्मिक परिवर्तन की यात्रा है। जब आप सरयू नदी के तट पर खड़े होंगे, जब आप हनुमानगढ़ी के दर्शन करेंगे और जब आप उस भव्य राम मंदिर की दहलीज को छुएंगे, तो आपको उस ऊर्जा का अनुभव होगा जिसने भारत को विश्व गुरु बनाया था। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने तीर्थ यात्रा के लिए रेलवे के साथ अनुबंध किया है। उसके बाद आज पहली ट्रेन से सात जिलों के 700 से अधिक बुजुर्गों को भेजा जा रहा है। इस यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए ट्रेन में खान-पान और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## पृष्ठ एक का शेष...

**प्रधानमंत्री मोदी ने किया जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन....**इस एयरपोर्ट के पहले चरण में एक रनवे और एक टमिज़्नल बनाया गया है, जिसकी सालाना क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों की है। भविष्य में इसे बढ़ाकर 7 करोड़ यात्रियों तक करने की योजना है प्रधानमंत्री ने इसे देश के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आत्मनिभज़्र भारत की दिशा में एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्रीय विकास, रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा करेगी। यह एयरपोटज़् न केवल दिल्ली-एनसीआर के बढ़ते हवाई यातायात को संभालने में मदद करेगा, बल्कि क्षेत्रीय आथिज़्क विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा।

**अखिलेश पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा, सत्ता जाने के डर के कारण कभी नोएडा नहीं आए** - नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर तंज कस दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि नोएडा को पहले की सरकारों ने अंधविश्वास के कारण अपने हाल पर छोड़ दिया गया था। कुर्सी जाने के डर से सीएम यहां आने से डरते थे। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे याद है, जब उत्तरप्रदेश में सपा की सरकार थी और मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया। तब मुख्यमंत्री इतने डरे हुए थे कि वहां उस कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे भी लोगों ने डराने की कोशिश की कि नोएडा मत जाओ मोदी जी, अभी-अभी प्रधानमंत्री बने हो। तब मैंने कहा इस धरती का आशीर्वाद लेने जा रहा हूं जो मुझे लंबे समय तक सेवा करने का मौका देगी। अब वहीं इलाका पूरी दुनिया का स्वागत करने को तैयार है। ये पूरा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त कर रहा है।वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में किसानों की अहम भूमिका है। आज मैं विशेष रूप से अपने उन किसानों का दिल से धन्यवाद करना चाहूंगा जिन्होंने एयरपोर्ट परियोजना के निर्माण के लिए अपनी जमीन दी है। आपके योगदान से पूरे क्षेत्र में विकास का एक नया दौर शुरू होने वाला है। आधुनिक कनेक्टिविटी के विस्तार से पश्चिमी यूपी में खाद्य प्रसंस्करण की संभावनाएं मजबूत होंगी। अब कृषि उत्पाद वैश्विक बाजारों में और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकते है। अमेरिका-ईरान जंग की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं अपने किसानों का एक और बात के लिए धन्यवाद करना चाहूंगा। आपके गन्ने से उत्पादित इथेनॉल ने कच्चे तेल पर देश की निर्भरता कम हुई है। यदि इथेनॉल का उत्पादन और पेट्रोल में इसकी ब्लेंडिंग (मिश्रण) न बढ़ी होती, तब देश को हर साल विदेशों से 4.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल आयात करना होता। हमारे किसानों की कड़ी मेहनत ने संकट के दौरान देश को बड़ी राहत दी है। देश को इथेनॉल से लाभ हुआ है और किसानों को भी बहुत फायदा पहुंचा है। करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। इथेनॉल के बिना यह पैसा विदेशों में चला जाता।

**वोट के खातिर घुसपैठिए का समर्थन कर रही ममता....** अप्रैल को संपन्न होगा, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी। इस पृष्ठभूमि में भाजपा ने अपने आरोप पत्र के जरिए टीएमसी सरकार के खिलाफ व्यापक मुद्दे उठाने की कोशिश की है।

बंगाल पहुंचें केंद्रीय मंत्री शाह ने विशेष रूप से 'घुसपैठ' के मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़कर गंभीर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल देश का एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है, जहां से घुसपैठिए भारत में प्रवेश कर रहे हैं और विभिन्न हिस्सों में अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। उनके अनुसार, सीमावर्ती क्षेत्रों से हो रही यह गतिविधि देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। उन्होंने दावा किया कि असम में भाजपा सरकार बनने के बाद वहां घुसपैठ पर काफी हद तक नियंत्रण किया गया है, जबकि पश्चिम बंगाल में यह समस्या अभी भी जारी है।केंद्रीय मंत्री शाह ने ममता सरकार पर आरोप लगाया कि केंद्र के बार-बार अनुरोध के बावजूद राज्य सरकार ने सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दी। उन्होंने ममता की इस रणनीति को राजनीति से प्रेरित कदम बताकर कहा कि टीएमसी घुसपैठियों को अपने वोट बैंक के रूप में देखती है, इसलिए इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

**पश्चिम एशिया संकट पर राजनाथ की अध्यक्षता ...** के भारत पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन करना और आवश्यक कदम उठाना है। इससे पहले शुक्रवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों व उपराज्यपालों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में कहीं भी लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है।


**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**



कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227


**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अयोध्या के लिए तीर्थ यात्रियों की ...** हैं। इसके लिए वे रेलवे विभाग के अधिकारियों का भी धन्यवाद करते हैं जिन्होंने विशेष प्रबंधों को सुनिश्चित किया ताकि हमारे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह संकल्प है कि प्रदेश के बुजुर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के श्रद्धालु, धन के अभाव में तीर्थ यात्रा से वंचित न रहें। इसी उद्देश्य से सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत की है। आज की यह ट्रेन उसी वादे और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कैथल, करनाल, अम्बाला और जींद से बसों के माध्यम से अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करवाए थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या जैसे तीर्थ भारतीय संस्कृति के जीवन की ऊर्जा के स्रोत हैं। भारतीय सभ्यता की पालक रही मां सिंधु नदी के दर्शन के लिए भी स्वर्ण जयन्ती सिन्धु दर्शन योजना चलाई जा रही है। इसके तहत 10 हजार रुपये प्रति तीर्थ यात्री (अधिकतम 50 यात्रियों तक) वार्षिक वित्तीय सहायता देने का प्रावधान है। इसी प्रकार कैलाश मानसरोवर यात्रा योजना के तहत 50 हजार रुपये प्रति तीर्थ यात्री (अधिकतम 50 यात्रियों तक) वार्षिक वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वर्ण जयंती गुरु दर्शन यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब गुरुद्वारा (नांदेड), श्री ननकाना साहिब, श्री हेमकुण्ड साहिब और श्री पटना साहिब जाने वाले प्रदेश के तीर्थ यात्रियों को 6 हजार रुपये प्रति तीर्थ यात्री वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने सभी तीर्थ यात्रियों को मंगलमयी यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग ने मुख्यमंत्री का यहां पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत हरियाणा के वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या धाम के लिए रवाना करने का काम किया है। यह क्षण न केवल हमारे बुजुर्गों के लिए, बल्कि पूरे हरियाणा के लिए गौरव का क्षण है। माननीय मुख्यमंत्री जी की दूरदर्शी सोच और संवेदनशील नेतृत्व की वजह से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया जा रहा है। पहले इस योजना के तहत हजारों बुजुर्गों को हरियाणा परिवहन विभाग की लग्जरी बसों से अयोध्या समेत विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए जा चुके हैं। अब आपने इस योजना का विस्तार करते हुए आरआरसीटीसी के साथ एमओयू साइन कर ट्रेन यात्रा को भी शामिल कर दिया है। इससे अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है, देश के विभिन्न पावन स्थलों के दर्शन निशुल्क कर सकेंगे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार लगातार ऐसे कल्याणकारी कदम उठा रही है जो समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहे हैं। इस योजना के विस्तार से न केवल धार्मिक यात्राएं आसान होंगी, बल्कि हमारे बुजुर्गों को सम्मानजनक और आरामदायक यात्रा का अवसर भी मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल, पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान, सूचना , जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग ,मुख्यमंत्री के ओएसडी विवेक कालिया, मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाईजर प्रवीन अत्रे, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एडीआरएम डी.एस. मीणा, सीआरएम आईआरसीटीसी अरजोत सिंह सिद्धु, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, नगर परिषद अध्यक्षा स्वर्ण कौर, एस.पी. रेलवे नीतिका गहलोत, एस.पी. अम्बाला अजीत सिंह सेखावत, एडीसी विराट, एसडीएम अम्बाला छावनी विनेश, भाजपा पदाधिकारी बलविन्द्र सिंह शाहपुर, मदन लाल शर्मा, बलित नागपाल, यात्रा इंचार्ज राजीव मित्तल के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर कांग्रेस में ...** किया कि उन्होंने पार्टी के निर्देशानुसार कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार कर्मवीर सिंह बौद्ध को ही वोट दिया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्होंने अपना मतपत्र कांग्रेस विधायक दल के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा को दिखाया था, जो वोट सत्यापित करने के लिए अधिकृत थे। रेनू बाला के साथ ही नोटिस पाने वाले पांच विधायकों में से कुल तीन ने अपना जवाब दे दिया है। नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी और रतिया के विधायक जरनैल सिंह ने भी अपना जवाब दाखिल करते हुए क्रॉस-वोटिंग से इनकार किया और दावा किया कि उन्होंने भी हुड्डा को अपना बैलेट दिखाया था। पुन्हाना के विधायक मोहम्मद इलियास और हथीन के विधायक मोहम्मद इजराइल ने अभी तक नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया है।हथीन विधायक मोहम्मद इजराइल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि जनता तय करेगी कि मैं 2029 का चुनाव लड़ूंगा या नहीं और किस पार्टी से लड़ूंगा। मैंने जो कुछ भी किया, वह आपके और आपके बच्चों के विकास के लिए किया। मेरा कोई स्वार्थ नहीं है। मैंने यह फैसला आपके सम्मान के लिए लिया था, न कि किसी संपत्ति के लिए। इन पांचों विधायकों के भविष्य पर अंतिम निर्णय लेने के लिए अप्रैल के पहले सप्ताह में कांग्रेस की अनुशासनात्मक समिति की बैठक होने की संभावना है। बदलती राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने के लिए भूपिंदर सिंह हुड्डा ने 30 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई है। इस बैठक में नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद कर्मवीर सिंह बौद्ध के भी शामिल होने की उम्मीद है। इन सभी घटनाक्रमों पर इंडियन नेशनल लोकदल के अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने भूपिंदर सिंह हुड्डा की भूमिका पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने पूछा कि हुड्डा ने समय रहते क्रॉस-वोटिंग करने वालों के नामों का सार्वजनिक खुलासा क्यों नहीं किया? क्योंकि वह खुद बीजेपी समर्थित उम्मीदवार को जीतने का काम कर रहे थे। चौटाला ने दावा किया कि अगर हुड्डा ने क्रॉस-वोटिंग की जानकारी दी होती, तो इनेलो अपने दोनों वोट कांग्रेस के दलित उम्मीदवार के समर्थन में डालती। कुल मिलाकर हरियाणा कांग्रेस के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। माना जा रहा है कि दूसरी तरफ बीजेपी कांग्रेस के इस आंतरिक असंतोष का फायदा उठाने की पूरी तैयारी में है। अगर मोहम्मद इलियास और अन्य विधायक पार्टी छोड़ते हैं, तो यह राज्य में कांग्रेस के लिए बड़ा झटका साबित होगा।

**भारतीय विदेश मंत्रालय ने किया साफ....पीएम ...** दी कि ट्रंप और मोदी की फोन पर हुई बातचीत में मस्क भी शामिल हुए थे।खबर में कहा गया कि मस्क के बातचीत में शामिल होने की दो अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पुष्टि होने से संकेत मिलता है कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ संबंध फिर बेहतर हो गए हैं।

**पीएम मोदी ने श्रीलंका के आग्रह पर पेट्रोलियम ...** श्रीलंकाई आईओसी को तेल सप्लाई मेंटेन करने में सपोर्ट कर रही है। श्रीलंकाई आईओसी ने पहले मार्च के लिए पश्चिम एशिया और सिंगापुर से तेल की आपूर्ति सुनिश्चित कर रखी थी। लेकिन पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से सप्लायरों ने तेल डिलीवरी से असमर्थता जताते हुए हाथ खड़े कर दिए। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है। सामान्य दिनों में भी भारत बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका और मालदीव जैसे देशों को तेल की सप्लाई करता है। भारत संकट की मौजूदा स्थिति में भी इसी तरह से बांग्लादेश और मालदीव की भी पहले ही सहायता भेज चुका है।

**भाजपा गलती से बंगाल में सत्ता में आई तो ...** के बाद हिंसा के जिम्मेदार सभी लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। मुख्यमंत्री ममता ने तृणमूल कांग्रेस की उपलब्धियां गिनाकर कहा कि उनके शासनकाल में राज्य में स्टील और बिजली संयंत्रों का आधुनिकीकरण और ग्रीनफील्ड उद्योगों की स्थापना हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी अवैध कोयला खदानों से पैसा कमाती है और फिर टीएमसी पर चोरी का आरोप लगाती है।

# तीर्थ यात्री अयोध्या राम दर्शन के लिए रवाना, जगमोहन ने दिखाई ट्रेन को हरी झंडी

## बोले:सरकार की सुंदर पहल, सफल यात्रा की कामना की

**करनाल, 28 मार्च ( संदीप रोहिला ):** हरियाणा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना के तहत आज शाम यहां से 223 तीर्थ यात्री अयोध्या राम दर्शन के लिए रवाना हो गए। स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद ने तीर्थ यात्रियों को ले जा जाने वाली भारत गौरव टूरिस्ट एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।



इस मौके पर विधायक ने कहा कि यह केंद्र व राज्य सरकार की बहुत ही सुंदर पहल है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादा किया था उसे पूरा किया। राम लला सालों तक टेंट में रहे। राम हमारे आराध्य हैं, इष्ट हैं। राम के बिना जीवन में कुछ नहीं है। गांव का आम व्यक्ति भी सुबह उठने पर सबसे पहले राम-राम बोलता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने जीवन में मर्यादा का पालन किया। इसी कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। करनाल से बुजुर्ग अयोध्या जाकर श्री राम के दर्शन करेंगे। विधायक ने कहा कि बुजुर्ग घर की नींव होते हैं। जिस घर में बुजुर्ग नहीं हैं वहां का हाल बेहाल होता है। जहां बुजुर्ग माता-पिता खुश रहते हैं वहां भगवान भी प्रसन्न होता है। तीर्थ यात्री अयोध्या जाकर भगवान राम के भव्य स्वरूप के दर्शन करेंगे और अपने जीवन को अलौकिक रूप से चरणों में पाएंगे। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से शहर का सर्वांगीण विकास तय है। तीर्थ यात्री जब दर्शन करके लौटेंगे तो आस्था का प्रताप पूरे करनाल पर बरसेगा। इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने यात्रा के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सराहना की। कहा कि तीर्थ यात्रियों के लिए सरकार की ओर से पूरी व्यवस्था की गई। उन्होंने यात्रा मंगलमय होने की कामना करते हुए कहा कि जिस भाव के साथ वे अयोध्या जा रहे हैं वह पूरा हो। ऐसी यात्राओं से संस्कृति व परम्पराएं जागृत होती हैं। आपसी भाईचारा, सद्भाव और प्रेम भी बढ़ता है। गौरतलब है कि हरियाणा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना के तहत 812 तीर्थ यात्रियों को लेकर आज भारत गौरव टूरिस्ट एक्सप्रेस ट्रेन अंबाला से रवाना हुई। इसमें अंबाला जिला के 114, पंचकूला के 30, यमुनानगर के 77, कुरुक्षेत्र के 43, करनाल के 223, पानीपत से 151 और सोनीपत के 174 तीर्थ यात्री शामिल हैं। यह ट्रेन अंबाला से चलकर कुरुक्षेत्र होते हुए शाम पौने पांच बजे करनाल पहुंची। इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर, पार्षद हरजीत सिंह, संजीव मेहता, सुभाष कंबोज, अमृतलाल जोशी, विशेष वर्मा आदि मौजूद रहे।

# फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा पुराने व क्षतिग्रस्त तिरंगे रीसाइक्लिंग के लिए अटल सेंटर को सौंपे

**पिहोवा, 28 मार्च ( विवेक ) :** सांसद एवं फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं को राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूक किया जा रहा है, इसके साथ ही पुराने व क्षतिग्रस्त तिरंगों को एकत्रित कर पुन: नवीनीकरण के लिए एक नई पहल भी आरंभ की गई है। इस अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से क्षतिग्रस्त एवं अनुपयोगी तिरंगों का संग्रह किया जा रहा है। इन एकत्रित तिरंगों को अटल सेंटर ऑफ टेक्सटाइल रीसाइक्लिंग एंड सस्टेनेबिलिटी, पानीपत को विधिसम्मत पुन: नवीनीकरण (रीसाइक्लिंग) के लिए सौंपा गया है।




इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखते हुए उसके सम्मानजनक निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी, मेजर जनरल असीम कोहली (सेवानिवृत्त) ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि देश की अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। ऐसे में जब तिरंगा क्षतिग्रस्त या अनुपयोगी हो जाता है, तो उसका सम्मानपूर्वक निस्तारण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने इस अभियान में सहयोग करने के लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल एवं उनकी टीम, जेएमआईईटीआई रादौर के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा और समाजसेवी कपिल मित्तल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की यह पहल न केवल तिरंगे के सम्मान को बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से भी एक सकारात्मक प्रयास है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया जा रहा है कि तिरंगे का उपयोग और उसका निस्तारण दोनों ही मर्यादा और नियमों के अनुसार होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल ने आम जनमानस को तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाने के लिए एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है। उनके मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 के तहत पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आमजन के बीच तिरंगे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल के माध्यम से सांसद नवीन जिन्दल का उद्देश्य तिरंगे के बारे में जागरूकता, राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को जन-जन तक पहुंचाना और इसे जनभागीदारी का अभियान बनाना है, ताकि हर नागरिक राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा को बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभा सके।

**हरियाणा में पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी ...** प्रयासों को आगे बढ़ाने और भारतीय हितों की रक्षा के लिए अन्य देशों के सभी संबंधित नेताओं के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम और भारतीय प्रथम की इस नीति की पहली सफलता अपने नागरिकों को वापस लाने और अपने व्यापारिक हितों को स्ट्रेट ऑफ होरमुज से गुजारने के माध्यम से मिली थी और अब एक्साइज ड्यूटी में कटौती करके दुष्प्रभाव को कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल व गैस की कोई कमी नहीं है। इसलिए लोगों को घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अनुरोध किया कि आप घबराकर खरीदारी करने से बचें ताकि व्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ न पड़े।मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने स्वयं इस संबंध में पेट्रोलियम कंपनियों के साथ बैठक की है। प्रदेश में पेट्रोल, डीजल व गैस की आपूर्ति की स्थिति इस समय भी वैसी ही है, जैसी 4 महीने पहले थी। वर्तमान में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य में कुल 4 हजार 32 सरकारी पेट्रोल पंप संचालित हैं, जहां प्रतिदिन औसतन 4 हजार 804 किलो लीटर पेट्रोल और 12 हजार 3 किलो लीटर डीजल की बिक्री हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा टर्मिनल संचालन बढ़ाया गया है। डिस्पैच तेज किए गए हैं, फील्ड अधिकारियों की तैनाती की गई है और सुबह के समय सप्लाई को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे स्थिति सामान्य है। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश में रसोई गैस की स्थिति भी पूरी तरह संतोषजनक है। राज्य में प्रतिदिन लगभग 2 लाख सिलेंडर प्राप्त हो रहे हैं और लगभग 1 लाख 90 हजार सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। बॉटलिंग प्लांट्स पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और रिफिल के लिए शहरों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के नियम का पालन किया जा रहा है। कमर्शियल एल.पी.जी की आपूर्ति भी की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अस्पतालों, स्कूलों और अन्य आवश्यक संस्थानों में गैस की किसी भी प्रकार की कमी न हो।श्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि वर्तमान में, कुल 1 लाख 73 हजार कमर्शियल सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल एल.पी.जी. के क्षेत्र में 70 प्रतिशत आवंटन ढांचा बनाया गया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में घरेलू LPG की देश में की जा रही प्रोडक्शन को 40 प्रतिशत से बढ़ा दिया है, ताकि आयात पर निर्भरता कम हो जाए।उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। गत 24 मार्च तक 928 एल.पी.जी. सिलेंडर व 4 वाहन कब्जे में लिए गए हैं, 66 आरोपियों की पहचान की गई है और 8 एफ.आई.आर दर्ज की गई हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई गई है तथा अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश सरकार ने गैस की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने के लिए एक और अहम कदम उठाया है।उन्होंने बताया कि वर्तमान में, हरियाणा में PNG गैस पाइपलाइन बिछाने पर 3 लाख रुपये प्रति किलोमीटर का लीज रेंट 10 साल के लिए अग्रिम लिया जाता है। सरकार ने इसे 1 हजार रुपये प्रति किलोमीटर एकमुश्त करने का निर्णय लिया है। इससे गैस कंपनियों और आम जनता को भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि राज्य में इस समय 28 हजार 377 किलोमीटर लंबी पी.एन.जी. पाइपलाइन बिछी हुई है। अब इस काम में और तेजी आएगी।प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हरियाणा LPG से PNG की ओर तेजी से बढ़ रहा है। सरकार ने प्रदेश में पी.एन.जी के लिए 13 लाख 33 हजार 603 का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके मुकाबले 5 लाख 59 हजार 761 कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। इनमें से 3 लाख 32 हजार 162 कनेक्शन चालू भी हो गए हैं। शेष 2 लाख 27 हजार 599 कनेक्शन चालू करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने PNG नेटवर्क बढ़ाने के लिए Deemed Permission का प्रावधान कर दिया है। घरेलू कनेक्शन की संख्या आने वाले तीन माह में डबल कर दी जाएगी। जहां तक सी.एन.जी की बात है तो राज्य में 586 सी.एन.जी स्टेशन हैं। इसका पाइपलाइन नेटवर्क 28 हजार 377 इंच-किलोमीटर है। विभिन्न जिलों जैसे भिवानी, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, झज्जर, करनाल और कैथल में पाइपलाइन बिछाने का काम तेजी से प्रगति पर है।मुख्यमंत्री ने बताया कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के क्षेत्र में भी हरियाणा मजबूत स्थिति में है। प्रदेश में 455 कि.मी. लंबी छायंसा-झज्जर-हिसार पाइपलाइन, 921 कि.मी. लंबी दादरी-बवाना-नांगल पाइपलाइन, 132 कि.मी. लंबी दादरी-पानीपत पाइपलाइन हैं। साथ ही, एच.वी.जे-जी.आर.ई.पी.-डी.वी.पी.एल नेटवर्क पूरी तरह संचालित हैं, जबकि मेहसाणा-बठिंडा पाइपलाइन आंशिक रूप से चालू है।इसके अतिरिक्त, पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों में रेवाड़ी-कानपुर, जामनगर-लोनी और मुंद्रा-दिल्ली पाइपलाइन पूरी तरह कार्यरत हैं, जबकि पियाला-जेवर पाइपलाइन का निर्माण कार्य जारी है। कुल मिलाकर, हरियाणा में पेट्रोल, डीजल और घरेलू एल.पी.जी की आपूर्ति पूरी तरह स्थिर है और किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है।श्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि कल ही उन्होंने सभी जिला उपायुक्तों से बैठक कर पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति के बारे में जानकारी प्राप्त की है, कहीं कोई कमी नहीं है।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रधानमंत्री ने भी इस विषय में विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से कल ही संवाद करके स्थिति का जायजा लिया है। साथ ही, उन्होंने विश्वास दिलाया है कि केंद्र सरकार पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति को निर्बाध व पर्याप्त बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान हालातों में आने वाली लोगों की समस्या सुनने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर तथा उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तर पर वॉर -रूम स्थापित किये गए हैं।मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि आप वर्तमान स्थिति में प्रधानमंत्री के संकल्प को समझे और इस समय सरकार के प्रयासों में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि वर्तमान स्थिति, सरकार के संकल्प और उठाए गए ठोस कदमों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाए ताकि, प्रदेश के लोग पूरी तरह जागरूक और सूचित रह सकें। श्री नायब सिंह सैनी ने पेट्रोलियम पदार्थों की कमी का भ्रम फ़ैलाने वाले विपक्षी नेताओं से आग्रह किया कि वे जनता को भ्रमित न करें , बल्कि आपदा के समय सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आपदा में भी राजनीति तलाशना कांग्रेस का हमेशा से एजेंडा रहा है , लेकिन लोग उनके बहकावे में नहीं आएंगे।

# बेरी वाली मने न्यू बोली.... के बोली, तेरा कर दूंगी बेड़ापर......
## मैया थामने कोन सजायो जी, बेरी वाली कौन सजाया जी, थारा टाबर लाया चुंदड़ी....

**माता भीमेश्वरी देवी ( बेरी वाली ) सेवा ट्रस्ट पंचकुला द्वारा करवाई गई 6वीं चौंकी मे उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**





**पंचकुला, 28 मार्च ( सतीश मंगला ) :** कुलदेवी मां बेरी वाली के आशीर्वाद से चल रहा माता भीमेश्वरी देवी (बेरी वाली) सेवा ट्रस्ट द्वारा 27 मार्च दिन शुक्रवार को कुलदेवी मां बेरी वाली जी पंचकुला सैक्टर 7 दुर्गा मंदिर मे 6वी भव्य एवं विशाल चौंकी करवाई गई। माता भीमेश्वरी देवी बेरी वाली सेवा ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टियों द्वारा ज्योति प्रचण्ड कर कुलदेवी मां बेरी वाली के जयकारा लगाकर विधि विधान से शुरुआत की गई। प्रसिद्ध हरियाणवी भजन गायक राजफूल कुचरानिया द्वारा कुलदेवी मां बेरी वाली की प्रसिद्ध भेंटो का गुणगान किया गया। म्हारे री बगड़ मे आयो मेरी मां आयो मेरी मां। आ के दर्श दिखाएं मेरी मां। में तो बेरी धोकन जाऊंगी मेरा जिया न लागे घर मे..... बेरी वाली मने न्यू बोली, के बोली तेरा कर दूंगी बेड़ापर..... मैया थामने कोन सजायो जी, बेरी वाली कौन सजाया जी, थारा टाबर लाया चुंदड़ी....,प्यारा सजा है दरबार मां बेरी वाली....जैसी प्रसिद्ध माता की भेंटो ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को भक्ति विभोर कर झूमने व नाचने पर मजबूर कर दिया। बेरी वाली माता की जय, भीमेश्वरी देवी की जय के जयकारों बीच उपस्थित भक्तसमूह गगन गुंजायमान कर रहे थे। माता भीमेश्वरी देवी बेरी वाली सेवा ट्रस्ट द्वारा जानकारी मे बताया गया ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य कुलदेवी मां बेरी वाली जी की भक्ति कर प्रचार प्रसार करना है। ट्रस्ट द्वारा हर छठे महीने कुलदेवी मां बेरी वाली जी की भव्य चौंकी व हर छठे महीने कुलदेवी मां बेरी वाली जी के धाम बस यात्रा भेजी जाती है। माता की चौंकी मे उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने ट्रस्ट के कार्यों की बहुत सराहना की। इस अवसर माता भीमेश्वरी देवी (बेरी वाली) सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी सहित समाज से महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट के प्रधान जगमोहन गर्ग, शिवकुमार अग्रवाल जी, अग्रवाल भवन (हरिद्वार) के प्रधान राजेंद्र गुप्ता, सब की सेवा, रब की सेवा ट्रस्ट के महासचिव एडवोकेट संजय कुमार जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश बिहारी गुप्ता, माता मनसा देवी सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप गुप्ता, महासचिव रमन सिंगला, श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश बंसल, पवन बंसल, सुधीर दयाल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, हेमंत जिंदल, सतीश मंगला, श्री कृष्ण कृपा परिवार पंचकुला ट्रस्ट के चेयरमैन शाम लाल बंसल, प्रधान परविंदर ढींगरा, महासचिव धर्मपाल सिंगला, कोषाध्यक्ष नीरज मित्तल, दीपक लूथरा, वृषभान गर्ग, वनीत जैन, संजय गर्ग, सुभाष सिंगला, सतीश जिंदल,एम पी अरोड़ा, ओपी पाहवा, श्री राधे कृपा परिवार से राकेश गुप्ता, विजय गर्ग, हैपी गुप्ता, प्रदीप गर्ग, सुरेंद्र सिंगला, अभिषेक गुप्ता, विशाल गोयल, श्री दुर्गा मंदिर सभा के कोषाध्यक्ष सत्यभगवान सिंगला, योगराज बंसल,वीरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, महामंत्री जय कौशिक, दीपक गर्ग, पंचकुला सैक्टर 7 की मार्किट के प्रधान अमित गोयल, अनिल थापर, उमेश सूद, पूर्व पार्षद सोनिया सूद, बेनो राय, पुष्पा लाकरा, भजन गायक विजय गर्ग, सक्षम महिला सेवा संस्था पंचकुला की प्रधान मंजू चंदेल, सीखा बिंदल, प्रसिद्ध भजन गायक बहन सुषमा शर्मा, मंजु बंसल, सुमन बंसल समेत अन्य सदस्य व श्रद्धालु परिवार सहित उपस्थित रहे।

## एलपीजी गैस के संबंध में शिकायत व समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 01744-294418 पर करें संपर्क



**कुरुक्षेत्र, 28 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने कहा कि एलपीजी गैस के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत व समस्या के लिए जिला खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर 01744-294418 जारी किया है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कोई भी नागरिक इस नंबर पर फोन करके अपनी रिपोर्ट दर्ज करवा सकता है। उस रिपोर्ट के आधार पर उनकी समस्याओं व शिकायतों का विभाग की तरफ से समाधान किया जाएगा। इस टोल फ्री नंबर के लिए विभाग के कर्मचारी राघव व रोहित की ड्यूटी तय की है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने कहा कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार एलपीजी की कालाबाजारी, जमाखोरी व अनाधिकृत प्रयोग रोकने के लिए उपमंडल स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए हुए हैं। ये नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि थानेसर, झांसा, अमीन, कुरुक्षेत्र व पिपली के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी रामपाल, लाडवा व बाबैन के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी बृजमोहन, शाहाबाद व ठोल के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी चरणजीत व निरीक्षक गौरव अरोड़ा और पिहोवा व इस्माईलाबाद के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी जसबीर सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

**ऑनलाइन प्रक्रिया से सरेंडर करे एलपीजी कनेक्शन** - जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने कहा कि भारत पेट्रोलियम शेपिंग द्वारा एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने की ऑनलाइन प्रक्रिया जारी की है। यह एक आसान डिजिटल प्रोसेस है। इससे प्रक्रिया से कोई भी अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर सकता है। इसके लिए किसी डीलरशिप विजिट की जरूरत नहीं है। इसके लिए माई पीएनजीडी डॉट इन वेबसाइट पर जाएं। इसके बाद पिकअप, डॉक्यूमेंटेशन और रिफंड डिस्ट्रीब्यूटर का चयन करें। इस समय जिला के पीएनजी के 8500 कनेक्शन है।

**ढाबा व रेस्टोरेंट को करना होगा पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन** - जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने कहा कि ढाबा व रेस्टोरेंटों ने पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा। इस आवेदन की प्रति दिखाकर कमर्शियल सिलेंडर मिल पाएंगे। यह सिलेंडर तब तक मिलेगी जब तक पीएनजी कनेक्शन नहीं हो जाता। अगर किसी ढाबे या रेस्टोरेंट पर पीएनजी कनेक्शन लगना मुश्किल है और संबंधित एजेंसी इसका प्रमाण पत्र दे देती है तब संबंधित ढाबे या रेस्टोरेंट को कमर्शियल गैस सिलेंडर मिल पाएगा।

## प्यारेवाला पंचायत ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, मिला स्कॉच अवॉर्ड

**नवाचार और विकास कार्यों के दम पर सरपंच रविंद्र चौधरी की टीम को बड़ी उपलब्धि**



**रायपुररानी, 28 मार्च ( देवेन्द्र सिंह ) :** ग्राम पंचायत प्यारेवाला ने अपने उत्कृष्ट कार्यों के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। पंचायत को विकास, नवाचार और जनहितकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। सरपंच रविंद्र चौधरी ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पंचायत के हर सदस्य और गांववासियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि पंचायत द्वारा चलाए जा रहे पंचायत लर्निंग सेंटर्स और गोवर्धन प्लांट प्रोजेक्ट जैसे कार्यों को विशेष सराहना मिली है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। पंचायत भविष्य में शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी पहल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सुल्तानपुर का जल संकट, ट्यूबवेल छह दिन से बंद, ग्रामीणों ने सड़क पर फूंका गुस्सा

***बिजली और पब्लिक हेल्थ विभाग की आपसी टाल-मटोल से बढ़ी पानी की किल्लत, ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी***



**रायपुररानी, 28 मार्च ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में पिछले छह दिनों से ट्यूबवेल बंद होने के कारण ग्रामीण पानी की गंभीर किल्लत से परेशान हैं। गर्मी और पानी की कमी से तंग आकर ग्रामीणों ने शनिवार को मुख्य सड़क पर उतरकर जोरदार नारेबाज़ी की और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग और पब्लिक हेल्थ विभाग अपनी जिम्मेदारी टाल रहे हैं, जिसके कारण ट्यूबवेल का मीटर बदलने का काम लंबे समय से रुका हुआ है। बताया जा रहा है कि ट्यूबवेल की सीटी जल चुकी है, जिससे पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बिजली विभाग का कहना है कि पब्लिक हेल्थ विभाग सीटी लाकर लगाएगा, वहीं पब्लिक हेल्थ विभाग कह रहा है कि बिजली विभाग सीटी लाकर लगाएगा, जिसके चलते ग्रामीणों का रोज़मर्रा का जीवन प्रभावित हो गया है और जनता बेहद परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की कमी ने उनका दैनिक जीवन प्रभावित कर दिया है। पीने का पानी, नहाने-धोने के साधन और पशुओं के लिए पानी तक उपलब्ध नहीं है, जिससे उनकी खेती-बाड़ी भी प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन में नसीम, नजीर, रमजान, कुर्बान, अकरम, नूरदीन, मेहंदी हसन, ईसरान, इमरान, साबर अली और इरफ़ान सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने प्रशासन को सख्त चेतावनी दी कि अगर पानी की आपूर्ति तुरंत बहाल नहीं हुई, तो वे सड़क पर लंबे समय तक आंदोलन करेंगे और अपनी मांगों को उग्र रूप देकर जताएंगे।

**मरम्मत का कार्य शीघ्र संपन्न करवा लिया जाएगा : इस बारे कनिष्ठ अभियंता रायपुरानी सचिन वर्मा से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि** सुल्तानपुर ट्यूबवेल की बिजली की तार एवं सीटी खराब हो गई हैं। उक्त समस्या के लिए संबंधित बिजली विभाग को अवगत करा दिया गया है। आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र ही संपन्न करवा लिया जाएगा।

**जल्द ही ट्यूबवेल की तार और सीटी ठीक करवा दी जाएगी :** इस मामले को लेकर बिजली विभाग के जेई श्यामधर से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि तकनीकी कारणों की वजह से दिक्कत आई है। जल्द ही ट्यूबवेल की तार और सीटी ठीक करवा दी जाएगी।

## प्रशिक्षण महाभियान में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कार्यकर्ताओं में भरी नई ऊर्जा, संगठन को मजबूत करने का आह्वान

**हिसार, 28 मार्च ( ब्यूरो ) :** विधानसभा क्षेत्र के मील गेट मंडल में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत




एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक मजबूती, जनसेवा और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि किसी भी संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ता प्रशिक्षित होकर सेवा भाव से कार्य करें, तो संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं और समाज के हर वर्ग के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत एकात्म मानववाद की विचारधारा आज भी प्रासंगिक है और यह समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करती है। कार्यकर्ताओं को इसी सोच के साथ कार्य करते हुए जरूरतमंदों की सेवा को सर्वोपरि रखना चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने प्रशिक्षण महाभियान की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को न केवल वैचारिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि उन्हें संगठन की कार्यशैली, अनुशासन और जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक करते हैं। उन्होंने कहा कि एक प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम होता है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, क्योंकि समाज की अपेक्षाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं को सजग, सक्रिय और संवेदनशील रहकर जनता की समस्याओं को समझना और उनका समाधान कराने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को विभिन्न सत्रों के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर पर कार्य करने की रणनीति, जनसंपर्क बढ़ाने के उपाय तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## भाजपा नेता कपिल विज ने किया गुलाब मंडी-सुंदर नगर रोड का उद्घाटन

**अम्बाला, 28 मार्च ( रवि पाहुजा ):** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं



श्रम मंत्री अनिल विज के दिशानिर्देशों अनुसार वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी श्री कपिल विज ने कैंटोनमेंट बोर्ड के वार्ड नं. 7 में विकास कार्यों को गति देते हुए गुलाब मंडी से सुंदर नगर तक चमड़ा फैक्ट्री वाली रोड का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया। इस सड़क के बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों ने कपिल विज के समक्ष अपनी मांगें रखीं, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उन्होंने मौके पर ही मौजूद छावनी परिषद के उपाध्यक्ष अजय बवेजा और इंजीनियर सतीश गुप्ता को दूधला मंडी की सड़क बनाने व वहां पर ओपन जिम लगाने के संबंध में निर्देश दिए। कपिल विज ने जनता को आश्वस्त किया कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और लोगों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर कैंटोनमेंट बोर्ड के मनोनीत सदस्य अजय बवेजा, शास्त्री मंडल अध्यक्ष प्रवेश शर्मा, पार्षद प्रमोद लक्की, पूर्व पार्षद सनी तुली, नीलम शर्मा, दीपक भसीन और कैंटोनमेंट बोर्ड के सहायक अभियंता सतीश गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने विकास की इस पहल का स्वागत किया और क्षेत्र में हो रहे निरंतर सुधार के लिए आभार व्यक्त किया।

## खेल नर्सरी के लिए चयन ट्रायल कल

**करनाल, 28 मार्च ( परमजीत कौर ):** जिला खेल अधिकारी राजबीर रंगा ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा के निदेशक द्वारा विभागीय प्रशिक्षकों को 1 अप्रैल से खेल नर्सरी संचालन के आदेश दिए गए है। इन खेल नर्सरियों के लिए खिलाडियों का चयन करने हेतु 30 मार्च को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक जिले के विभिन्न खेल स्टेडियमों में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक खेल नर्सरी के लिए 25 मुख्य खिलाडियों और 10 प्रतीक्षा सूची के खिलाडियों का चयन किया जाएगा। ट्रायल के लिए खिलाड़ी की आयु 8 वर्ष से 19 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आयु की गणना 1 अप्रैल 2007 के बाद के आधार पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रायल के समय खिलाडियों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक की कॉपी, पैन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र / मैट्रिक सर्टिफिकेट / पासपोर्ट की प्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो व परिवार पहचान पत्र की कॉपी साथ लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि बॉक्सिंग, बास्केट बॉल, स्विमिंग, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, रेसलिंग, टेबल टेनिस, फुटबॉल, ताइक्कांडो, फेंसिंग, साइक्लिंग के लिए ट्रायल कर्ण स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

## जी.एम.एन. कॉलेज में टू वीक चैलेंज के अंतर्गत इको-फ्रेंडली उत्पादों के उपयोग विषय पर गतिविधि का आयोजन



**अंबाला, 28 मार्च ( रवि पाहुजा ) :** जी.एम.एन. कॉलेज में नेशनल एजुकेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे टू वीक चैलेंज के अंतर्गत इको-फ्रेंडली उत्पादों का प्रयोग किस प्रकार किया जाए विषय पर एक जागरूकता पूर्ण एवं रचनात्मक गतिविधि का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयुक्त रूप से संचालन प्रबंधन विभाग, समाजशास्त्र विभाग, इन्क्यूबेशन सेंटर एवं एसडीजी क्लब द्वारा किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं इको-फ्रेंडली उत्पादों के उपयोग से जुड़े अपने नवाचारपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। छात्रों ने प्लास्टिक के विकल्प, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में व्यावहारिक समाधान भी प्रस्तुत किए गए, जो दैनिक जीवन में अपनाए जा सकते हैं। प्रस्तुति के पश्चात शिक्षकों ने विद्यार्थियों के विचारों पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया तथा उत्कृष्ट विचारों का चयन कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इको-फ्रेंडली उत्पादों का उपयोग समय की आवश्यकता है। इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में जागरूकता और जिम्मेदारी दोनों को बढ़ाती हैं। ऐसे नवाचारपूर्ण प्रयास भविष्य के लिए सकारात्मक दिशा तय करते हैं।

## जीएमएन कॉलेज की छात्रा तन्वी ने राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में जीता तृतीय पुरस्कार



**अंबाला, 28 मार्च ( रवि पाहुजा ) :** जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट की छात्रा तन्वी (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अंतरकॉलेज राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता डीएवी कॉलेज, अंबाला सिटी द्वारा आयोजित की गई थी, जिसका विषय महिलाएं नवाचार और स्टार्टअप्स का नेतृत्व करते हुए था। प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। तन्वी ने अपने वक्तव्य में महिलाओं की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उनके नवाचार, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अपने आत्मविश्वास, स्पष्ट अभिव्यक्ति और तार्किक विचारों के माध्यम से उन्होंने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और तृतीय पुरस्कार हासिल किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने तन्वी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमारी छात्रा ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। तन्वी न केवल कॉलेज का नाम रोशन कर रही है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है। हमें विश्वास है कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी। गतिविधि प्रभारी एवं मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. अनुपमा सिहाग ने भी तन्वी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उसकी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास ने उसे यह सफलता दिलाई है। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


### रिक्त पद (जलकर्मी)

खण्ड नीलोखेड़ी की ग्राम पंचायत नीलोखेड़ी में ग्रामीण जलकर्मी के रिक्त पड़े अस्थाई पद को भरने के लिए दिनांक 30.03.2026 से 03.04.2026 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रम संख्या | ग्राम पंचायत का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | नीलोखेड़ी ग्रामीण | 01 |

**अनिवार्य योग्यताएं :-** **1.** इच्छुक उम्मीदवार हरियाणा के किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से दसवीं पास होना चाहिए। **2.** जलकर्मी का कार्य करने में सक्षम होना चाहिए व सरकार द्वारा सौंपे गए किसी भी अन्य कार्य को करने में सक्षम होना चाहिए। **3.** जलकर्मी को प्रतिदिन का कार्य 8 घण्टे का कार्य होगा। **4.** उम्मीदवार के पास परिवार पहचान पत्र एवं आधार कार्ड होना चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार खण्ड कार्यालय नीलोखेडी में दिनांक 30.03.2026 से 03.04.2026 तक साधारण कागज पर आवेदन पासपोर्ट साईज फोटो व योग्यताएं प्रमाण पत्रों सहित दे सकते है। **- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, नीलोखेड़ी**

# सम्पादकीय

## रुपया पस्त, जीडीपी सुस्त, महंगाई जबरदस्त

इजरायल- अमेरिका ने ईरान के ऊपर एक साथ आक्रमण किया। ईरान पर इस युद्ध का जो असर पडना था, वह पड़ रहा है। अमेरिका और इजरायल के ऊपर युद्ध के जो परिणाम सामने आने थे, वह भी सामने आ रहे हैं। भारत इन दो पाटों के बीच में पिसता हुआ नजर आ रहा है। वैश्विक निवेश फर्म गोल्डमैन ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर जो रिपोर्ट जारी की है, वह चिंता बढ़ाने वाली है। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से भारत की जीडीपी में कमी आने तथा महंगाई बढ़ने की चेतावनी दी गई है। भारतीय अर्थ व्यवस्था में सबसे बड़ी गड़बड़ी डॉलर के मुकाबले रुपया गिरने के कारण हो रही है। कच्चा तेल, गैस एवं जो भी सामान भारत आयात करता है, उसकी कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। पेट्रोल-डीजल और गैस की कीमत बढ़ने का असर सभी चीजों पर पड़ेगा। जिसके कारण भारत में महंगाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है। भारत में खाद्य पदार्थ कच्चा तेल रासायनिक खाद तथा रोजाना उपयोग में आने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण इत्यादि के आयात से भारत की ज़रूरतें पूरी हो रही हैं। भारत का आयात लगातार बढ़ता चला जा रहा है। कच्चा तेल गैस इत्यादि का आयात पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ गया है। लगभग 85 फ़ीसदी कच्चा तेल और गैस आयात करनी पड़ रही है। आयातित वस्तुओं का अधिकांश भुगतान डॉलर मुद्रा में होने से भारत के ऊपर इसका जबरदस्त प्रभाव पड़ रहा है। भारतीय रुपए की गिरावट का असर डॉलर के अलावा अन्य मुद्राओं में भी देखने को मिल रहा है। रिपोर्ट मे कहा गया है, रिजर्व बैंक आफ इंडिया को ब्याजदरों में वृद्धि करनी पड़ेगी। डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरावट चार फ़ीसदी तक आ सकती है। भारत का राजस्व चालू खाते का घाटा दो फ़ीसदी और भी बढ़ सकता है। कच्चे तेल और गैस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार मे कच्चे तेल की कीमतें न्यूनतम 105 डॉलर और अधिकतम 120 डॉलर प्रति बैरल की संभावना जताई गई है। इतना महंगा कच्चा तेल पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में था। पिछले 10 वर्ष में कच्चे तेल का भाव 60 से 70 डॉलर प्रति बेरल से अधिक कभी नहीं रहा। भारत में महंगा तेल आयात होने से विदेशी मुद्रा का संकट बढ़ेगा। राजकोषीय घाटा भी बढ़ेगा। इसके साथ-साथ महंगाई भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ेगी। अर्थव्यवस्था में लगभग एक से डेढ़ फ़ीसदी गिरावट की बात रिपोर्ट में कही गई है। इसका बड़ा असर कृषि क्षेत्र में भी पडने जा रहा है। खाद को लेकर अभी मारामारी थी। अभी जो नया संकट सामने आया है, उसके बाद खाद का संकट भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ेगा। जिसका असर कृषि उत्पादन में पड़ना तय है। पिछले चार माह में भारत का निर्यात व्यापार घटा है, जिसके कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो बदलाव हो रहे हैं उसका भारत की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। सरकार ने कभी सोचा नहीं था, अमेरिका और इजरायल का ईरान पर हमला भारत के लिए इतना भारी पड़ेगा। वर्तमान स्थिति को देखते हुए सरकार थोड़ा सजग और गंभीर हुई है। जिस तरह की स्थिति बन रही है, उसमे किसी को समझ नहीं आ रहा है, इस स्थिति से कैसे निपटा जाए। भारत पिछले कुछ वर्षों से अमेरिका और इजरायल के ऊपर आंख बंद करके आश्रित था। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान स्थिति में भारत अलग-थलग पड़ गया है। भारत के कारोबारियों का बहुत बड़ा निवेश दुबई में है। इस युद्ध का असर दुबई में बड़े पैमाने पर देखने को मिल रहा है। खाड़ी के देशों में भारत के लगभग 90 लाख से ज्यादा लोग काम करते थे, जो भारत के लिए विदेशी मुद्रा में रकम भेजते थे। युद्ध होने के कारण भारत को खाड़ी देशों से जो विदेशी मुद्रा हर महीने आती थी, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में उसकी बड़ी अहमियत थी। प्रवासी भारतीयों द्वारा जो विदेशी मुद्रा भारत को भेजी जाती थी, उसमें लगातार गिरावट आ रही है। जिसके कारण भारत का विदेशी मुद्रा भंडार का संकट लगातार बढ़ता चला जा रहा है। ब्रिक्स संगठन मे शामिल देश डॉलर मुद्रा की दादागिरी से बाहर निकलना चाहते हैं। ट्रंप की दादागिरी के विरोध में प्रत्यक्ष रूप से रूस, चीन, उत्तर कोरिया और अन्य देश सामने आए हैं। वैश्विक व्यापार संधि का अमेरिका द्वारा उल्लंघन करना, मनमाने टैरिफ लगाकर, अमेरिका ने सारी दुनिया के देशों को अपना दुश्मन बना लिया है। ऐसी स्थिति में दुनिया के देश डॉलर के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में डॉलर का एकाधिकार था। दुनिया के अधिकांश देश डॉलर मुद्रा से बाहर निकलना चाहते हैं। ऐसे समय पर अमेरिका और इजरायल के ऊपर आश्रित होकर भारत ने अपना सबसे बड़ा नुकसान किया है। ब्रिक्स संगठन के अध्यक्ष पद पर भारत है। अभी तक भारत ने इसकी बैठक नहीं बुलाई है। ईरान, अमेरिका और इजरायल के इस युद्ध में भारत की भूमिका मूकदर्शक की रही है। जिसके कारण भारत का सबसे बड़ा नुकसान होने जा रहा है। ईरान और रूस से भारत के संबंध अमेरिकी दबाव मे पहले की तुलना में बहुत नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। भारत का रूस और ईरान विश्वास नहीं कर रहे हैं। अमेरिका के साथ नजदीकी होने के कारण चीन के साथ भारत के संबंध में भी दूरियां बढ़ रही हैं। भारत को सभी मोर्चे में एक साथ लड़ना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में भारत की चुनौतियां अन्य देशों के मुकाबले अधिक हैं। अमेरिका की विश्वसनीयता सारी दुनिया में समाप्त होती जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहु के कारण इस वैश्विक संकट का सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ रहा है। भारतीय अर्थ विशेषज्ञ और भारत की विदेश नीति और कूटनीति के जानकार पिछले कई वर्षों से भारत सरकार को चेतावनी देते रहे हैं। सरकार ने अपनी नीति में कोई परिवर्तन नहीं किया। जब चीन ने भारत की सीमा पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश की। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर का, यह कहना, चीन की अर्थव्यवस्था भारत की तुलना में बहुत बड़ी है। हम चीन के साथ युद्ध नहीं लड़ सकते हैं। भारत की यह कमजोरी सारी दुनिया के देशों ने जान ली है। इसका असर वर्तमान में भारत पर होता हुआ दिख रहा है।

# जेलों में मौतें, आत्महत्या: सलाखों के पीछे भी असुरक्षित जीवन

**एडवोकेट किशन सनमुखदास**

जेलों में विचाराधीन कैदी-न्याय से पहले सजा क्या हम वास्तव में न्याय कर रहे हैं या एक और अन्याय को जन्म दे रहे हैं?

सजा का उद्देश्य प्रतिशोध नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्वास होना चाहिए ।सलाखों के पीछे भी सेफ नहीं?यह प्रश्न हमें आत्ममंथन करने के लिए मजबूर करता है

वैश्विक स्तरपर आधुनिक लोकतांत्रिक समाज में जेल का उद्देश्य केवल अपराधी को दंडित करना नहीं, बल्कि उसे सुधारना और पुनर्वास के लिए तैयार करना भी होता है। परंतु जब जेलें स्वयं ही भय,बीमारी और उपेक्षा का केंद्र बन जाएं,तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हम वास्तव में न्याय कर रहे हैं या एक और अन्याय को जन्म दे रहे हैं? सलाखों के पीछे भी सेफ नहीं?, यह केवल एक भावनात्मक प्रश्न नहीं,बल्कि कठोर वास्तविकता का दर्पण है ।अंतरराष्टीय मानवाधिकार मानकों के अनुसार,कैदियों से उनका स्वतंत्रता का अधिकार तो छीना जा सकता है,लेकिन उनका जीवन, स्वास्थ्य और गरिमा का अधिकार नहीं ।इसके बावजूद भारत सहित दुनियाँ के कई देशों में जेलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है ।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहता हूं कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित नेल्सन मंडेला नियम (यू एन स्टैंडर्ड मिनिमम् रूल्स फॉर द ट्रीटमेंट ऑ? प्रिजनर्स) स्पष्ट रूप से कहते हैं कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए ।उन्हें पर्याप्त भोजन,स्वच्छ पानी,स्वास्थ्य सुविधाएं और मानसिक स्वास्थ्य सहायता मिलनी चाहिए। लेकिन व्यवहारिक धरातल पर इन सिद्धांतों और वास्तविकता के बीच गहरी खाई दिखाई देती है। जेलें, जो सुधार गृह मानी जाती हैं,अक्सर प्रताड़ना, हिंसा और उपेक्षा के केंद्र बन जाती हैं। यह स्थिति केवल विकासशील देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि विकसित देशों में भी कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं। साथियों बात अगर हम भारत में जेलों की भीड़-एक गंभीर संरचनात्मक संकट को समझने की करें तो,भारत की जेल व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या है,क्षमता से अधिक भीड़। कई राज्यों में जेलों की ऑक्यूपेंसी दर 150 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उदाहरण के तौर पर, दिल्ली की जेलों में 200 प्रतिशत तक कैदी भरे हुए हैं, जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में यह आंकड़ा 150 प्रतिशत से अधिक है। इस भीड़ का सबसे बड़ा कारण है विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या।



आंकड़ों के अनुसार, भारत के लगभग 73.5 प्रतिशत कैदी ऐसे हैं जिनका अभी दोष सिद्ध नहीं हुआ है और वे केवल ट्रायल का इंतजार कर रहे हैं। यह स्थिति न्यायिक प्रणाली की धीमी गति और मामलों के लंबित रहने का सीधा परिणाम है। साथियों बात अगर हम विचाराधीन कैदी- न्याय से पहले सजा? इसको समझने की करें तो,विचाराधीन कैदी वह होते हैं जिन्हें अभी अदालत ने दोषी नहीं ठहराया है, फिर भी वे वर्षों तक जेल में बंद रहते हैं। यह स्थिति निर्दोषता की धारणा (प्रेसम्प्शन ऑन इनोसेंस ) के सिद्धांत के विपरीत है। न्यायिक देरी के कारण कई कैदी अपने संभावित सजा से अधिक समय जेल में बिता देते हैं। यह न केवल उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़ा करता है ।जेलों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है। डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लगभग 30-40 प्रतिशत पद खाली हैं ।दिल्ली जैसी जगहों पर प्रति 200 कैदियों पर केवल एक डॉक्टर उपलब्ध है ।इसका परिणाम यह होता है कि गंभीर बीमारियों का समय पर इलाज नहीं हो पाता। अस्वच्छता और भीड़भाड़ के कारण टीबी, एचआईवी और हेपेटाइटिस जैसी संक्रामक बीमारियां तेजी से फैलती हैं। वर्ष 2024 के पहले नौ महीनों में भारत में न्यायिक हिरासत में 1,558 मौतें दर्ज की गईं,यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, बल्कि एक गंभीर मानवीय संकट का संकेत है ।इन मौतों के पीछे मुख्य कारण हैं,बीमारियां, आत्महत्याएं और चिकित्सा सुविधाओं की बहुत हद तक कमी ।साथियों बात अगर हम छत्तीसगढ़ का मामला- एक राज्य, कई सवाल इसको समझने की करें तो छत्तीसगढ़ की जेलों में पिछले चार वर्षों में 285 कैदियों की मौत का मामला पूरे देश को झकझोर देने वाला है। इनमें से 90 मौतें केवल 2022 में हुईं और 66 मौतें जनवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच दर्ज की गईं। राज्य सरकार ने इन मौतों के पीछे आत्महत्या और गंभीर बीमारियों को कारण बताया है ।इस मामले में राष्टीय मानवाधिकार आयोग ने स्वत: संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने जेलों में भीड़भाड़, डॉक्टरों की कमी और प्रशासनिक लापरवाही को संभावित कारण बताया है। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं,तो यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा। साथियों बात अगर हम न्यायपालिका की सक्रियता- सुधार की दिशा में कदम को समझने की करें तो हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जेलों की स्थिति पर ताजा आंकड़े प्रस्तुत करने का निर्देश 26 मई 2026 तक सबमिट करने को दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने जेलों कीक्षमता भीड़भाड़ और महिला कैदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत विवरण मांगा है ।यह कदम दर्शाता है कि न्यायपालिका इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है। विशेष रूप से महिला कैदियों और उनके साथ रहने वाले बच्चों की स्थिति पर ध्यान देना एक सकारात्मक पहल है, क्योंकि यह वर्ग अक्सर नीति निर्माण में उपेक्षित रह जाता है। साथियों बात अगर हम मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्याएं- अदृश्य संकट इसको समझने की करें तो जेलों में मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ा लेकिन अनदेखा मुद्दा है। भीड़भाड़, पारिवारिक दूरी, सामाजिक कलंक और अनिश्चित भविष्य कैदियों को मानसिक रूप से कमजोर बना देता है। यही कारण है कि जेलों में आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं ।ग्लोबल प्रिजन ट्रेंड्स 2025 रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में जेलों के भीतर आत्महत्या और हिंसा के मामलों में वृद्धि हुई है। यह केवल एक देश की समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर जेल सुधार की आवश्यकता को दर्शाता है।

साथियों बात अगर हम संचार और मानवीय संपर्क- एक नई पहल इसको समझने की करें तो, कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए संचार के साधनों को बढ़ाना आवश्यक है। इसी दिशा में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा एक प्रस्ताव लाया गया है, जिसमें कैदियों को अपने परिवारजनों से मुफ्त वीडियो और ऑडियो कॉल के माध्यम से संवाद करने की अनुमति देने की बात कही गई है ।यह पहल कैदियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने और उनके सामाजिक संबंधों को बनाए रखने में मदद कर सकती है। आधुनिक तकनीक का उपयोग जेल सुधार के लिए एक प्रभावी माध्यम बन सकता है ।साथियों बात अगर हम सुधार की दिशा में आवश्यक कदम को समझने की करें तो जेल सुधार के लिए बहु आयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# मध्य पूर्व तनाव का असर: हर नागरिक को संकट में सहयोग देना होगा

**-सुनील कुमार महला**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण विश्व के कई हिस्सों में पिछले कुछ समय से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे ऊर्जा संकट की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। ऐसे समय में यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं, असीमित नहीं। इसलिए उनका उपयोग सोच-समझकर और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें अनावश्यक रूप से बर्बाद करने का अधिकार किसी को नहीं है ।इसी संदर्भ में भारत सरकार ने 26 मार्च 2026 (गुरुवार) को यह स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक और दुष्प्रचारपूर्ण खबरों पर ध्यान न दें, क्योंकि इनका उद्देश्य केवल भय और घबराहट पैदा करना है ।पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें वर्तमान में लगभग 60 दिनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस भंडार में कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद तथा भूमिगत रणनीतिक भंडारण शामिल हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि मध्य-पूर्व संकट के 27वें दिन तक देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार के अनुसार, हर नागरिक के लिए लगभग दो महीने तक निरंतर ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। इसके अतिरिक्त, सरकार ने अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद पहले से ही सुनिश्चित कर ली है। इतना ही नहीं, मीडिया के हवाले से यह भी खबरें आईं हैं कि सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटा दी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार पेट्रोल-डीजल पर ?10 की कटौती की गई है, इससे फिलहाल पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। यह अच्छी बात है कि केंद्र सरकार ने



तेल कंपनियों और आम जनता को राहत देते हुए पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपए कर दिया गया है तथा डीजल पर यह ड्यूटी पूरी तरह खत्म यानी जीरो कर दी गई है। बहरहाल, जहां कुछ देशों में ईंधन की कीमतों में वृद्धि, राशनिंग और पेट्रोल पंपों के बंद होने जैसी स्थिति देखने को मिल रही है, वहीं भारत में ऐसी कोई स्थिति नहीं है और किसी आपातकालीन कदम की आवश्यकता भी नहीं पड़ी है ।बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि संकट की इस घड़ी में समाज की वास्तविक परीक्षा एकजुटता और जिम्मेदारी में निहित होती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कोई बड़ा संकट आता है-चाहे वह महामारी हो, प्राकृतिक आपदा या आर्थिक मंदी-तब केवल आम जनता ही नहीं, बल्कि प्रशासन और व्यापारिक वर्ग की जिम्मेदारी भी कई गुना बढ़ जाती है ।दुर्भाग्यवश, ऐसे समय में कालाबाजारी और मुनाफाखोरी जैसी प्रवृत्तियां भी उभरती हैं, जो कृत्रिम कमी पैदा कर आम लोगों की कठिनाइयों को और बढ़ा देती हैं। वास्तव में,कालाबाजारी और मुनाफाखोरी समाज की आर्थिक व्यवस्था को भीतर से खोखला कर देती हैं ।यह न केवल आम जनता की जेब पर बोझ डालती है, बल्कि विश्वास की नींव को भी कमजोर करती है। आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम कमी पैदा कर कीमतें बढ़ाना नैतिक और कानूनी दोनों रूप से गलत है ।सच तो यह है कि ऐसे समय में गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में सरकार को सख्त कानून और प्रभावी निगरानी व्यवस्था लागू करनी चाहिए। साथ ही, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई से ही इसका सही समाधान संभव है। जनता को भी जागरूक रहकर ऐसे कृत्यों का विरोध करना चाहिए ।ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ व्यापार करना ही स्वस्थ समाज की पहचान है ।वास्तव में, हमें यह समझना होगा कि वास्तविक शक्ति संसाधनों को जमा करने में नहीं, बल्कि उन्हें जरूरतमंदों तक सही तरीके से पहुंचाने में है। कालाबाजारी भले ही अल्पकालिक लाभ दे, लेकिन यह समाज के विश्वास और नैतिक आधार को कमजोर करती है। इसके विपरीत, यदि व्यापारी, उद्योगपति, प्रशासन और आम नागरिक मिलकर ईमानदारी, पारदर्शिता और सहयोग का मार्ग अपनाएं, तो किसी भी संकट के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अंतत:, यही समय है जब हमें यह सिद्ध करना होगा कि हमारी सभ्यता स्वार्थ पर नहीं, बल्कि एकता, संवेदना और सहभागिता जैसे मूल्यों पर आधारित है। यही भावना न केवल संकट से उबरने में सहायक होती है, बल्कि एक मजबूत और सुदृढ़ राष्ट्र की नींव भी रखती है।



# समान नागरिक संहिता का गुजरात मॉडल-प्रेरणादायक राज्य

**- कांतिलाल मांडोत**

गुजरात विधानसभा में पारित 'यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) विधेयक, 2026' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारतीय समाज की संरचना में एक व्यापक बदलाव का संकेत है। यह विधेयक उस लंबे विमर्श का परिणाम है, जो दशकों से समान नागरिक कानून की अवधारणा को लेकर देश में चलता रहा है। अब गुजरात ने इस दिशा में ठोस पहल करते हुए विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों जैसे व्यक्तिगत मामलों में एक समान कानूनी ढांचा लागू करने का साहसिक निर्णय लिया है। यह कदम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना के अनुरूप है, जो राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में प्रयास करने का निर्देश देता है।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कानून के सामने सभी नागरिक समान हों, चाहे उनका धर्म, आस्था या परंपरा कुछ भी हो। लंबे समय से भारत में अलग-अलग धार्मिक समुदायों के लिए अलग-अलग व्यक्तिगत कानून लागू होते रहे हैं, जिनमें विवाह, तलाक और संपत्ति से जुड़े नियम भिन्न-भिन्न रहे हैं। इससे कई बार सामाजिक और कानूनी असमानताएं उत्पन्न होती रही हैं, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के संदर्भ में। यूसीसी इन असमानताओं को समाप्त करने की दिशा में एक ठोस कदम माना जा रहा है। इस विधेयक की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह सार्वजनिक कानून के रूप में सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होगा। इसका मतलब यह है कि अब व्यक्तिगत मामलों में भी राज्य एक समान नियम लागू करेगा, जिससे कानून की व्याख्या और क्रियान्वयन में एकरूपता आएगी। विवाह का अनिवार्य पंजीकरण, तलाक के लिए समान प्रक्रिया, और उत्तराधिकार में पुत्र-पुत्री को समान अधिकार—ये सभी प्रावधान इस बात को स्पष्ट करते हैं कि कानून अब व्यक्ति की धार्मिक पहचान के बजाय उसकी नागरिक पहचान को




प्राथमिकता देगा। विधेयक में लिव-इन संबंधों को भी कानूनी दायरे में लाया गया है, जो आधुनिक समाज की बदलती वास्तविकताओं को स्वीकार करने का संकेत है। ऐसे संबंधों का एक महीने के भीतर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और विवादों की स्थिति में कानूनी संरक्षण उपलब्ध होगा। यह प्रावधान विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि अनौपचारिक संबंधों में अक्सर महिलाएं कानूनी सुरक्षा से वंचित रह जाती थीं। यूसीसी का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाया गया है। अब किसी भी विवाह को तभी वैध माना जाएगा, जब दोनों पक्षों में से किसी का कोई जीवित जीवनसाथी न हो। यह प्रावधान न केवल कानूनी स्पष्टता प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, विधेयक में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोर्ट के बाहर लिए गए तलाक को मान्यता नहीं दी जाएगी, जिससे मनमाने और एकतरफा निर्णयों पर रोक लगेगी। हालांकि यह कानून व्यापक रूप से लागू किया गया है, लेकिन अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। यह निर्णय उनकी पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से लिया गया है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि सरकार ने समानता और सांस्कृतिक विविधता के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश की है ।गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने विधानसभा में चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि यह विधेयक किसी धर्म या आस्था के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय और समानता को सुनिश्चित करने का प्रयास है। उन्होंने यह भी बताया कि इस विधेयक को तैयार करने से पहले व्यापक जनपरामर्श किया गया, जिसमें लगभग 20 लाख सुझाव प्राप्त हुए। इनमें से अधिकांश सुझाव इस कानून के समर्थन में थे, जो यह दर्शाता है कि समाज में एक समान कानून की आवश्यकता को लेकर व्यापक सहमति बन रही है। इस विधेयक के निर्माण में रंजना देसाई की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को आधार बनाया गया है। यह तथ्य इस कानून को और अधिक विश्वसनीय बनाता है, क्योंकि इसमें न्यायिक दृष्टिकोण और विशेषज्ञता का समावेश है। समिति ने विभिन्न पहलुओं का गहन अध्ययन कर यह सुनिश्चित किया कि कानून व्यावहारिक, न्यायसंगत और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हो। यूसीसी के तहत नियमों के उल्लंघन पर सख्त दंड का प्रावधान भी किया गया है। पंजीकरण नहीं कराने पर जुर्माना, बहुविवाह या धोखाधड़ी के मामलों में कठोर सजा, और अवैध तलाक पर दंड—ये सभी प्रावधान यह सुनिश्चित करते हैं कि कानून केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी हो। गुजरात का यह कदम राष्ट्रीय स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। यह दर्शाता है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति और सामाजिक सहमति हो, तो समान नागरिक संहिता जैसे जटिल विषय पर भी ठोस प्रगति की जा सकती है। आने वाले समय में यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है और देशव्यापी यूसीसी लागू करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यह कानून न केवल समानता और न्याय के सिद्धांतों को मजबूत करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि हर नागरिक को उसकी धार्मिक पहचान से परे एक समान कानूनी अधिकार मिले।

# महाराजा अग्रसेन भगवान श्रीराम की 34वीं पीढ़ी के वंशज : उज्जवल गर्ग

## राष्ट्रीय संगठन मंत्री खैराती लाल सिंगला और प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल सिंगला ने किया स्वागत



**कुरुक्षेत्र, 28 मार्च ( सुदेश कुमार ) :** गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने भारतीय समाज में एक आदर्श स्थापित किया जिसे विश्व के प्रत्येक लोकतांत्रिक देश को अपनाने की जरूरत है। अग्रवाल समाज में अच्छे संस्कार सिखाए जाते हैं। महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांत और विचार आज भी प्रासंगिक हैं। हमें अपने जीवन में इन्हें अपनाना चाहिए। वे रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा आयोजित अग्र भगवत कथा शुभारंभ पर आशीर्वचन दे रहे थे। इस कथा में अग्रवाल समाज की प्रतिष्ठान विभूतियों सहित कई नगरों से अग्रवाल समाज के लोग शामिल हुए। व्यासपीठ से राष्ट्रपति द्वारा स्वर्ण पत्र से सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक उज्जवल गर्ग ने प्रसंगों में कथा महात्म्य, भगवान शंकर का वरदान और महाराजा अग्रसेन जन्म विस्तारपूर्वक सुनाया। कुरूक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्ज्वलित किया जबकि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग अति विशिष्ट अतिथि रहे। कथा के मुख्य यजमान अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री खैराती लाल सिंगला और प्रदेश उपाध्यक्ष व श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत, कुरुक्षेत्र के प्रधान विशाल सिंगला ने पदाधिकारियों के साथ सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। सांसद नवीन जिंदल ने इस आयोजन के लिए श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत, कुरुक्षेत्र के प्रधान विशाल सिंगला की सराहना की। सांसद ने कहा कि समाज के सभी वर्गों की सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है जिसका अग्रवाल समाज पूरी निष्ठा से पालन करता है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। अति विशिष्ट अतिथि गोपाल शरण गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि अग्रवाल समाज ने हमेशा देश के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलनों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रसंगों की व्याख्या करते हुए कथावाचक उज्जवल गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जन्म द्वापर युग के अंत और कलियुग के प्रारंभ में,सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल में राजा वल्लभ और रानी भगवती के घर प्रताप नगर में हुआ था। इनका जन्म अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को हुआ, जिसे प्रतिवर्ष अग्रसेन जयंती के रूप में मनाया जाता है। वे भगवान राम की 34वीं पीढ़ी में थे और उन्होंने अग्रोहा नगर की स्थापना की। अग्रसेन जी अग्रोहा अग्रवाल समाज के संस्थापक हैं। महाराजा अग्रसेन को अहिंसा, समाजवाद और व्यापारी समुदाय के संरक्षक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने ही 18 गोत्रों की स्थापना की थी। कथा के दौरान भगवान शंकर का वरदान और अग्रसेन जन्म की भव्य झांकी दिखाई गई। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों को सम्मानस्वरूप स्मृति चिन्ह,अग्रसेन लॉकेट व दौशाला प्रदान किया गया। अग्रवाल समाज के मौजीज लोगों को पगड़ी पहनाई गई। कथा श्रवण कर रहे प्रत्येक श्रद्धालु को पटके प्रदान किए गए। मंच का संचालन राधेश्याम गर्ग ने किया। श्री अग्रसेन आरती में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री खैराती लाल सिंगला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र सिंगला,प्रदेश उपाध्यक्ष व श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत, कुरुक्षेत्र के प्रधान विशाल सिंगला,जिलाध्यक्ष नवीन सिंगला, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गोयल, नवीन बंसल, नरेश सिंगला, कुलवंत गर्ग, गौरव मित्तल, पीयूष बंसल, बृजमोहन गर्ग, सुरेश गर्ग, विनोद गर्ग, योगेश गोयल, वेद प्रकाश गर्ग, जयकिशन जिंदल, गौरांग सिंगला, मनन गोयल, जितेंद्र अग्रवाल, सुमित सिंगला, रोशन लाल मित्तल, विशेष गर्ग, अर्जुन गर्ग और अमरनाथ मित्तल आदि शामिल रहे।

# वर्ष 2026-27 के लिए खेल नर्सरियों का संचालन 1 अप्रैल से : मनोज कुमार

***विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए 8 से 19 वर्ष तक के आयु वर्ग खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 30 मार्च को***

**कुरुक्षेत्र, 28 मार्च ( सुदेश कुमार ) :** जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा विभागीय प्रशिक्षकों व कनिष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए 1 अप्रैल से खेल नर्सरियों का संचालन किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि इन खेल नर्सरियों में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले 8 से 19 वर्ष तक के आयु वर्ग के खिलाडियों का चयन ट्रॉयल 30 मार्च को जिले के विभिन्न स्थानों पर लिया जाएगा। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए 1 अप्रैल से शुरू होने वाली खेल नर्सरियों के लिए 8 से 19 वर्ष तक के आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन ट्रॉयल का एक शैडयूल जारी किया गया है। जिसमें तीरंदाजी की प्रतियोगिता के लिए कोच शीश पाल द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में सायं 4 बजे ट्रायल लिया जाएगा। इसी तरह एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए कोच अंजू कुमारी व कोच चांद राम द्वारा द्रोणाचार्य स्टेडियम में सायं 4 बजे ट्रॉयल लिया जाएगा व बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए कोच मनीषा कुमारी द्वारा सायं 3 बजे मिनी खेल स्टेडियम गांव भेरियां ब्लॉक पिहोवा में ट्रॉयल लिया जाएगा व कोच जितेन्द्र सिंह द्वारा सायं 4 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में ट्रॉयल लिया जाएगा

उन्होंने कहा कि इन खेल नर्सरियों के संचालन के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए कोच रोहित द्वारा सुबह 10 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में, बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए कोच राजेन्द्र सिंह द्वारा राजीव गांधी खेल परिसर गांव अमीन में व कोच पंकज पाराशर द्वारा सुबह 9 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में ट्रायल लिया जाएगा। इसके अलावा साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए कोच सरिन्द्र कौर द्वारा सायं 4:30 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में व कोच पंकज कुमार द्वारा चटठा पेट्रोल पंप पिहोवा रोड पर सायं 4:30 बजे ट्रायल लिया जाएगा, फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए कोच गगन सिंह द्वारा सायं 3 बजे आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहबाद में व कोच हबीब खान द्वारा सायं 3 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में फुटबॉल का ट्रायल लिया जाएगा ।उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के लिए कोच पूनम शर्मा द्वारा सायं 4:30 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में, हैंडबॉल के लिए कोच सुनील कुमार द्वारा सुबह 9:30 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में,हॉकी के लिए कोच सोहन लाल द्वारा सुबह 9 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में, जूडो के लिए कोच राम निवास द्वारा मिनी खेल स्टेडियम गांव भेरियां ब्लॉक पिहोवा में व जूडो के लिए ही कोच सपना द्वारा सुबह 9 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में, खो खो के लिए कोच शिखा द्वारा सायं 3 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में, कबड्डी के लिए कोच रोशनी द्वारा सुबह 11 बजे राजीव गांधी खेल स्टेडियम बीड कालवा बाबैन में, लॉन टेनिस के लिए कोच गौरव शर्मा द्वारा सायं 5 बजे जिमखाना क्लब में ट्रायल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोइंग के लिए कोच मुनसदी खातून द्वारा सायं 5 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में, स्विमिंग के लिए कोच सांवरी द्वारा सुबह 10 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में, स्केटिंग के लिए कोच अरुण व कोच आकाश सहगल द्वारा सायं 5 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम में, वॉलीबॉल के लिए कोच रजनी देवी द्वारा सायं 6 बजे राजीव गांधी खेल परिसर गांव अमीन में, वॉलीबॉल के लिए कोच शिव कुमार व सुरेन्द्र कुमार द्वारा सायं 4 बजे राजीव गांधी खेल परिसर गांव अमीन में, वाशु के लिए कोच संतोष पासवान द्वारा सुबह 11 बजे योगा हाल द्रोणाचार्य स्टेडियम में, रेसलिंग के लिए कोच मंदीप सिंह द्वारा सायं 4-30 बजे खेल स्टेडियम ठोल ब्लॉक व जसविन्द्र सिंह द्वारा सायं 5 बजे रेसलिंग हॉल उमरी में व वेट लिफ्टिंग के लिए कोच नीरज कुमार द्वारा सायं 3 बजे खेल स्टेडियम गांव धनौरा जाटान में ट्रायल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी इच्छुक खिलाड़ी अपने साथ अपना आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आयु प्रमाण पत्र अथवा जन्म प्रमाण पत्र, बैंक खाता मूल रूप से व 2 पासपोर्ट साइज कलर फोटो अपने साथ लेकर आएंगे।

# विधायक योगेन्द्र राणा ने असंध क्षेत्र को दी 4.40 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**गांवों का सर्वांगीण विकास और अंतिम व्यक्ति तक पहुँच ही हमारी सरकार का मुख्य लक्ष्य : योगेन्द्र राणा**



**असंध, 28 मार्च ( दलसिंह मान ) :** असंध विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक योगेन्द्र राणा ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लगभग ?4 करोड़ 39 लाख 59 हजार की कुल से लागत के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास (शुभारंभ) कर उन्हें ग्रामवासियों को समर्पित किया। कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का बुक्के, फूल-मालाओं और पगड़ी पहना कर भव्य स्वागत किया। गांव बाहरी यहाँ विधायक ने गांव के दो तालाबों के लगभग 3.08 करोड़ की लागत से हुए तालाब के सौंदर्यीकरण (कायाकल्प) का उद्घाटन किया। साथ ही, लगभग 7.47 लाख की लागत से खेतों की ओर जाने वाले रास्ते का लोकार्पण किया। गांव गंगा टेहड़ी शिक्षा को बढ़ावा देते हुए लगभग 37 लाख की लागत से बने विलेज नॉलेज सेंटर, लगभग 5 लाख की लागत से चिल्ड्रन पार्क और लगभग 5 लाख की लागत से निर्मित बस क्यू शेल्टर का उद्घाटन किया।गांव जोली खेड़ा यहाँ लगभग 16 लाख की लागत से रितोली सड़क से सुभाष टीलू के डेरे तक नवनिर्मित पक्के रास्ते का उद्घाटन कर ग्रामीणों को समर्पित किया। गांव पोपड़ा यहाँ लगभग 36.65 लाख की लागत से बनने वाली फिरनी और गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में लगभग 5.36 लाख की लागत से बनने वाले लंगर हॉल के निर्माण कार्य का शुभारंभ (शिलान्यास) किया। इस अवसर पर जनसभाओं को संबोधित करते हुए विधायक योगेन्द्र राणा ने विशेष रूप से माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी औरकेंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन और आशीर्वाद से ही असंध विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति निरंतर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूल मंत्र पर काम कर रही है और हमारा उद्देश्य हर गांव को शहर जैसी आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना है। चाहे वो पक्की सड़कें हों, शिक्षा के केंद्र हों या जल संरक्षण के लिए तालाबों का जीर्णोद्धार, विकास की यह गति रुकने वाली नहीं है। समारोह के दौरान सरपंच कुलदीप कुमार (गंगा टेहड़ी), सरपंच प्रति निधि प्रदीप कुमार (जोली खेड़ा), सरपंच राहुल (पोपड़ा) एवं सरपंच पाला राम (बाहरी) की पंचायत सहित भारी संख्या में स्थानीय पंच, बुजुर्ग और युवा साथी मौजूद रहे।

# नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में एआई प्रशिक्षण, शिक्षकों को मिली आधुनिक शिक्षा की नई दिशा

**35 शिक्षकों ने लिया भाग, कक्षा में एआई के प्रभावी उपयोग पर गहन मंथन**



**तरावड़ी, 28 मार्च ( छाया शर्मा ) :** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल तरावड़ी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई विषय पर एक ज्ञानवर्धक एवं प्रभावशाली प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 35 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा के क्षेत्र में एआई के बढ़ते महत्व व उसके व्यावहारिक उपयोग को गहराई से समझा। प्रशिक्षण सत्र का संचालन संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की समन्वयक एवं सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन कविता लल्हर द्वारा किया गया। उन्होंने आधुनिक शिक्षा प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि एआई तकनीक के माध्यम से कक्षाओं को अधिक इंटरैक्टिव, प्रभावी और रोचक बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि एआई आधारित टूल्स छात्रों की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ उनके सीखने के अनुभव को व्यक्तिगत बनाते हैं, जिससे प्रत्येक छात्र की जरूरत के अनुसार शिक्षण संभव हो पाता है। साथ ही, यह तकनीक शिक्षकों को बेहतर पाठ योजना तैयार करने और सटीक मूल्यांकन करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र खेड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की सभी शिक्षकों ने सराहना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षा में तकनीकी नवाचारों को अपनाना आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सके। कार्यक्रम पूरी तरह संवादात्मक रहा, जिसमें शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और नई तकनीकों को लेकर उत्सुकता दिखाई। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सशक्त बनाने के लिए डिजिटल एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल, सलपानी में 'ग्रेजुएशन डे' का भव्य आयोजन



यमुनानगर, 28 मार्च (दिलबाग सिंह) -ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल, सलपानी (कुरुक्षेत्र) में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए 'ग्रेजुएशन डे' (दीक्षांत समारोह) का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर ख्यातनाम श्रीमती सुगंधा सुधा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री वरुण गुप्ता जी एवं शिक्षाविद श्रीमती शिल्पी गुप्ता जी रहे ।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सरिता मेहता, पर्ल इंटरनेशनल की प्राचार्या डॉ. लवलीन, ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 की प्राचार्या डॉ. अमिता शर्मा, श्रीमती मोहिका गोयल एवं श्रीमती हिमशिखा द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, भाषण एवं लघु नाटिकाएँ शामिल थीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। शिक्षाप्रद नाटकों, गीतों और सामूहिक नृत्य के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे देखकर अभिभावक भावुक एवं गर्वित नजर आए ।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सरिता मेहता ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की तथा उन्हें जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्रीमती सुगंधा सुधा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त आधार भी है।

# 12 अप्रैल को दिल्ली में रन फॉर अंबेडकर मैराथन, राहुल गांधी दिखाएंगे हरी झंडी : राजेश वैध



**निसिंग, 28 मार्च ( जोगिंद्र सिंह ) :** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के अवसर पर 12 अप्रैल को दिल्ली में रन फॉर अंबेडकर, रन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन मैराथन का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह मैराथन सुबह 6 बजे इंडिया गेट से शुरू होकर अंबेडकर नेशनल मेमोरियल तक आयोजित होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह आयोजन ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम की अध्यक्षता में संपन्न होगा। कांग्रेस के करनाल ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वैध वाल्मीकि ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में उन्हें अनुशासन एवं वॉलंटियर कमेटी में शामिल किया गया है, जहां वे प्रतिभागियों के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यह मैराथन केवल दौड़ नहीं, बल्कि संविधान, समानता और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त अभियान है। बाबा साहब के विचारों को समाज में और मजबूत करने के उद्देश्य से इस आयोजन को ऐतिहासिक रूप दिया जा रहा है। इस मैराथन में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भाग लेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। राजेश वैध वाल्मीकि ने करनाल जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नेताओं और आम जनता से इस मैराथन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सामाजिक न्याय और परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# वर्धमान जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम, मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**नरवाना, 28 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** स्थानीय वर्धमान जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विद्यालय



परिसर में हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरोज रायचन्द उपस्थित रहीं ।मुख्य अतिथि सरोज रायचन्द ने विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थी कच्ची मिट्टी के समान होते हैं जिन्हें आकार देने में अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक ही बच्चों को सही दिशा देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या निशा जैन ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं ।बल्कि एक संस्कारों का मंदिर है जहां विद्यार्थी अनुशासन, नैतिकता और जीवन के मूल्यों को सीखते हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासित विद्यार्थी ही जीवन में सफलता के शिखर तक पहुंचते हैं ।कार्यक्रम के अंत में कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया ।इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान नरेश जैन, उपप्रधान संजय जैन, मैनेजर विमल जैन, कैशियर विनय जैन पुनीत जैन,सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से अभिभावकों और विद्यार्थियों में खुशी का माहौल बना हुआ है।

# मुख्यमंत्री ने गत दिवस वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों से चर्चा की

**यमुनानगर, 28 मार्च ( दिनेश कुमार ) :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत दिवस वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों से चर्चा की। उन्होंने प्रदेश के लोगों को आश्वस्त किया कि मध्य -एशिया में बने हालातों के मद्देनजर राज्य में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है, उनको घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी तथा जमाखोरी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई इस मामले में संलिप्त पाया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि वर्तमान में जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल, डीजल तथा एलपीजी गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अत: किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा घबराहट (पैनिक) की स्थिति उत्पन्न न करें। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक पीएनजी (पीएनजी) गैस का उपयोग करें तथा इसके साथ वैकल्पिक तौर पर इंडक्शन चूल्हा व सोलर कुकिंग सिस्टम का अधिक से अधिक प्रयोग करें, जिससे एलपीजी पर दबाव कम किया जा सके और सभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। नए गैस सिलेण्डर की बुकिंग स्वीकार होने के पश्चात 2 से 3 दिन के भीतर घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार ही गैस बुक करें, गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं तथा गैस एजेंसी वितरकों पर गैस प्राप्त करने के लिए किसी प्रकार का दबाव न बनाएं। उन्होंने बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए उपायुक्त कार्यालय, यमुना नगर में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। शिकायतों के निवारण या जानकारी के लिए कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नं. 01732-237800 पर प्रात: 8.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। कन्ट्रोल रूम में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियन्त्रक कार्यालय के कर्मचारी की ड्यूटी शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु लगा दी गई है। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, डीएफएससी नीतीश सिंगला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीआरपीसी की मेधावी छात्रवृत्ति पहल : 280 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिला सम्मान

**मूनक, 28 मार्च ( जय भगवान ) :** रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, एम. एल. डहरिया ने को खोराखेड़ी टाउनशिप में आयोजित एक भव्य




समारोह में पीआरपीसी मेधावी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आसपास के 14 गांव के 280 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। यह सम्मान आसपास के गांवों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने, उन्हें प्रोत्साहित करने एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदान किया गया। इस अवसर पर डहरिया ने पीआरपीसी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ओम प्रकाश, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजय कुमार तथा ग्राम सरपंचों की गरिमामयी उपस्थिति में सभी चयनित छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सरपंचों का पारंपरिक तरीके से स्वागत भी किया गया। वहीं विवेक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक ने पीआरपीसी मेधावी छात्रवृत्ति योजना की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। अपने संबोधन में डहरिया ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें बड़े सपने देखने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इंडियनऑयल न केवल देश को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल जैसे क्षेत्रों में भी विभिन्न जनकल्याणकारी पहल के माध्यम से समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने जिले, प्रदेश एवं देश के विकास में ग्राम सरपंचों द्वारा दिए जा रहे सतत एवं समर्पित सहयोग की सराहना की और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी उनका सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित गांव के सरपंचगण एवं अध्यापको द्वारा रिफ़ाइनरी प्रबन्धन का इस पहल के लिए आभार प्रकट किया गया।

# हिसार में एलपीजी व पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं, अफवाहों से बचें : डी.सी

**हिसार, 28 मार्च ( ब्यूरो ) :** डी.सी महेंद्र पाल ने कहा है कि जिले में एलपीजी, पेट्रोल व डीजल सहित अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें, क्योंकि जिले को आवश्यकता अनुसार सप्लाई मिल रही है।

डी.सी ने बताया कि जमाखोरी और अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसके लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो लगातार छापेमारी कर रही हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील कि है वे गैस व अन्य पेट्रोलियम पदार्थों का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं तक सुचारू रूप से आपूर्ति बनी रहे।

साथ ही उपायुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की सुविधा उपलब्ध है, वहां के उपभोक्ता जल्द से जल्द इसका कनेक्शन लें। इससे न केवल सुविधा बढ़ेगी बल्कि गैस की आपूर्ति भी अधिक व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित की जा सकेगी।

# अमृतमयी वाणी से महादेव पार्क में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शंखनाद



**शाहाबाद मारकंडा, 28 मार्च ( रूबी ) :** महादेव पार्क हुड्डा पार्ट-1 में श्रीमद्भागवत कथामृत का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। श्री वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक श्यामल दास के सान्निध्य में आयोजित ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। आशुतोष गर्ग व सुनील भसीन ने बताया कि कथा 2 अप्रैल 2026 तक चलेगी। पूरा वातावरण हरे कृष्ण-हरे कृष्ण, कृष्ण-कृष्ण हरे-हरे के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कथा के प्रथम सोपान पर व्यास पीठ का पूजन किया गया, जिसके उपरांत कथावाचक श्यामल दास ने श्रीमद्भागवत माहात्म्य का मार्मिक और सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत साक्षात भगवान श्री कृष्ण का वांग्मय स्वरूप है। कलियुग में भागवत कथा का श्रवण ही मोक्ष का सबसे सरल मार्ग है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के संचित पापों का नाश होता है और हृदय में सात्विक भक्ति का संचार होता है। माहात्म्य के प्रसंगों के माध्यम से उन्होंने बताया कि कैसे यह कथा दुखों का निवारण कर जीवन में शांति और आनंद का संचार करती है। कथा के शुभारंभ पर पुरुष श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा के साथ श्रीमद् भागवत जी को सिर पर धारण कर पांडाल में प्रवेश किया। इस आध्यात्मिक उत्सव के प्रथम दिन पुष्पिंदर जैन दारा, विजय गर्ग, पवन गुप्ता अधिवक्ता, सुरिंदर टिवाना, अंशुल चानना, मनीष सचदेवा, सुरेश भारद्वाज, संजीव बंसल, राम कुमार सिंगला, चंदर मोहन मित्तल, हरीश सिंगला, सोम प्रकाश सिंगला, सतीश हसीजा, सरदार संतबीर सिंह, मदन लाल गंभीर, सुनील गुप्ता एवं ऋषि राज गंभीर, सविता भसीन, श्वेता गर्ग, सुरेशो भारद्वाज, कविता सचदेवा, प्रीति सचदेवा, सुनीता धीमान, डिंपल गुप्ता, पारुल सिंगला, निर्मल बंसल, सुरेखा बंसल, अंजलि बंसल, सुषमा सिंगला, संतोष गर्ग, ऊषा गुप्ता, शशि गुप्ता एवं दीपांशी वर्मा, मीनाक्षी चहल टिवाणा, शिखा अरोड़ा सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल नरवाना में हवन यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ



**नरवाना, 28 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** स्थानीय डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल नरवाना में शनिवार को धार्मिक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच हवन यज्ञ का आयोजन कर शैक्षणिक नया सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धा भाव से आहुतियाँ अर्पित कर नए सत्र की मंगलकामना की। कार्यक्रम की संयोजिका रेणू बाला के मार्गदर्शन में हवन यज्ञ संपन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा ने हवन में उपस्थित सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं स्टाफ सदस्यों के सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। प्राचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हवन यज्ञ भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है जो सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और नए कार्यों की शुभ शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र में अनुशासन, परिश्रम और लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में नववर्ष एवं नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएँ देते हुए प्राचार्य ने एक बार फिर पुष्प वर्षा कर सभी को आशीर्वाद दिया। प्रसाद वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

# दिव्या युवा मंच का 5वां अंतरराष्ट्रीय युवा विकास सम्मेलन 4 से, महिलाओं को मिलेगा वीरांगना अवार्ड



**ऐलनाबाद, 28 मार्च ( ब्यूरो ) :** स्थानीय अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था दिव्या युवा मंच द्वारा आगामी 4, 5 और 6 अप्रैल को यहां के वार्ड 9 की श्री श्याम हवेली में 5वां अंतरराष्ट्रीय युवा विकास सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए दिव्या युवा मंच के संस्थापक व इंटरनेशनल अवॉर्डी सुभाष चौहान ने बताया कि यह भव्य कार्यक्रम युवा सशक्तिकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में भारत के 20 राज्यों व दुनिया के 7 देशों? के लगभग 100 युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एक वैश्विक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने विचार साझा कर सकें और सामाजिक विकास, शांति तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में मिलकर कार्य कर सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन 4 अप्रैल, शनिवार को शाम को 6 बजे ऐलनाबाद शहर में चौधरी देवीलाल चौक से लेकर गांधी चौक तक विश्व शांति के लिए पैदल यात्रा निकाली जाएगी। वहीं रविवार 5 अप्रैल को सुबह 6 बजे नशा मुक्ति अभियान को बढ़ावा देने के लिए नशे के खिलाफ पंचमुखी चौक से अंबेडकर चौक तक वैश्विक साइकिल यात्रा निकाली जाएगी। अगले दिन साथ 6 अप्रैल सोमवार को सुबह 6:00 बजे स्थानीय हनुमानगढ़ रोड पर स्थित योग साधना मंदिर में पौधारोपण भी किया जाएगा। चौहान ने बताया कि इस सम्मेलन में महिलाओं को उनके साहस, नेतृत्व और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए रविवार, 5 अप्रैल को शाम 5 बजे वीरांगना अवार्ड प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान महिलाओं को प्रेरित करने और उनकी उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए कई विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है, जिनमें दिल्ली से ऐलनाबाद तक एसी बस से लाने व ले जाने की सुविधा होगी वहीं उनके ठहरने के लिए एसी रूम व शुद्ध सात्विक भोजन होगा। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को आयोजक संस्था की ओर से टी-शर्ट, बैग, डायरी, सर्टिफिकेट व स्मृति चिन्ह दिया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को 5-7 मिनट का स्पीकर स्लॉट दिया जाएगा जिसमें वे अपने कार्य अनुभव के बारे में जानकारी साझा करेंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन 6 अप्रैल को सभी प्रतिभागियों को आसपास के 2-3 स्थलों का भ्रमण भी करवाया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के साथ नेटवर्किंग करने और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। यह मंच युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, नए विचारों को साझा करने और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने में सहायक होगा। यह आयोजन न केवल युवाओं के लिए बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणादायक साबित होगा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# गीता मात्र एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, अपितु संपूर्ण मानवता के लिए जीवन प्रबंधन का सर्वश्रेष्ठ मार्ग : अशोक अरोड़ा



**कुरुक्षेत्र, 28 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** सहस्त्र गीता कंठनाद राष्ट्र जागरण महायज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रो के उच्चारण, शंखनाद एवं दीप प्रज्वलन के साथ अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न किया गया। इस अवसर पर संत परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज, महंत बंसी पुरी महाराज, थानेसर विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा तथा कुरुक्षेत्र विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गीता परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय मालपानी, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरिनारायण व्यास, कार्याध्यक्ष डॉ. आशु गोयल, राष्ट्रीय उत्तरांचल प्रमुख मीनाक्षी गुप्ता, सुशील गुप्ता एवं पूर्वांचल प्रमुख आशा साबू उपस्थित रहे। इस दौरान थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि गीता मात्र एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, अपितु संपूर्ण मानवता के लिए जीवन प्रबंधन का सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। उन्होंने गीता परिवार के इस अभियान को राष्ट्र निर्माण एवं युवाओं में नैतिक मूल्यों के संचार हेतु एक क्रांतिकारी प्रयास बताया। महंत बंसी पुरी ने गीता के मर्म को स्पष्ट करते हुए कहा कि गीता जहाँ निष्काम कर्म की शिक्षा देती है, वहीं यह भी बोध कराती है कि सकाम कर्म का उद्देश्य और विधि क्या होनी चाहिए। उन्होंने बल दिया कि फल निश्चित होने पर भी मनुष्य को अपने कर्तव्य कर्म से कभी विमुख नहीं होना चाहिए। परमहंस ज्ञानेश्वर ने अपने मौन व्रत के मध्य ही गीता परिवार के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए अपना असीम एवं बलशाली आशीष प्रदान किया, जिससे संपूर्ण सभा ऊर्जावान हो उठी। इस अवसर पर देश-विदेश से पधारे प्रतिनिधियों एवं उनके प्रमुखों का अभिनंदन एवं सम्मान किया गया।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम : मेधावियों की मुस्कान से गूंजा आर्य विद्यापीठ बस्तली परिसर




**निसिंग, 28 मार्च ( जोगिंद्र सिंह ) :** आर्य विद्यापीठ बस्तली में शनिवार को कक्षा नर्सरी से लेकर नौवीं और ग्यारहवीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जैसे ही परिणाम सामने आए, स्कूल परिसर मेधावी छात्रों की खुशियों और तालियों की गूंज से भर उठा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिले नजर आए। इस अवसर पर स्कूल संचालक कृष्ण आर्य व सीमा आर्य, प्रिंसिपल राम प्रकाश गोयल तथा कोऑर्डिनेटर संजय कुमार ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों के शानदार प्रदर्शन से अभिभावकों और शिक्षकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। अभिभावकों ने अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए स्कूल की शिक्षा व्यवस्था और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जमकर सराहना की।

**मेहनत का मिला मीठा फल**

स्कूल संचालक कृष्ण आर्य ने कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम शिक्षकों और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने बताया कि संस्थान में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे उनका भविष्य मजबूत बनता है।

**34 वर्षों की गौरवशाली परंपरा**

प्रिंसिपल राम प्रकाश गोयल ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पिछले 34 वर्षों में यह संस्थान देश को कई होनहार कर्मचारी, अधिकारी और सफल व्यवसायी दे चुका है, जो आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं।

**पढ़ाई के साथ खेलों में भी अव्वल**

कोऑर्डिनेटर संजय कुमार ने बताया कि आर्य विद्यापीठ बस्तली शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी लगातार उत्कृष्ट परिणाम देता रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में यह संस्थान सामान्य फीस में उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान कर एक मिसाल कायम कर रहा है।

# डी. बी. के इंटरनेशनल स्कूल नरवाना में नन्हे विद्यार्थियों का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित



**नरवाना, 28 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** डी बी के इंटरनेशनल स्कूल में नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हुआ, जहाँ उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2025-26 को शानदार उपलब्धियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण किया। नन्हे छात्रों ने न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की, बल्कि सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, खेलकूद, रचनात्मक अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय प्रगति कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के पूजन एवं आशीर्वाद के साथ हुआ जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक और प्रेरणादायक बन गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक एवं परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व अनुभव किया।समारोह के दौरान विद्यार्थियों को प्रगति पत्र तथा समग्र मूल्यांकन रिपोर्ट प्रदान की गई, जिसमें उनके सर्वांगीण विकास का विस्तृत आकलन प्रस्तुत किया गया। अभिभावकों ने शिक्षकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया जिन्होंने अथक परिश्रम और समर्पण के साथ प्रत्येक बच्चे को औपचारिक शिक्षा के अगले चरण के लिए तैयार किया। इस अवसर पर बच्चों की मासूम भावनाएँ और विद्यालय के प्रति उनका स्नेह देखने योग्य था।विद्यालय की प्राचार्या प्रिया कुकरेजा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय सदैव प्रारंभिक शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं बल्कि ध्वन्यात्मक पद्धति, विभिन्न जीवन-कौशल, खेलकूद एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के भाषा एवं बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।विद्यालय के निदेशक महोदय ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने विद्यालय पर विश्वास बनाए रखा और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग दिया।

उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यालय भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करता रहेगा। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

# डेरा उदासीन देवी तालाब की ओर से लगाया गया भंडारा

## *सनातन धर्म की परंपराओं में सेवा, दया और परोपकार सर्वोपरि : महंत तरणदास*



**शाहाबाद मारकंडा, 28 मार्च ( रूबी ) :** चैत्र नवरात्रों की पावन श्रृंखला के अंतर्गत दशमी के शुभ अवसर पर डेरा उदासीन देवी तालाब की ओर से संचालक महंत तरण दास के सान्निध्य में भव्य वार्षिक भंडारे का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर नगर के गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन के साथ हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर नजर आए। पूरा वातावरण आध्यात्मिक और भक्तिमय बना रहा। डेरा संचालक महंत तरण दास ने कहा कि सनातन धर्म की परंपराओं में सेवा, दया और परोपकार को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि भंडारा केवल भोजन वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि डेरा उदासीन देवी तालाब सदैव इस बात के लिए प्रयासरत रहता है कि यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर सुविधाएं और आध्यात्मिक वातावरण उपलब्ध हो। डेरा के महंत दीपक प्रकाश ने कहा कि बाबा श्रीचंद्र जी की प्रेरणा और आशीर्वाद से डेरा उदासीन वर्षों से मानवता की सेवा में समर्पित है।

उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर महंत ईश्वर दास, महंत हरसिमरन दास, महंत जगन्नाथ पुरी, महंत प्रेमचंद गिरी, महंत कनखल दास, महंत चंद्रप्रकाश उदासीन, पूर्व न.पा. प्रधान बलदेव राज चावला, सुदर्शन कक्कड़, प्रभजीत सिंह, पार्षद मुल्खराज गुंबर, विजय कलसी पार्षद, अमृतलाल पार्षद, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक विभाग द्वारा डीजल व पेट्रोल का पर्याप्त स्टाक रखने के आदेश जारी

**ऐलनाबाद, 28 मार्च ( ब्यूरो ) :** ऐलनाबाद जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक विभाग द्वारा अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के मद्देनजर आगामी हालातों को ध्यान में रखते हुए डीजल व पेट्रोल का पर्याप्त स्टाक रखने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। विभाग द्वारा बिक्री अधिकारी बीपीसी सिरसा, बिक्री अधिकारी एचपीसी सिरसा, बिक्री अधिकारी आईओसी सिरसा, बिक्री अधिकारी, नायरा, सिरसा और बिक्री अधिकारी जियो-बीपी सिरसा को भेजें गए पत्र में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पैट्रोल, डीजल का प्रर्याप्त स्टॉक रखने के आदेश दिए गए है। इस पत्र के माध्यम से उपरोक्त अधिकारियों को प्रतिदिन पैट्रोल, डीजल की बिक्री, बैलेन्स स्टॉक व अराईवल की सूचना इस विभाग को प्रात: 10 बजे पूर्व देना सुनिश्चित करने, समय-समय पर पैट्रोल/डीजल के बारे में आने वाली कम्पनी की गाईड लाईन के बारे में सूचना प्रदान करने, पैट्रोल कम्पनी से सिरसा जिला के लिए समय पर पर्याप्त मात्रा में पैट्रोल, डीजल की डिलीवरी करवाने तथा सभी पैट्रोल पम्प मालिकों को निर्देश जारी करने कि वे अपने पैट्रोल पम्पों पर पैट्रोल, डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रखेंगे। इसके साथ ही किसी भी आपातकालीन स्थिति में जिला प्रशासन के सहयोग हेतू प्रत्येक पैट्रोल पम्प मालिक अलग से आवश्यक स्टॉक रिजर्व रखेंगे ताकि जिला प्रशासन को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ें। ऐसी किसी भी आपातकालीन स्थिति में प्रशासन के पूर्ण सहयोग हेतू जिला के सभी पैट्रोल पम्प मालिक, संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी करने के आदेश भी दिए गए हैं कि कोई भी पैट्रोल पम्प मालिक खुले में बोतल, ड्रम में किसी को भी पैट्रोल, डीजल की सप्लाई न करें। इन आदेशों की कापियां प्रधान, पैट्रोल पम्प ऐसोसिएशन, जिला सिरसा व सभी पैट्रोल पम्प मालिकों को भी भेजीं गई है। दूसरी ओर किसानों और कंबाइन मालिकों का कहना है कि रबी सीजन में उन्हें डीजल का स्टॉक रखने की जरूरत होती है।

किसानों ने कहा कि वे गेहूं की कटाई के बाद खेत की जुताई और बुवाई के लिए अपने घरों में डीजल का स्टॉक रखते हैं, लेकिन इस बार समस्या पैदा हो गई है। वहीं प्राइवेट बस मालिकों और ट्रक अपरेटरो का कहना है कि अगर डीजल की किल्लत आती है तो उन्हें भी बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने ट्रेन के नीचे कूदकर आत्महत्या की

**ऐलनाबाद, 28 मार्च ( ब्यूरो ) :** ऐलनाबाद शहर में हनुमानगढ़ रोड पर स्थित रेलवे अंडरब्रिज के पास आज एक व्यक्ति ने ट्रेन के नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कान्हा राम पुत्र दुर्गा राम, निवासी वार्ड नंबर 1, ऐलनाबाद के रूप में हुई है। जीआरपी पुलिस चौकी ऐलनाबाद के इंचार्ज एसआई लक्ष्मण राम ने बताया कि आज सुबह उक्त व्यक्ति ने बठिंडा से जयपुर जा रही ट्रेन के नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने मृतक के रिश्तेदार दिनेश कुमार के बयान के आधार पर इस मामले में इतफाकिया कार्रवाई की है। मृतक के परिजनों ने बताया कि कान्हा राम मानसिक रूप से परेशान था और सिरसा के एक प्राइवेट अस्पताल से उसकी दवाई चल रही थी।

# शाहाबाद में पेट्रोल की कोई कमी नहीं : रविन्द्र शर्मा




**शाहाबाद मारकंडा, 28 मार्च ( रूबी ) :** शाहाबाद में पैट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच पैट्रोल पम्प संचालकों ने ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि क्षेत्र में पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। स्थानीय प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा ने बताया कि सभी पेट्रोल पम्पों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है और आम जनता को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह फैल रही अफवाहों पर ध्यान ना दें और सामान्य रूप से ही पेट्रोल का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि ना तो पैट्रोल-डीजल के दामों में कोई बढ़ौतरी हुई है ना ही कोई कमी है। उन्होंने कहा कि कम्पनियों द्वारा बिल्कुल स्पष्ट किया हुआ है कि पैट्रोल-डीजल में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। सुचारू रूप से पैट्रोल पम्प पर तेल की सुविधाएं है।

# इलेक्ट्रिक पैनल डिजाइनिंग और औद्योगिक स्वचालन विषय पर गोष्ठी का आयोजन

**नीलोखेड़ी, 28 मार्च ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआईईटी) के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने इलेक्ट्रिकल पैनल डिजाइनिंग और औद्योगिक स्वचालन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला द फाल्कन टेक्नोलॉजी, मोहाली के विशेषज्ञ वक्ता और तकनीकी प्रमुख दीपक ने संचालित की। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के छात्रों ने इस सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. नीरज कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. प्रवीण कुमार सैनी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. मोनिका गाबा (कार्यक्रम की समन्वयक) और दीपक वर्मा (सहायक प्रोफेसर) की उपस्थिति में किया गया। सत्र के दौरान, दीपक ने आधुनिक इंजीनियरिंग क्षेत्रों में औद्योगिक स्वचालन, पीएलसी डिजाइनिंग, सीएडी और अन्य प्रासंगिक उपकरणों के बढ़ते प्रभाव और इन तकनीकों द्वारा विद्युत क्षेत्र में



विनिर्माण परिदृश्य के भविष्य को कैसे नया आकार दिया जा रहा है, इस पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। सत्र का समापन एक संवादात्मक चर्चा के साथ हुआ, चर्चा में छात्रों ने बदलते औद्योगिक परिदृश्य में कैरियर के अवसरों के संबंध में प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने उनकी चिंताओं का समाधान किया और उन्हें आधुनिक औद्योगिक अभियांत्रिकी की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए विभिन्न सिमुलेशन और स्वचालन सॉफ्टवेयर उपकरणों में व्यावहारिक कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान के निदेशक एवं प्रधानाचार्य प्रो. अनिल रोज ने इस ज्ञानवर्धक कार्यशाला के आयोजन के लिए टीपीओ सेल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के साथ-साथ छात्रों को बधाई दी। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष ने कक्षा शिक्षण और औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करने वाली ऐसी गतिविधियों के आयोजन में सहयोग, प्रोत्साहन और प्रेरणा देने के लिए आदरणीय निदेशक-प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त किया। विभागाध्यक्ष ने बताया कि विभाग ने छात्रों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने के लिए एक तकनीकी क्लब और ऊर्जा-बचत प्रथाओं, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, वृक्षारोपण अभियान और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए एक ऊर्जा संरक्षण प्रकोष्ठ की स्थापना की है।

# रूपाली चाकणकर ने एनसीपी महिला प्रदेश अध्यक्ष पद से भी दिया इस्तीफा

**मुंबई, 28 मार्च ( निस ) :** नासिक के भोंदू बाबा अशोक खरात मामले में मुश्किल में फंसी रूपाली चाकणकर ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष पद के बाद अब एनसीपी महिला प्रदेश अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया है। खरात मामला सामने आने के बाद रूपाली चाकणकर पर महिला प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का दबाव था। अब उन्होंने इस पद से भी इस्तीफा दे दिया है। इस बीच रूपाली चाकणकर ने कहा है कि वह पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करती हैं। इस मामले पर बात करते हुए, चाकणकर ने कहा, हमने खरात केस में अपनी स्थिति पहले ही साफ़ कर दी है। इससे जुड़े किसी भी वित्तीय लेन-देन या गलत काम में हमारा कोई हाथ नहीं है। पुलिस जांच में ये बातें ज़रूर सामने आएंगी। हमने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक से मांग की है कि यह जांच पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की जाए। रूपाली चाकणकर ने कहा, मैंने खरात केस को लेकर पहले दिन ही अपनी स्थिति साफ़ कर दी थी। उनके वित्तीय लेन-देन या गलत काम में मेरा कोई हाथ नहीं है। जांच के दौरान ये सभी बातें ज़रूर सामने आएंगी। मीडिया में बिना किसी सबूत, झूठ और सच के जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वे दर्दनाक हैं। आपको बता दें कि अशोक खरात के खिलाफ़ सैकड़ों महिलाओं का यौन शोषण करने के आरोप में कार्रवाई की गई थी। रूपाली चाकणकर की अशोक खरात के साथ कुछ तस्वीरें वायरल होने के बाद, चाकणकर की आलोचना होने लगी थी। चाकणकर अशोक खरात को अपना गुरु मानती है, जिसके कारण यह बात सामने आई थी कि चाकणकर ने इनमें से कुछ पिछले मामलों में राजनीतिक दखल दिया था। अशोक खरात केस में विपक्षी पार्टियों ने रूपाली चाकणकर पर इस्तीफ़ा देने का दबाव बनाया था। यह भी खबर थी कि एनसीपी के एक गुट ने भी यह मांग की थी। उसके बाद रूपाली चाकणकर ने सबसे पहले राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के पद से इस्तीफ़ा दिया। उसके बाद अब उन्होंने एनसीपी की महिला प्रदेश अध्यक्ष के पद से भी इस्तीफ़ा दे दिया है। रूपाली चाकणकर अशोक खरात के शिवनिका ट्रस्ट की डायरेक्टर थीं। इसी वजह से उन पर आरोप लगने लगे थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चेतावनी दी थी कि अशोक खरात केस में जो भी दोषी होगा, जिसका भी अशोक खरात से कोई लेना-देना होगा, वह उसे बख्शेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने यह भी साफ़ किया कि अशोक खरात के शिवनिका ट्रस्ट के डायरेक्टरों की भी जांच होगी। इसलिए, रूपाली चाकणकर की भी जांच होने की संभावना है और उनकी मुश्किलें बढ़ेंगी।

# मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना की पात्र लाभार्थियों के अकाउंट में फरवरी का मानदेय फंड भेजने की प्रक्रिया शुरू

**मुंबई, 28 मार्च ( निस ) :** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना की पात्र लाभार्थियों के अकाउंट में फरवरी का मानदेय फंड भेजने की तकनीकि प्रक्रिया आख़िरकार शुक्रवार दिनांक 27 मार्च से अधिकृत रूप से शुरू हो गया है। महिला और बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करके इस बारे में जानकारी दी। पोस्ट में दी गई जानकारी के मुताबिक, यह फंड अगले दो से तीन दिनों में सभी पात्र महिलाओं के आधार लिंक्ड बैंक अकाउंट में जमा कर दिया जाएगा। मंत्री अदिति तटकरे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करके कहा, मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना की सभी पात्र लाभार्थियों को फरवरी महीने का सम्मान निधि बांटने की तकनीकि प्रक्रिया शुरू हो गया है। यह सम्मान निधि अगले 2-3 दिनों में सभी योग्य लाभार्थियों के आधार-लिंक्ड बैंक अकाउंट में जमा कर दी जाएगी। मुझे पूरा विश्वास है कि महायुति सरकार के पक्के इरादे, मुख्यमंत्री देवेंद्रजी फडणवीस,उपमुख्यमंत्री एकनाथजी शिंदे एवं उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के लगातार मार्गदर्शन और महाराष्ट्र की प्यारी बहनों के पक्के विश्वास के साथ मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना की मजबूत तरक्की इसी तरह जारी रहेगी। आगे उन्होंने कहा, जिन प्यारी बहनों की ई-केवायसी प्रक्रिया छूट गई है, उनके लिए इसे ठीक करने की सुविधा 31 मार्च, 2026 तक दी गई है। इस बारे में अदिति तटकरे ने 6 फरवरी को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि, हमें शिकायतें मिली हैं कि कुछ लाभार्थियों को ई-केवायसी प्रक्रिया के दौरान गलत ऑप्शन चुनने की वजह से योजना का फायदा मिलने में दिक्कत आ रही है। खासकर, वे सभी एलिजिबल लाभार्थी जिन्हें ई-केवायसी करने के बाद भी अभी तक योजना का फायदा नहीं मिला है, उन्हें अपनी ई-केवायसी जानकारी ठीक करने का 31 मार्च, 2026 तक एक और मौका दिया जा रहा है।

# साणंद बनेगा 'जीरो वाटर लॉगिंग' जोन, पीएम मोदी 31 मार्च को करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण

**अहमदाबाद, 28 मार्च ( निस ) :** 'विकसित गुजरात से विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के मंत्र के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मार्च, 2026 को गुजरात के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे के दौरान वे अहमदाबाद के साणंद शहर से गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) द्वारा पूरी की गई 271.20 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। अहमदाबाद जिले के साणंद में लगभग 2056 हेक्टेयर में फैला औद्योगिक क्षेत्र आज सेमीकंडक्टर, ऑटोमोबाइल और फार्मास्युटिकल्स जैसे हाई-टेक उद्योगों का हब बन गया है। यहां 1150 से अधिक इकाइयां कार्यरत हैं। मानसून के दिनों में इस क्षेत्र में होने वाली जमजमाव की गंभीर समस्या के स्थायी हल के लिए जीआईडीसी ने दो महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। इनमें पूर्व और पश्चिम ड्रेन प्रोजेक्ट के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के दोनों ओर 18.71 किमी लंबी आरसीसी स्टॉर्म वाटर ड्रेन बनाई गई है, जो आंतरिक और ऊपरी क्षेत्र के पानी की निकासी करेगी। इसके अलावा, साणंद-वीरमगाम हाईवे के मुख्य प्रवेशद्वारों के पास 18.35 किमी लंबी ड्रेन सिस्टम तैयार किया गया है। मार्च-2026 में पूरे हुए इस प्रोजेक्ट से साणंद औद्योगिक क्षेत्र अब 'जीरो वाटर लॉगिंग' जोन बनने की ओर आगे बढ़ रहा है।

1963 में स्थापित राज्य की सबसे बड़ी औद्योगिक बसाहटों में से एक नरोड़ा औद्योगिक क्षेत्र को भी राज्य सरकार की 'असिस्टेंस फॉर इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर (एआईआई)' योजना के तहत नया कलेवर दिया गया है। यहां 27.20 करोड़ रुपए के खर्च से विभिन्न कार्य पूरे किए गए हैं। इसके अंतर्गत, आंतरिक सड़कों का मजबूतीकरण और विस्तार, स्टॉर्म वाटर ड्रेन और प्राकृतिक नाले की लाइनिंग, 1.19 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में पेवर ब्लॉक, फुटपाथ और पार्किंग की सुविधा तथा नई स्ट्रीट लाइट्स, हाई-मास्ट लाइट्स, सिक्योरिटी केबिन और टॉयलेट ब्लॉक्स का निर्माण किया गया है।

इन परियोजनाओं के लोकार्पण से साणंद और नरोड़ा के हजारों लघु और बड़े उद्योगों को सीधा फायदा होगा। आधुनिक ड्रेन सिस्टम, स्मार्ट वाटर मीटर, सीसीटीवी सर्विलांस और सड़कों के मजबूतीकरण के कारण माल-सामान की आवाजाही आसान हो जाएगी और गुजरात वैश्विक निवेशकों के लिए और भी आकर्षक बन जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी सहित मंत्रिमंडल के सदस्य और अग्रणी उद्योगपति मौजूद रहेंगे।

# नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रेजुएशन-डे के रूप में वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ घोषित किया

**कुरुक्षेत्र, 28 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मोहन नगर, कुरुक्षेत्र में ग्रेजुएशन डे के रूप में वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने डिग्री की पोशाक पहन कर अपना परिणाम लिया। विद्यालय की ओर से भावी डॉक्टर, पुलिस, इंजीनियर तथा अध्यापक आदि के नाम के प्रॉप्स भी रखे ,जिनमे से बच्चों ने एक को चुना और मनमोहक फोटो खिंचवाई। बच्चों को रिपोर्ट कार्ड के साथ गिफ्ट्स भी दिए गए। बच्चों के साथ अभिभावकों में भी अपने बच्चे का वार्षिक परिणाम लेने के लिए उत्साह दिखा।

कक्षा प्री नर्सरी से नवम एवं एकादश में प्रथम पांच स्थानों पर आने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा द्वारा रिपोर्ट कार्ड दिए गए तथा उनके साथ विद्यार्थियों की फ़ोटो भी ली गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि जो विद्यार्थी, किसी अन्य विद्यार्थी अथवा सहपाठी के टॉप करने पर यह सोचते हैं, कि उन्होंने यह सफलता रातों-रात हासिल की है, या फिर उसकी अच्छी किस्मत होने की वजह से उसने यह मुकाम हासिल किया है, उनका यह सोचना सरासर गलत है, क्योंकि सफलता किसी को भी एक झटके में नहीं मिलती, लेकिन लगातार प्रयास करते रहने से एक दिन जरूर मिलती है।



सफलता उन्हीं को मिलती है, जिनके जीवन का एक लक्ष्य होता है और वे अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार होते हैं और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सच्चा दृढ़संकल्प लेते हैं और इसके लिए वे लगातार प्रयास करते रहते हैं। वहीं महान विद्धान स्वामी विवेकानंद जी ने भी अपने एक महान विचार के माध्यम से सफलता का सूत्र बताया है।

उन्होंने कहा है कि- इसलिए सभी छात्रों को भी अपने जीवन में एक लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिए, और अपनी पढ़ाई के प्रति गंभीर रहना चाहिए, तभी वे अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं।वहीं कुछ छात्र ऐसे भी होतें हैं, जो सिर्फ परीक्षा के समय में ही पढ़ते हैं, और पूरी साल मौज-मस्ती और अपने दोस्तों के साथ खेलकूद में अपना समय बर्बाद कर देते हैं, तो ऐसे छात्र पास तो हो जाते हैं लेकिन कुछ खास सफलता हासिल नहीं कर पाते हैं। वहीं दूसरी तरफ जो छात्र पूरी साल मेहनत, लगन और ईमानदारी से पढ़ाई करते हैं, वो ही क्लास में टॉप करते हैं।वहीं जिन छात्रों को पढ़ाई करने से डर लगता है, अथवा यह सोचते हैं कि वे फेल हो जाएंगे, और इसलिए मेहनत नहीं करते, तो उनका ऐसा सोचना बिल्कुल गलत है, क्योंकि किसी काम को करने के लिए प्रयास करने और विश्वास रखने की जरूरत होती है। इसलिए, सभी छात्रों को एक ध्येय बनाना चाहिए, और उसे पाने के लिए बिना रुके तब तक प्रयास करते रहना चाहिए, जब तक की उसे पा नहीं लें।। विद्यालय के डायरेक्टर श्री बी डी गाबा ने बताया कि विद्यालय न सिर्फ बच्चे की शैक्षणिक गतिविधियों पर ध्यान देता है बल्कि अतिरिक्त गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि जो प्रॉप्स रखे गए हैं।

वे इसी बात को दिखाते हैं कि बच्चे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं और विद्यालय तथा माता-पिता इसी बात को ध्यान में रख कर बच्चों की नींव मजबूत करें।

उन्होंने बच्चों को समझाया कि अगर किसी कारणवश अंक कम प्राप्त हुए हैं तो हमें हार नही माननी चाहिए बल्कि दृढ़ निश्चय और अपने मनोबल से हम हार को जीत में बदल सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और उनके माता पिता को उनके परीक्षा परिणाम पर शुभकामनाएं दीं और लगातार आगे बढ़ने को कहा।

इस अवसर पर मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मंजीत , पूनम, नैंसी, सीमा, परमज्योति, सोनिया,नीतू, हरिंदर, पायल, रिहाना, मधु, अंजलि, आशा, मोनिका, पूनम, कोमल, स्मृति, रुचिका रीमा, स्नेह, गीता, हेमंत, किरनजीत, शक्तिप्रकाश और जसमेर सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# लकड़ी चोरी मामले में पूंडरी पुलिस द्वारा 2 आरोपी गिरफ्तार

**पुंडरी, 28 मार्च ( जगदीश चन्द्र ) :** लकड़ी चोरी के मामले में थाना पूंडरी पुलिस द्वारा 2 आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि लकड़ी चोरी मामले की जांच थाना पूंडरी पुलिस के ही एचसी सुमित द्वारा करते हुए आरोपी अर्जुन नगर कैथल निवासी संदीप व कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि बृजलाल वन रक्षक इंचार्ज पूंडरी बीट की शिकायत अनुसार 6 सितम्बर की रात लगभग 1:30 बजे पुण्डरी-राजौंद रोड पर पीग फार्म, पाई के पास बोलेरो गाड़ी में लकड़ी चोरी कर लादी जा रही थी। गश्त कर रही वन विभाग की टीम को देखकर आरोपी भागने लगे और पीछा कर रही सरकारी गाड़ी को टक्कर मारने तथा कर्मचारियों को नुकसान पहुंचाने के लिए गाड़ी से लकड़ी के लट्ठे फेंकने लगे।

फॉरेस्ट टीम ने पीछा करते हुए कैथल के अर्जुन नगर से बोलेरो गाड़ी को काबू कर लिया। एक आरोपी खेड़ी बुल्लावाली, जिला जींद निवासी अंकित को मौके पर काबू कर लिया गया, तथा शेष आरोपी फरार हो गए थे। गाड़ी से 9 लकड़ी के लट्ठे, 2 तलवारें, 1 पेट्रोल आरा मशीन, 1 ससा (उपकरण) बरामद हुआ था। इस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया था। चोरी की वारदात में दोनो आरोपी भी शामिल थे। दोनो आरोपी न्यायालय में पेश किए जाएंगे, जिनसे पूछताछ की जा रही है।



# मां झंडेवाली की कृपा अपरंपार है, भक्तों पर कष्ट नहीं आने देती : राजेश अघी



**करनाल, 28 मार्च ( सोनी दुआ ) :** पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर एवं पार्षद राजेश अघी ने कहा कि मां झंडेवाली की कृपा अपरंपार है। सच्चे हृदय से उनकी पूजा अर्चना करने वाले व्यक्ति का जीवन सार्थक हो जाता है। मां कभी अपने भक्तों पर कष्ट नहीं आने देती। वह भाजपा कार्यालय प्रमुख प्रमोद नागपाल व सुमित पाल सिंह के साथ मां झंडेवाली सेवा समिति की ओर से आयोजित चौकी में दर्शनों के लिए पहुंचे थे। यहां समिति सदस्यों द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। माता को चुनरी अर्पित कर आशीर्वाद लिया गया। राजेश अघी ने कहा कि करनाल धार्मिक नगरी है। यहां अध्यात्मिक कार्यक्रम निरंतर रूप से होते हैं। दो अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जगह-जगह कार्यक्रम होंगे और भंडारे लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। प्रमोद नागपाल ने भी सभी हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी।

# 20 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर, 28 मार्च ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस की एंटी नारकोटिक




सेल नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में टीम ने 20 ग्राम हीरोइन (स्मैक) के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया है। इंचार्ज अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक प्रताप नगर अनाज मंडी के पास बाइक पर सवार होकर नशा लेकर आने वाला है। इस सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक आशीष कुमार, एएसआई कुलदीप, जयपाल, राजेंद्र, पंकज और अमित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया, जिसे टीम ने रुकने का इशारा किया। जांच के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट को मौके पर बुलाया गया और नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से 20 ग्राम हीरोइन (स्मैक) बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान प्रताप नगर निवासी रेती मोहल्ला निवासी अकरम पुत्र अब्दुल हमिद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी नशा तस्करी का एक मामला दर्ज है, जो कोर्ट में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देशानुसार जिले में नशा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि एंटी नारकोटिक सेल की टीम लगातार सक्रिय है और नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि जिले को नशा मुक्त बनाया जा सके।

# पुंडरीक तीर्थ पर विधायक सतपाल जाम्बा ने स्नान कर की सुख-शांति की कामना

**पुंडरी, 28 मार्च ( जगदीश चन्द्र ) :** चैत्र नवरात्रि की दशमी के पावन



अवसर पर आज पुंडरी के पवित्र पुण्डरीक तीर्थ में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक सतपाल जाम्बा ने तीर्थ स्थल पर पहुंचकर विधिवत स्नान किया तथा दीप प्रज्वलित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। सुबह के समय वातावरण में भक्ति और आध्यात्मिकता का माहौल बना रहा। विधायक जाम्बा ने तीर्थ स्थल की पवित्रता को नमन करते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। विधायक सतपाल जाम्बा ने अपने संबोधन में कहा कि पुण्डरीक तीर्थ हमारी आस्था और संस्कृति का महत्वपूर्ण केंद्र है। चैत्र नवरात्रि के इस पावन अवसर पर यहां स्नान और दीप प्रज्वलन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की है। मेरी प्रार्थना है कि मां भगवती की कृपा सभी पर बनी रहे और हमारा क्षेत्र निरंतर प्रगति करता रहे। उन्होंने कहा कि धार्मिक परंपराएं हमें हमारी संस्कृति से जोड़ती हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। ऐसे पावन अवसरों पर एकजुट होकर प्रार्थना करना सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को भी मजबूत करता है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भी विधायक के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया और क्षेत्र की उन्नति के लिए कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विधायक की इस धार्मिक आस्था और क्षेत्र के प्रति समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने सभी श्रद्धालुओं को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# निसिंग अनाज मंडी में पेड़ों पर चली आरी, छांव खत्म–ट्रांसफार्मर बन रहा खतरा





**निसिंग, 28 मार्च ( जोगिंद्र सिंह ) :** निसिंग की अनाज मंडी में एक तरफ जहां गर्मी में राहत देने वाले पेड़ों को ऊपर से काटकर अधूरा छोड़ दिया गया है, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। मंडी में लगे ट्रांसफार्मर को वर्षों से पेड़ों की घनी टहनियों ने पूरी तरह घेर रखा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। अनाज मंडी में गर्मी के मौसम से पहले ही हरे भरे पेड़ों को ऊपर से काटना कई सवाल खड़े कर रहा है,जिससे किसानों और मजदूरों की सबसे बड़ी राहत—छांव—छिन गई है। मंडी में फसल लेकर आने वाले किसान जहां पहले पेड़ों के नीचे आराम करते थे, वहीं अब उन्हें तेज धूप का सामना करना पड़ेगा। मौके पर हालात और भी चिंताजनक हैं। एक तरफ जहां कई हरे–भरे पेड़ों को बेरहमी से ऊपर से काट दिया गया, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की लापरवाही साफ नजर आ रही है। मंडी में लगा ट्रांसफार्मर पूरी तरह पेड़ों की टहनियों में घिरा हुआ दिखाई दे रहा है, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। लोगों का कहना है कि अगर पेड़ों की छंटाई करनी ही थी तो संतुलित तरीके से की जानी चाहिए थी, ताकि छांव भी बनी रहे और बिजली लाइनों से खतरा भी टले। लेकिन यहां बिना सोचे–समझे पेड़ों को ऊपर से काट दिया गया, जिससे पर्यावरण और आमजन दोनों को नुकसान हुआ है। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या इन पेड़ों की कटाई के लिए प्रशासन से अनुमति ली गई थी या नहीं। अगर बिना परमिशन के हरे पेड़ काटे गए हैं, तो यह नियमों का खुला उल्लंघन है। इस संबंध में जब मंडी सुपरवाइजर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे पास फोन आया था कि मंडी गेट से ऊपर को बिजली की बड़ी लाइन निकली हुई हैं और इनके नीचे कई बड़े पेड़ खड़े हुए हैं। इनकी कटाई छंटाई करनी है। लेकिन उन्होंने पेड़ों से छांव बिल्कुल ही खत्म कर दी।जो कि लकड़ियां भी यही पर पड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की स्कीम के तहत जो भी बड़ी लाइनों के नीचे पेड़ खड़े हुए हैं। उनकी कटाई छंटाई की जा रही है।

**मयंक, मंडी सुपरवाइजर निसिंग**

# युवक ने प्रेम कर किया पहले विवाह से इंकार

**जबलपुर, 28 मार्च ( निस ) :** खमरिया थाना क्षेत्र में पुलिस की सख्ती और कानूनी कार्रवाई के डर से अंततः प्रेम संबंध के बाद शादी से मुकरने वाले युवक को मंदिर में अपनी प्रेमिका के साथ विवाह की रस्म अदा करनी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत कुशवाहा नामक युवक का शालिनी ठाकुर के साथ लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच विवाह को लेकर पूर्व में सहमति भी थी परंतु कुछ समय बाद रंजीत के व्यवहार में बदलाव आने लगा और उसने शादी की बात को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया। जब शालिनी ने शादी का दबाव बनाया तो वह बहानेबाजी करने लगा और अंततः एक दिन उसने रिश्ते को निभाने से स्पष्ट मना कर दिया।

प्रेमी की इस धोखाधड़ी का अहसास होने पर शालिनी ठाकुर ने खमरिया थाना पहुंचकर रंजीत के विरुद्ध शिकायत दर्ज करा दी। युवती ने पुलिस को जानकारी दी कि युवक ने शादी का भरोसा दिलाकर उसके साथ संबंध स्थापित किए और अब अपने वादे से पीछे हट रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने युवक पर दबाव बनाया। इसके बाद एफआईआर और जेल जाने के डर से रंजीत कुशवाहा के तेवर ढीले पड़ गए और उसने तत्काल शादी के लिए अपनी स्वीकृति दे दी। अंततः पुलिस की निगरानी में दोनों पक्षों की मौजूदगी में मंदिर में दोनों ने एक–दूसरे को माला पहनाकर वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया।

# कॉलेज अधिकारियों पर छात्रों ने एफआईआर दर्ज करवाया

**मुंबई, 28 मार्च ( निस ) :** मुंबई के बांद्रा में डॉ. बलिराम हिराय कॉलेज ऑफ़ आर्किटेक्चर के छात्रों ने, जिन्होंने 2021–22 से शुरू होने वाले पाँच बैचों में इंटीरियर डिज़ाइन में एडमिशन लिया था, बांद्रा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कॉलेज अधिकारियों पर शैक्षणिक धोखाधड़ी, संस्थागत गलतबयानी, आर्थिक अपराध, शैक्षणिक रिकॉर्ड में गड़बड़ी, पारदर्शिता की कमी और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। छात्रों का कहना है कि छात्रों के पहले बैच को बताया गया था कि यह कोर्स मणिपुर की संगाई यूनिवर्सिटी से मान्यता प्राप्त है, जिसे 2024 में मान्यता रद्द कर दी गई थी। छात्रों का दावा है कि उन्हें मान्यता रद्द होने के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और उन्होंने 2025 में अपना अंतिम वर्ष पास कर लिया था। तब से उन्हें अपनी मार्कशीट और डिग्री के लिए इंतज़ार करवाया जा रहा है। पिछले महीने, उन्हें बताया गया कि डिग्री सिक्किम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा दी जाएगी। छात्रों ने कहा कि यह यूनिवर्सिटी भी यूजीसी की डिफ़ॉल्टर सूची में शामिल थी। बार–बार कोशिशों के बावजूद, कॉलेज उन्हें मान्यता का कोई सबूत नहीं दे पाया। 14 मार्च को, पहले बैच के छात्रों को आखिरकार उनकी मार्कशीट मिल गईं, लेकिन उनमें गलत विवरण थे, अंक बदले हुए थे, और शोध–प्रबंध जैसे मुख्य विषय हटा दिए गए थे। इसके पीछे यह तर्क दिया गया कि यूनिवर्सिटी ये विषय नहीं पढ़ाती है। बहरहाल पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

# अपहरण और लूटपाट मामले में मुंबई पुलिस के दो सिपाही गिरफ्तार और निलंबित

**मुंबई, 28 मार्च ( निस ) :** मुंबई में बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और जोगेश्वरी पुलिस स्टेशनों में तैनात दो पुलिस कांस्टेबलों को बुधवार को जुहू में एक फॉरेक्स कंपनी के डिलीवरी एग्जीक्यूटिव का अपहरण करने और उससे 10,000 डालर लूटने के आरोप में गिरफ्तार और निलंबित कर दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़ित एक क्लाइंट को विदेशी मुद्रा देने के लिए जुहू गया था, तभी पांच लोगों ने उसे रोक लिया, जिनमें कांस्टेबल संदीप शिंदे (33) और गजेंद्र राजपूत (40) भी शामिल थे। आरोपियों ने उसे जबरदस्ती एक कार में बिठाया, उसे दहिसर ले गए और उससे लूटपाट की। शिंदे को दहिसर में गश्त कर रहे अधिकारियों ने मौके पर ही पकड़ लिया, जब उन्होंने पीड़ित के साथ हो रही हाथापाई को देखा। बाकी चार आरोपी भागने में सफल रहे। जुहू पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान, शिंदे ने एक अन्य कांस्टेबल, राजपूत की संलिप्तता का खुलासा किया, जिसे बाद में ठाणे स्थित उसके घर से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस फिलहाल फरार चल रहे अन्य तीन आरोपियों की तलाश कर रही है और अभी तक लूटी गई नकदी बरामद नहीं कर पाई है। दोनों कांस्टेबल पुलिस हिरासत में हैं और शिंदे को कोर्ट ने 10 दिनों की पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है।

# 4 साल के बच्चे का अपहरण कर लूटने के मामले में दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई, 28 मार्च ( निस ) :** मुंबई की विक्रोली पुलिस ने 4 साल के बच्चे का अपहरण कर लूटने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि बच्चे से ज़बरदस्ती सोने की बालियां छीन ली गईं।

पुलिस के मुताबिक, विक्रोली इलाके में चार साल का बच्चा क्रीम बिस्किट खरीदने के लिए पास की एक दुकान जा रहा था, तभी दो अज्ञात लोग उसके पास आए, उसे उठाया और एक नाले के पास गली के पीछे सुनसान जगह पर ले गए। एक आरोपी ने अपने दांतों से बच्चे के कानों से सोने की बालियां काट लीं और फिर उन्हें ज़बरदस्ती खींचकर निकाल लिया, जिससे बच्चे को चोट लग गई। बच्चे के माता–पिता की शिकायत के बाद, भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 309(4), 97, और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद बशीर उर्फ उबेद सलीम शेख (25) और अरबाज ज़ाहिदअली पठान उर्फ अल्लू (24) के रूप में हुई है, दोनों विक्रोली पूर्व के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि दोनों आरोपियों का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामान, 4 ग्राम वज़न की सोने की बालियां, जिनकी कीमत 50,000 है, बरामद कर लिया है। आगे की जांच चल रही है।

# बंदरों को तीरों से घायल करने वालों के बारे में जानकारी देने वालों को 25,000 रुपये के नकद इनाम की घोषणा

**ठाणे, 28 मार्च ( निस ) :** महाराष्ट्र वन विभाग ने 25,000 रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। यह इनाम उस व्यक्ति को दिया जाएगा जो उस अज्ञात व्यक्ति के बारे में कोई भी अहम सुराग या जानकारी देगा, जिसने हाल ही में ठाणे इलाके में तीन बोनेट मैकाक (बंदरों की एक प्रजाति) को तीरों से घायल कर दिया था। इस बीच, वन अधिकारियों और रेस्किंक एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेलफेयर की टीम के सदस्यों ने ठाणे के येऊर इलाके में तीन तीरंदाजी प्रशिक्षण अकादमियों का दौरा किया और वहां के कर्मचारियों से उन तीरों के प्रकार के बारे में पूछताछ की, जिनका इस्तेमाल उस अज्ञात आरोपी ने बंदरों को मारने के लिए किया था। रेस्किंक एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेलफेयर के संस्थापक और मानद वन्यजीव वार्डन पवन शर्मा ने कहा, इस्तेमाल किए गए तीरों पर कुछ खास निशान हैं, जिनकी मदद से हम यह पता लगा सकते हैं कि तीरंदाजी का कौन सा प्रशिक्षण स्कूल इस तरह के तीरों का इस्तेमाल कर रहा था। बोनेट मैकाक, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम की अनुसूची 1 के तहत अत्यधिक संरक्षित वन्यजीव प्रजातियों में से एक है।

# जिला अध्यक्ष तजेंद्र सिंह गोल्डी के नेतृत्व में पीपली माजरा के लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**कुरुक्षेत्र, 28 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** गांव पीपली माजरा की के मौजूद लोगों ने अन्य दलों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। भाजपा जिला अध्यक्ष तजेंद्र सिंह गोल्डी ने सभी समर्थकों को पार्टी का पटका पहना कर सभी का भारतीय जनता पार्टी में स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा, विकास की प्रतिबद्धता और मजबूत नेतृत्व में बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनहितकारी नीतियों और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पारदर्शी व विकासोन्मुख कार्यशैली से प्रभावित होकर लगातार लोग भाजपा परिवार से जुड़ रहे हैं। गांव पीपली माजरा के सभी साथियों का हृदय से स्वागत करते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि उनके संगठन में मान समान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर वाल्मीकि समाज,पाल समाज, सिख समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस दौरान मौजूद व्यक्तियों में रमनदीप सिंह, निर्वैर सिंह, कश्मीर सिंह, गुरविंदर सिंह, पंजाब सिंह, अमीर सिंह, अंग्रेज सिंह, केवल सिंह, सुखजिंदर सिंह, दलेर सिंह, गुरदयाल सिंह, गुरमेज सिंह, गुरबाज सिंह, मेजर सिंह, गुरमीत सिंह, साहब सिंह, कुलदीप सिंह, शोभा सिंह, हरविंदर सिंह, मलक सिंह, प्रगट सिंह, रणधीर सिंह, बलदेव सिंह, महेंद्र सिंह, गुरमेज सिंह, कश्मीर सिंह, सुभाष वाल्मीकि, मलखान, बीरा राम, राजबीर, सतपाल मौजूद रहे।

# पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय में रचनात्मक लेखन पर अतिथि व्याख्यान आयोजित





**करनाल, 28 मार्च ( यशपाल कादियान ) :** पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय, करनाल में एन.एस.एस. इकाई एवं अंग्रेज़ी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रचनात्मक लेखन एवं रोमांटिसिम विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. विकास शर्मा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, (अंग्रेजी) चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.)थे। उन्होंने एम.ए.अंग्रेज़ी एवं बीए ऑनोर्स अंग्रेज़ी के विद्यार्थियों को रचनात्मक लेखन के मूल तत्वों से अवगत कराया तथा रोमांटिक युग पर विस्तार से चर्चा करते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं और साहित्यिक योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को मौलिकता और रचनात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी के मार्गदर्शन में किया गया तथा सीनियर ट्यूटर जरनैल सिंह ने समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन डॉ संजीव ने किया। एन.एस.एस. की ओर से डॉ. करमजीत कौर का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अंग्रेज़ी विभाग के प्राध्यापकगण प्रो. नरेश सचदेवा, डॉ. किरण दलाल, प्रो. मोना बत्रा, डॉ. ममता, प्रो. पूजा, प्रो. सुनील, प्रो. जगमाल, डॉ. शीतल और अन्य विभागों से डॉ परवीन वत्स, डॉ रणजीत सिंह, डॉ राजेश मेहरा, डॉ राजेश रांझा, डॉ सुनील दत्त, डॉ निधि शर्मा, डॉ विकास, उपस्थित रहे। व्याख्यान का समापन एक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जिसे विद्यार्थियों ने सराहा।

# मैंने सिर्फ पर्दा हटाया उद्घाटन आप करें

**नोएडा, 28 मार्च ( निस ) :** मैंने सिर्फ पर्दा हटाया है, उद्घाटन आप लोग करें। जेवर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी ने जनता से अनोखी अपील की, जिसके बाद वहां मौजूद भीड़ झूम उठी। एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी ने लोगों से पूछा– उद्घाटन हो गया? नहीं। अभी आधा काम हुआ है। मैंने सिर्फ पर्दा हटाया है। लेकिन मैं आज चाहता हूं कि इस एयरपोर्ट का उद्घाटन यहां जो भी मौजूद है, आप सब करें। इसके बाद वहां मौजूद भीड़ झूम उठी। पीएम मोदी ने जनता से अपील करते हुए कहा– आप लोग अपना मोबाइल फोन निकालिए और अपने फोन का फ्लैश लाइट जलाइए। आप लोग खुद इसका उद्घाटन दिया जलाकर करिए। यहां उपस्थित हर व्यक्ति आज इस एयरपोर्ट का उद्घाटन कर रहा है। ये आप सबकी अमानत है। ये आपका भविष्य है। इसलिए उसका उद्घाटन भी आपके हाथों से हो रहा है। हाथ ऊपर करके फ्लैश लाइट दिखाइए। इसके बाद पीएम मोदी ने भारत माता की जय के नारे लगवाए और पूरा माहौल गूंज उठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मैं जहां भी देखता हूं, मुझे उत्साहित और ऊर्जावान युवा नजर आते हैं। ये युवा जानते हैं कि यह प्रोजेक्ट उनके भविष्य को नई उड़ान देगा। आज हम विकसित यूपी, विकसित भारत अभियान में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश अब देश के उन राज्यों में से एक बन गया है, जहां सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। मुझे विशेष रूप से खुशी है कि मुझे इस हवाई अड्डे की आधारशिला रखने और इसका उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला, जिसे मैंने आप सभी के साथ साझा किया। जिस राज्य ने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना, अब उसकी पहचान इस भव्य हवाई अड्डे से होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के जेवर में 11,282 करोड़ रुपये की लागत से बने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन किया। यह प्रोजेक्ट चार चरणों में पूरा होगा जिसकी कुल अनुमानित लागत 29,560 करोड़ रुपये है। सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ राज्यपाल, कई केंद्रीय और राज्य मंत्री भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर पूरे गौतमबुद्ध नगर में सुरक्षा के व्यापक और बहुस्तरीय इंतजाम किए गए हैं। इसमें सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों से लेकर हजारों पुलिसकर्मी लगाए गए हैं।

# सीबीआई की अदालत में एसईसीएल के असिस्टेंट मैनेजर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**जबलपुर, 28 मार्च ( निस ) :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल जोनल ऑफिस ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के प्रविधानों के तहत, प्रभाकर शुक्ला असिस्टेंट मैनेजर (सर्वे) साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), कोरबा, छत्तीसगढ़ के मामले में लगभग 83.24 लाख रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। ईडी ने सीबीआई, एसीबी, जबलपुर द्वारा प्रभाकर शुक्ला के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, 1988 के प्रविधानों के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। यह एफआईआर, उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में दर्ज की गई थी। इसके बाद सीबीआई ने भी इस मामले में विशेष न्यायाधीश जबलपुर के समक्ष चार्जशीट दायर की है। ईडी की जांच में पता चला कि एक मार्च 2008 से 30 नवंबर 2022 की जांच अवधि के दौरान प्रभाकर शुक्ला ने लगभग 83.24 लाख रुपये की अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की थी। जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों का लगभग 39.83 प्रतिशत है। सार्वजनिक पद पर रहते हुए अवैध रूप से अर्जित की गई ये अपराध से प्राप्त आय, नकद जमा के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में डालकर और आरोपित तथा उसके परिवार के सदस्यों, जिसमें उसकी पत्नी और बेटियां शामिल हैं के नाम पर खोले गए कई खातों के जरिए घुमाकर वैध बनाने की कोशिश की गई। इन पैसों को आगे एफडीआर, वित्तीय निवेश, बीमा पॉलिसियों और जमीन के टुकड़ों सहित चल और अचल संपत्तियों की खरीद के ज़रिए और भी ज़्यादा घुमाया गया और वैध संपत्तियों में मिला दिया गया।

जांच में यह भी पता चला कि परिवार के उन सदस्यों के खातों का इस्तेमाल पैसों के असली स्त्रोत को छिपाने के लिए किया गया, जिनकी अपनी कोई स्वतंत्र आय नहीं थी और आरोपित अपनी आय के स्त्रोतों को साबित करने में असफल रहा। आगे की जांच अभी जारी है।

# हर पैसे का हिसाब दिया जाएगा : सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, 28 मार्च ( निस ) :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के वित्तीय रिकॉर्ड की कड़ी आलोचना की। उन्होंने आप पर दिल्ली को 47000 करोड़ रुपए के कर्ज के बोझ तले छोड़ने का आरोप लगाया। सीएम गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के वित्तीय रिकॉर्ड की कड़ी आलोचना की। उन्होंने आप पर दिल्ली को 47000 करोड़ रुपए के कर्ज के बोझ तले छोड़ने का आरोप लगाया। बजट सत्र के आखिरी दिन विधानसभा में सीएम गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार को यह कर्ज विरासत में मिला था, जिसमें से 27547 करोड़ रुपए अभी भी बकाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अब हम पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए देनदारियों को संभालने पर काम कर रहे हैं। मंगलवार को सीएम गुप्ता ने 2026–27 के लिए 103700 करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा, हरित पहलों और सामाजिक कल्याण पर जोर दिया गया था। शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा ने इस बजट को पारित कर दिया। सीएम गुप्ता ने कहा कि दिल्ली अब एक नए दौर में प्रवेश कर रही है, जो बहानों के बजाय नतीजों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह एक नई सरकार है, जिसका काम करने का तरीका भी नया है। हमारा पूरा जोर काम को पूरा करने पर होगा। बजट को विकास–उन्मुख बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें अब तक का सबसेज्यादा पूंजीगत खर्च शामिल है। इसका लक्ष्य केवल कल्याणकारी योजनाओं तक सीमित न रहकर जमीनी स्तर पर भी असर डालना है।

# पीएम मोदी का अखिलेश यादव पर तंज

**नोएडा, 28 मार्च ( निस ) :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसा। मोदी ने कहा कि नोएडा को पहले अंधविश्वास के कारण अपने हाल पर छोड़ दिया गया था। कुर्सी जाने के डर से सत्ताधारी यहां आने से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसा। मोदी ने कहा कि नोएडा को पहले अंधविश्वास के कारण अपने हाल पर छोड़ दिया गया था। कुर्सी जाने के डर से सत्ताधारी यहां आने से डरते थे। पीएम ने कहा कि मुझे याद है जब यहां सपा की सरकार थी और मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया। मुख्यमंत्री इतने डरे हुए थे कि वो उस कार्यक्रम में नहीं आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जेवर के नोएडा इंटनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध पर चर्चा करते हुए बताया कि किस तरह पूरी दुनिया इस युद्ध से प्रभावित हो रही है। इस दौरान पीएम मोदी ने बताया कि जब पूरी दुनिया युद्ध से प्रभावित है, ऐसे में समय में भारत भी उससे प्रभावित है, लेकिन फिर भी देश लगातार तेज विकास कर रहा है। इस दौरान पीएम मोदी ने पिछले कुछ सप्ताह में यूपी में हुए चार बड़े काम गिनाए।

# आयुष विश्वविद्यालय में पुष्य नक्षत्र पर स्वर्ण प्राशन शिविर

*– 474 बच्चों को दी गई औषधीय खुराक*



**कुरुक्षेत्र, 28 मार्च ( सुदेश कुमार ) :** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में पुष्य नक्षत्र के अवसर पर स्वर्ण प्राशन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ भाग लिया। इस दौरान कुल 474 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। यह शिविर कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों के समग्र शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देना है। बाल रोग विशेषज्ञ प्रो. डॉ. अमित कटारिया ने बताया कि स्वर्ण प्राशन में प्रयुक्त स्वर्ण भस्म या गोल्ड नैनो पार्टिकल्स बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के साथ-साथ मस्तिष्क के विकास, स्मरण शक्ति में वृद्धि और बार-बार होने वाले संक्रमणों को कम करने में सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और बच्चों के विकासात्मक मापदंडों में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिलता है। वहीं, विभागाध्यक्ष प्रो. वैद्य शंभू दयाल शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद में वर्णित स्वर्ण प्राशन संस्कार एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो बाल्यावस्था में मेधा, स्मृति, अग्नि और ओज को बढ़ाने में सहायक मानी गई है। सह प्राध्यापक डॉ. सुधीर मलिक ने बताया कि पुष्य नक्षत्र में स्वर्ण प्राशन कराने का विशेष महत्व है, क्योंकि इस समय दी गई औषधि अधिक प्रभावी और दीर्घकालिक परिणाम देने वाली मानी जाती है। आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. राजा सिंगला ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रत्येक पुष्य नक्षत्र पर नियमित रूप से इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि अगला स्वर्ण प्राशन शिविर 24 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर डॉ. जयदेव, डॉ. प्रोमिला ठाकुर, पीजी स्कॉलर्स डॉ. विशाल, डॉ. अलका, डॉ. पंकज, डॉ. दीक्षा, डॉ. स्वांगी, डॉ. महक, डॉ. देवेंद्र और डॉ. ललिता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**पुंडरी, 28 मार्च ( जगदीश चन्द्र ) :** पुंडरी क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले की जांच थाना पुंडरी पुलिस के पीएसआई नवनीत की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव बिच्छियां निवासी मलकीत को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव खेड़ी सिकन्दर निवासी सुमित कुमार की शिकायत अनुसार वह 28 फरवरी 2025 को अपनी मोटरसाइकिल लेकर गांव ट्योंठा गया था, जहां उसने बाइक को एक दुकान के पास गली में खड़ा किया और किसी काम से करनाल चला गया।

जब वह रात को वापस लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर पता चला कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक को चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना पुंडरी में मामला दर्ज कर लिया गया।

चोरीशुदा बाइक पहले ही कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा बरामद की जा चुकी हैं, जिसे कैथल पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई तहत बरामद करके शिकायतकर्ता को सौंपा जा चुका है। आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पुंडरी में सुबह की चाय के साथ संगठन पर मंथन, विधायक जाम्बा ने सुनी कार्यकर्ताओं की बात



**पुंडरी, 28 मार्च ( जगदीश चन्द्र ) :** पुंडरी में सुबह एक आत्मीय और सकारात्मक माहौल में विधायक सतपाल जाम्बा ने अपने कार्यकर्ता साथियों के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, क्षेत्र के विकास कार्यों और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने खुलकर अपने विचार और सुझाव विधायक के समक्ष रखे। चाय के इस अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम में विधायक ने कार्यकर्ताओं की बातों को गंभीरता से सुना और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता होते हैं और उनकी राय व सुझावों के आधार पर ही विकास कार्यों को गति दी जा सकती है। विधायक सतपाल जाम्बा ने अपने संबोधन में कहा कि पुंडरी मेरा परिवार है और कार्यकर्ता इस परिवार की मजबूत नींव हैं। आप सभी के सुझाव मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम सब मिलकर क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे। संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर हम जनसेवा के कार्यों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे लोगों की समस्याओं को समझकर उन्हें समय पर संबंधित विभागों तक पहुंचाएं, ताकि उनका समाधान शीघ्र हो सके। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े सुझाव रखे, जिन पर विधायक ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाएगी तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विधायक की सादगी और संवाद शैली की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम संगठन को और अधिक मजबूत बनाते हैं और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हैं। चाय पर चर्चा का यह कार्यक्रम आपसी समन्वय, संवाद और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बनकर सामने आया, जिसमें विकास और जनसेवा को लेकर सकारात्मक दिशा तय की गई।

## श्री राम नाटक क्लब की ओर से शोभायात्रा का आयोजन

*– पवन कुमारी शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की*





**कालका, 28 मार्च ( अख्तर फ़ारूक़ी/अजीत सिंह ) :** कालका में श्री राम नाटक क्लब की ओर से रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा नगर परिषद कार्यालय कालका से विधिवत रूप से शुरू हुई, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन कुमारी शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर श्री राम नाटक क्लब के प्रधान साधु कुमार व अन्य सदस्यों ने पवन कुमारी शर्मा को श्री रामचरितमानस भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। शोभायात्रा बाजार से होते हुए निकाली गई, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा इसका भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जिनमें अघोरी झांकी, लव-कुश की झांकी तथा भगवान श्री राम की भव्य झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए और जय श्री राम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर पवन कुमारी शर्मा ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और धार्मिक भावना को मजबूत करते हैं। इस मौके पर संजू, किशोरी , काला, उजाला बक्शी, सीमा, बलबीर कौर, निश्चिंत शर्मा महिला मोर्चा कालका मंडल अध्यक्ष, कामिनी, शिव कुमार सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई।

# एस.डी. महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं ने खेलों में लहराया परचम, 45 खिलाड़ियों को मिला सम्मान



**नरवाना 28 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** क्षेत्र के एस.डी. महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने एक बार फिर खेलों के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान ने जानकारी देते हुए बताया कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा आयोजित वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह में सत्र 2023-24 एवं 2024-25 के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में एस.डी. महिला महाविद्यालय की कुल 45 छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। महाविद्यालय पहुंचने पर संस्था के उपप्रधान राजकुमार गोयल, महासचिव जियालाल गोयल एवं प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान ने खेल प्रशिक्षक मनीषा और सभी विजेता छात्राओं का भव्य स्वागत किया। खेल प्रशिक्षक मनीषा ने बताया कि सत्र 2023-24 में 24 छात्राओं एवं सत्र 2024-25 में 21 छात्राओं को कुल 9,36,100 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्राप्त हुई। इसके साथ ही महाविद्यालय ने सत्र 2023-24 में रनर-अप ट्रॉफी तथा सत्र 2024-25 में ओवरऑल ट्रॉफी हासिल कर नई उपलब्धि दर्ज की। प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान ने रीनू, पूनम, ज्योति, मोनिका, सुमिति, निशा, संजू, कोमल सहित सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, छात्रा सोनिया को बेस्ट एथलीट चुना जाना महाविद्यालय के लिए विशेष गौरव का विषय रहा। इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार गोयल, महासचिव जियालाल गोयल व कोषाध्यक्ष धर्मवीर गोयल ने खेल प्रशिक्षक मनीषा, विजेता छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां संस्थान की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम हैं। महाविद्यालय की इस शानदार सफलता से न केवल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा है बल्कि पूरे क्षेत्र में संस्थान की प्रतिष्ठा भी और मजबूत हुई है।

# एंटी व्हीकल थेप्ट सेल टीम ने दो बाइक चोरों को किया गिरफ्तार, दो बाइक बरामद



**यमुनानगर, 28 मार्च ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट सेल टीम ने दो विभिन्न स्थानों से दो बाइक चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों से चोरी की दो बाइक बरामद की गई। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक के हिरासत में भेज दिया। इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की बाइक को लेकर कलानौर बॉर्डर होते हुए होते हुए जाएगा। इस सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक बाइक में आता दिखाई दिया। टीम ने उनको रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ में जिनकी पहचान सहारनपुर के गांव राजपुरा पहलवानपुर निवासी विशाल उर्फ विवेक पुत्र बेदू उर्फ तेजपाल के नाम से हुई। आरोपी ने यह बाइक 28 फरवरी 2026 को सुखसागर पैलेस के सामने से चोरी की थी। आरोपी पर पहले भी चोरी के तीन मुकदमे दर्ज है जो न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी दूसरी टीम ने बाड़ी माजरा पुल से एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी ने यह बाइक 25 मार्च को रायपुर कॉलोनी से चोरी की थी। आरोपी की पहचान विशाल नगर कॉलोनी निवासी मनोज उर्फ मनोजी पुत्र प्रकाश चंद के नाम से हुई। आरोपी पर पहले भी चोरी के तीन मुकदमे दर्ज हैं जो न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक के हिरासत में भेज दिया।

# बाल श्रम बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय ही नहीं, बल्कि मानव अधिकारों का है सीधा उल्लंघन : शुभम शर्मा

*कहा : जिस उम्र में बच्चों को शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए, उस उम्र में उनसे मजदूरी करवाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण*



**करनाल, 28 मार्च ( प्रवीन ) :** बाल श्रम जैसी गंभीर सामाजिक समस्या को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से भारतीय मानव अधिकार संरक्षण संघ लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संस्था द्वारा बच्चों के अधिकारों की रक्षा और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। संघ के राष्ट्रीय सचिव शुभम शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि बाल श्रम बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय ही नहीं, बल्कि मानव अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि जिस उम्र में बच्चों को शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए उस उम्र में उनसे मजदूरी करवाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों से भीख मंगवाने की प्रवृत्ति भी तेजी से बढ़ रही है, जो एक गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है। छोटे-छोटे बच्चों को सड़कों, चौराहों और बाजारों में भीख मांगने के लिए मजबूर किया जाता है जो उनके अधिकारों का खुला हनन है। उन्होंने कहा कि बच्चों से भीख मंगवाना जितना गलत है, उतना ही उन्हें भीख देना भी गलत है, क्योंकि इससे यह कुप्रथा और बढ़ती है। शुभम शर्मा ने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम को रोकना और समाज में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके तहत संस्था समय-समय पर जन-जागरूकता अभियान, रैलियां और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है, ताकि हर वर्ग तक यह संदेश पहुंचे कि बच्चों का स्थान स्कूल में है, न कि काम या सड़कों पर। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ आवाज उठाएं। यदि कहीं भी कोई बच्चा मजदूरी करता हुआ या भीख मांगता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित प्रशासन या बाल संरक्षण विभाग को दें और ऐसे बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करें।

## 31 मार्च तक पानी का बिल भरें नहीं तो होगी कार्यवाही : सुरेंद्र मोहन



**शाहाबाद मारकंडा, 28 मार्च ( रूबी ) :** जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी उपभोक्ताओं और विभागों को सूचित किया जाता है कि वह अपने पानी के बिलों का भुगतान समय पर करें। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने पानी के बिल का भुगतान नहीं किया है, उन्हें निर्देश दिया जाता है कि वह 31 मार्च 2026 तक अपना बकाया बिल अवश्य जमा करवाएं। उपमंडल अभियंता सुरेंद्र मोहन ने बताया कि उपभोक्ता विभाग की वेबसाइट पर जाकर, सिटीजन कॉर्नर में ऑनलाइन भी बिल अदायगी कर सकते हैं । यदि किसी उपभोक्ता का फोन नंबर लिंक नहीं है तो उसे अवश्य लिंक करवा लें ताकि आपको एसएमएस के माध्यम से बिल की जानकारी समय पर मिलती रहे। यदि निर्धारित समय सीमा तक बिल जमा नहीं किया जाता है, तो विभाग द्वारा संबंधित उपभोक्ताओं पर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं उपभोक्ता की होगी अत: सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वह असुविधा से बचने के लिए समय पर अपने पानी के बिल का भुगतान करें और विभाग के साथ सहयोग करें। जल एवं सीवरेज संबंधी किसी भी शिकायत के लिए जनस्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा 18001805678 टोल फ्री नंबर जारी किया हुआ है।

## महाविद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान



**नरवाना, 28 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** क्षेत्र की प्राचीन एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था आर्य कन्या महाविद्यालय नरवाना आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा, रोहतक से सम्बद्ध में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर स्तुति के साथ हुआ। इसके पश्चात प्राचार्या मीना गर्ग ने प्रबंधक समिति एवं उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। परीक्षा प्रभारी अंजना मेहता एवं सुनीता श्योकंद ने विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणाम की घोषणा की। इस अवसर पर प्रबंधक समिति द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। आर्य समाज के प्रधान चंद्रकांत शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय में सुविधाओं का और अधिक विस्तार किया जाएगा तथा क्षेत्र में महिला शिक्षा के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्या, शिक्षकगण, छात्राओं एवं अभिभावकों को बधाई दी तथा भविष्य में भी सहयोग बनाए रखने की अपील की। उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती एवं आर्य समाज द्वारा नारी शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान को भी विशेष रूप से रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ प्राध्यापिका कमला नैन ने किया। इस अवसर पर आर्य समाज के पदाधिकारी चंद्रकांत आर्य, तेजपाल आर्य, धर्मपाल आर्य, सतीश आर्य, वेदपाल आर्य, नवीन आर्य सहित आदि उपस्थित रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 66 मरीजों की जांच, विशेषज्ञ सेवाओं से मिली राहत



**नरवाना, 28 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ) :** कैनाल रोड स्थित सिद्धिविनायक सेवा समिति द्वारा संचालित जयराम नेत्र, दंत, प्रसूति एवं सामान्य अस्पताल में शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जहां कुल 66 मरीजों के स्वास्थ्य की विस्तृत जांच की गई। शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ. गरिमा शर्मा ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करते हुए पेट, छाती, बुखार, अस्थमा, शुगर, माइग्रेन, ब्लड प्रेशर एवं थायरॉइड से संबंधित रोगों की जांच की। जांच के दौरान शुगर, बीपी और माइग्रेन के मरीजों की संख्या अधिक पाई गई जिस पर डॉक्टर ने लोगों को समय-समय पर जांच कराने और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। डॉ. गरिमा शर्मा ने बताया कि शिविर समाप्त होने के बाद भी अस्पताल में उनकी सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी जिससे मरीजों को निरंतर उपचार का लाभ मिलता रहेगा।

इस अवसर पर समिति के प्रधान कैलाश सिंगला ने शिविर का निरीक्षण करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य आमजन को नि:शुल्क और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है ताकि गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान हो सके और उचित उपचार मिल सके।उन्होंने बताया कि जयराम अस्पताल में वर्तमान में आंख, दंत, एमडी मेडिसिन (हृदय एवं शुगर), स्त्री रोग तथा फिजियोथेरेपी जैसी विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं। कैलाश सिंगला के नेतृत्व में इससे पूर्व भी नेत्र, त्वचा एवं स्त्री रोग संबंधी कई सफल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से जनसेवा का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# रणवीर सिंह हिंदी फिल्म जगत का शेर-आयुष्मान खुराना

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म की कहानी, एक्शन और स्टारकास्ट ने दर्शकों का दिल जीत लिया है और इसे पॉजिटिव प्रतिक्रिया मिल रही है। इसी कड़ी में बॉलीवुड के चर्चित एक्टर आयुष्मान खुराना ने भी यह फिल्म देखी और रणवीर सिंह के अभिनय की खुले तौर पर तारीफ की। आयुष्मान ने फिल्म देखने के बाद अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लंबा पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि तीन दिन बीत गए, लेकिन वे अभी भी इस शानदार जासूसी-थ्रिलर की दुनिया से बाहर नहीं निकल पाए हैं। उन्होंने रणवीर सिंह को 'हिंदी सिनेमा का शेर' बताते हुए कहा कि उनका परफॉर्मेंस बेहद दमदार और प्रभावशाली था। आयुष्मान ने डायरेक्टर आदित्य धर की टीम को भी खूब सराहा और लिखा कि हम वास्तव में आदित्य धर के युग में जी रहे हैं। आयुष्मान ने आगे कहा कि आदित्य धर केवल एक खास तरह की फिल्मों के मास्टर नहीं हैं, बल्कि हर शैली में उनका निर्देशन अद्भुत है। उन्होंने रणवीर के अलावा फिल्म में अर्जुन रामपाल, आर माधवन, सारा अर्जुन, राकेश बेदी और गौरव गेरा की भी तारीफ की। उनका कहना था कि इस फिल्म ने हिंदी सिनेमा को एक बार फिर शिखर तक पहुँचाया है।

**आसान और हेल्दी स्नैक रेसिपी शेयर की श्रुति हासन ने**

सोशल मीडिया पर बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रुति हासन काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ दिलचस्प अपडेट साझा करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने एक आसान और हेल्दी स्नैक रेसिपी शेयर की है, जो काफी पसंद की जा रही है। इस रेसिपी को खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी माना जा रहा है, जो हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना चाहते हैं लेकिन कम समय में कुछ पौष्टिक खाना भी चाहते हैं। श्रुति ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए बताया कि छुट्टी के दिन वह स्क्रिप्ट पढ़ने के साथ-साथ सोशल मीडिया भी देखती हैं। इसी दौरान उन्हें एक सिंपल स्नैक रेसिपी मिली, जिसे उन्होंने खुद ट्राई किया।

यह रेसिपी उन्हें इतनी पसंद आई कि उन्होंने इसे अपने फैंस के साथ शेयर करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि यह स्नैक न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसे बनाने में भी ज्यादा समय नहीं लगता। इस हेल्दी स्नैक का नाम वेनिला ग्रीक योगर्ट स्नैक विद डेट्स है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खजूर को साफ कर लिया जाता है और जरूरत हो तो उसे थोड़ी देर गुनगुने पानी में भिगोकर नरम किया जा सकता है। इसके बाद खजूर को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा जाता है। फिर एक बाउल में वेनिला ग्रीक योगर्ट लेकर उसमें कटे हुए खजूर मिला दिए जाते हैं। इसके ऊपर थोड़ा सा एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल डालने से इसका स्वाद और बेहतर हो जाता है।



अंत में ऊपर से हल्का सा नमक छिड़क कर इसे अच्छे से मिक्स किया जाता है। इसे तुरंत खाया जा सकता है या कुछ देर फ्रिज में रखकर ठंडा करके भी सर्व किया जा सकता है। यह स्नैक पोषण से भरपूर है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ भी बताए जा रहे हैं। खजूर शरीर को तुरंत ऊर्जा देने में मदद करता है, जबकि ग्रीक योगर्ट में मौजूद प्रोटीन लंबे समय तक पेट भरा रखने में सहायक होता है। साथ ही यह पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है और गट हेल्थ को सुधारता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद माने जाते हैं।

**मेरा गाना सुन रोने पर मजबूर हो गए थे लोग- ध्वनि भानुशाली**

मुंबई (ईएमएस)। 22 मार्च 1998 को मुंबई में ही जन्मीं ध्वनि भानुशाली को नहीं पता था कि उन्हें लोगों का इतना प्यार मिलेगा। उन्होंने एक्टिंग का भी दो साल का प्रशिक्षण लिया, लेकिन अपने पहले प्यार गायिकी को ही अपना साथी चुना। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2018 में फिल्म वेलकम टू न्यूयॉर्क के गाने इश्तेहार से की थी। इसके बाद उन्होंने कई हिट गाने गाए, जिन्होंने उन्हें पहचान बनाई। उनके गानों को यूट्यूब पर करोड़ों व्यूज मिलते हैं। आज के समय में वो यंगस्टर्स की सबसे फेवरेट सिंगर बन चुकी हैं। ध्वनि भानुशाली का वास्ते गाना याद होगा, जिसे आज से छह साल पहले रिलीज किया गया था। यह गाना सिंगर के दिल के बहुत करीब है, क्योंकि इस गाने ने ही उनके करियर को नया मोड़ दिया। यह गाना इतना ज्यादा वायरल हुआ कि आज इसके व्यूज 1.7 बिलियन पहुंच चुके हैं। इस गाने को सुनकर यंग जनरेशन रोने लगी थी। अभिनेत्री ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था कि गाने को रिलीज के साथ ही बहुत प्यार मिला था और जब गाना बजता था तो लोग रोने लगते थे। मुझे खुशी होती थी कि लोग मेरे द्वारा गाए गानों से कनेक्शन फील कर पा रहे हैं। इसी गाने में ध्वनि ने एक्टर सिद्धार्थ गुप्ता के साथ काम किया था और वो रातो-रात मोस्ट हैंडसम मैन बनकर उभरे थे।

ध्वनि भानुशाली ने बहुत छोटी उम्र से ही सिंगिंग शुरू कर दी थी और 20 साल की उम्र में सुपरहिट गाना लेजा-लेजा गाया था। इस गाने को शूट करते वक्त अभिनेत्री को अहसास नहीं था कि गाना इतना बड़ा हिट बनेगा। सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए सिंगर के लिए एक्टिंग के ऑफर्स भी आ रहे हैं, लेकिन वे सिंगिंग को अपना पहला प्यार मानती हैं और एक साथ दो नावों पर सवार नहीं होना चाहतीं। 70 से लेकर 80 के दशक के पुराने गाने आज भी लोगों के दिनों में जगह बनाए हुए हैं, क्योंकि गानों के बोल से लेकर संगीत तक सब कुछ भावनाओं से जुड़ा होता था और कुछ भी बनावटी नहीं लगता। आज के दौर में ऐसे सिंगर्स का मिल पाना बहुत मुश्किल है।

**आयशा का रेड अनारकली लुक वायरल**-टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस आयशा खान हाल ही में अपने ट्रेडिशनल लुक को लेकर चर्चा में हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर- द रिवेंज' के पहले पार्ट में उनके डांस ने दर्शकों का ध्यान खींचा था, वहीं ईद के खास मौके पर उन्होंने फैंस को सोशल मीडिया पर एक सरप्राइज दिया। आयशा ने अपने आउटफिट के रूप में रेड अनारकली सूट पहना, जिसमें गोल्डन बॉर्डर और बारीक कढ़ाई का काम उनके लुक को और खास बना रहा था। फ्लेयर्ड डिजाइन ने उन्हें ग्रेसफुल और प्रीमियम लुक दिया। उन्होंने मैचिंग रेड दुपट्टा कैरी किया, जिस पर हल्का गोल्डन वर्क था।

# विवाद बढ़ने पर करण जौहर ने अपने बयान पर दिया स्पष्टीकरण

बीते दिनों बॉलीवुड फिल्ममेकर करण जौहर ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वर्तमान समय में एक्टर्स बहुत जल्दी टैलेंट एजेंसी बदल लेते हैं और कभी-कभी यह फैसले उनकी इनसिक्योरिटी की वजह से होते हैं। इस बयान को तुरंत जाह्नवी कपूर से जोड़कर पेश किया गया, जिससे सोशल मीडिया और मीडिया पर काफी चर्चा हुई। विवाद बढ़ने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर स्पष्ट किया कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने लिखा कि उनके शब्दों को संदर्भ से हटाकर और तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है, जिससे गलतफहमियां पैदा हो रही हैं। करण ने मीडिया से अपील की कि सिर्फ आकर्षक हेडलाइंस बनाने के लिए इंटरव्यू के छोटे हिस्सों को अलग-अलग दिखाना उचित नहीं है। करण जौहर ने यह भी बताया कि कलाकार इंटरव्यू और पॉडकास्ट में खुलकर अपनी राय रखते हैं, लेकिन जब उनकी एक लाइन को अलग संदर्भ में पेश किया जाता है, तो वह भ्रामक बन जाती है। इससे न केवल गलत संदेश जाता है, बल्कि लोग खुलकर बात करने में हिचकिचाने लगते हैं। उनका कहना है कि किसी भी बयान को उसके पूरे संदर्भ में पेश करना चाहिए, केवल एक लाइन को अलग दिखाना लोगों के बीच भ्रम और गलतफहमी फैलाता है। करण जौहर के इस पोस्ट के बाद यह स्पष्ट हो गया कि उनका बयान किसी विशेष कलाकार को निशाना बनाने के लिए नहीं था। उन्होंने अपने संदेश में यह भी जोर दिया कि वे एजेंसी छोड़ने वाले कलाकारों के साथ काम करना जारी रखेंगे और उनका उद्देश्य केवल इंडस्ट्री के बदलते ट्रेंड्स और चुनौतियों पर अपने विचार साझा करना था। इस सफाई के साथ करण जौहर ने सोशल मीडिया पर यह संदेश दिया कि इंटरव्यू और बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश करने से न केवल कलाकारों की छवि प्रभावित होती है, बल्कि इंडस्ट्री में संवाद और ईमानदार विचार साझा करने का माहौल भी प्रभावित होता है। अब फैंस और मीडिया के लिए यह स्पष्ट हो गया कि करण का बयान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पेशेवर परिप्रेक्ष्य से था। मालूम हो कि हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने करण जौहर की टैलेंट एजेंसी धर्मा कॉर्नरस्टोन (डीसीएए) छोड़कर कलेक्टिव आर्टिस्ट्स नेटवर्क जॉइन किया।



**अभिनेत्री मानसी पारेख की मेहनत को मिला सम्मान**

बॉलीवुड अभिनेत्री मानसी पारेख को हाल ही में एंटरटेनमेंट कैटेगरी में फेमिना गेम चेंजर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मानसी ने अवॉर्ड प्राप्ति की खुशी जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे अवॉर्ड हाथ में लिए दिखाई दीं। मानसी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, हम अपनी नई राह खुद बनाते हैं। यही हमेशा मेरा मंत्र रहा है, चाहे जिंदगी हो या करियर। मैंने कभी भी लोगों की उम्मीद के मुताबिक रास्ता नहीं चुना। अपना खुद का रास्ता बनाया, भले ही वह कभी-कभी अनिश्चित लगे, हमेशा फायदेमंद साबित हुआ है।उन्होंने बताया कि वे एक सामान्य मध्यमवर्गीय परिवार से आती हैं और इंडस्ट्री में बिना किसी कनेक्शन के शुरुआत करना आसान नहीं था।

# धुरंधर 2 में हरेक एक्टर ने अपना दिल व जान लगा दी-शिल्पा

हाल ही में रीलिज हुई बॉलीवुड फिल्म धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचा रही है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म की फिल्म जगत के सितारे भी फिल्म की जमकर तारीफ कर रहे हैं। धुरंधर 2 देखने के बाद शिल्पा शेटटी ने सोशल मीडिया पर खास पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने फिल्म की तारीफ की और सभी को इसे देखने की सलाह दी है। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि फिल्म में हर एक्टर ने अपना दिल और जान लगा दी है और हर फ्रेम में यह साफ दिखता है। शिल्पा ने रणवीर सिंह को पावरहाउस और बब्बर शेर बताया। उन्होंने कहा कि रणवीर ने हमजा के किरदार में अपनी पूरी आत्मा डाल दी है। संगीतकार एआर रहमान की तारीफ करते हुए शिल्पा ने उन्हें क्लास एक्ट कहा और उनकी समझदारी को सीखने लायक बताया। शिल्पा ने अर्जुन रामपाल को खतरनाक और मैग्नेटिक करार देते हुए कहा कि यह उनके अब तक के सबसे अच्छे प्रदर्शनों में से एक है। संजय दत्त को हर फ्रेम में रॉकस्टार जैसा बताया और कहा कि वे पूरी तरह छाए हुए हैं। शिल्पा ने राकेश बेदी की तारीफ में लिखा कि उनकी मौजूदगी असली कला का सबूत है और उनकी यात्रा क्रिएटिव जस्टिस जैसी लगती है। उन्होंने पूरी कास्ट की प्रशंसा की और कहा कि हर किरदार इतनी खूबसूरती से उकेरा गया है कि हर कोई इसे अपना बना लेता है। शिल्पा ने निर्देशक आदित्य धर को इस समय का हीरो कहा। उन्होंने उनकी कहानी कहने की ईमानदारी, स्केल और शैली की तारीफ की, साथ ही फिल्म को धुरंधर और कल्ट बनने लायक बताया। शिल्पा ने कहा कि यह फिल्म पूरी तरह पैसा वसूल है। उन्होंने दर्शकों से इसे जरूर देखने की अपील की। पोस्ट के अंत में उन्होंने लिखा, वे कहते हैं कोई हिम्मत नहीं, कोई गौरव नहीं... इसका आनंद लेने का समय है। फिल्म में देशभक्ति का तड़का है जो भावुक भी करता है और मनोरंजन भी देता है। शिल्पा ने लिखा कि मल्टीप्लेक्स के दौर में यह फिल्म सिंगल-स्क्रीन वाली एनर्जी लाती है, सीटियां, तालियां, और रोंगटे खड़े करने वाली फीलिंग आ जाती है।



# कभी सहअभिनेत्री से असुरक्षा महसूस नहीं की-रवीना टंडन

हाल ही में सोशल मीडिया पर बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने एक आर्टिकल साझा करते हुए उन दावों पर प्रतिक्रिया दी, जिनमें फिल्म अंदाज अपना अपना की शूटिंग के दौरान उनके और करिश्मा कपूर के बीच कथित तनाव का जिक्र किया गया था। इस आलेख में फैशन डिजाइनर एशले रेबेलो का हवाला देते हुए दावा किया गया था कि शूटिंग के दौरान करिश्मा यह जानना चाहती थीं कि रवीना फिल्म में क्या पहन रही हैं। इन दावों के बारे में रवीना टंडन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्होंने अपने करियर में कभी भी किसी सह-अभिनेत्री से असुरक्षा महसूस नहीं की और न ही वह किसी तरह की 'क्लासरूम पॉलिटिक्स' का हिस्सा रही हैं। रवीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा कि वह हमेशा अपनी दुनिया में खुश और संतुष्ट रही हैं।



उनके मुताबिक, भगवान ने उन्हें जीवन में बहुत कुछ दिया है और वह हर मौके के लिए आभारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें कभी किसी का अनादर करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। उनका मानना है कि जो लोग उन्हें करीब से जानते हैं, वे उनके व्यक्तित्व और सच्चाई को भली-भांति समझते हैं। अभिनेत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में प्रतिस्पर्धा होना स्वाभाविक है, लेकिन इसे असुरक्षा या आपसी राजनीति में बदलना सही नहीं है। उन्होंने 'क्लासरूम पॉलिटिक्स' जैसे व्यवहार से दूरी बनाए रखने की बात कही और संकेत दिया कि वह हमेशा अपने काम और व्यक्तिगत संतुलन पर ध्यान देती रही हैं।

पोस्ट के अंत में रवीना ने डिजाइनर एशले रेबेलो के प्रति स्नेह जताते हुए हमेशा प्यार लिखा, जिससे यह जाहिर होता है कि उनके बीच किसी प्रकार की व्यक्तिगत कड़वाहट नहीं है। उनका कहना है कि उन्होंने हमेशा अपने काम पर ध्यान केंद्रित किया और किसी भी तरह की नकारात्मकता को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। गौरतलब है कि अंदाज अपना अपना की शूटिंग के दौरान रवीना टंडन और करिश्मा कपूर के बीच अनबन की खबरें वर्षों से चर्चा में रही हैं। फिल्म से जुड़े कई लोगों ने समय-समय पर इन घटनाओं का जिक्र किया है, जिससे यह मुद्दा अक्सर सुर्खियों में आता रहा है।

**'सितारे जमीन पर' ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर होगी उपलब्ध** - बॉलीवुड फिल्म 'सितारे जमीन पर' ने रिलीज होने के बाद दर्शकों का दिल जीत लिया। सुपरस्टार आमिर खान की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त कमाई की। फिल्म अब ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। मेकर्स ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है और 3 अप्रैल को फिल्म को डिजिटल रिलीज के लिए तय कर लिया गया है। सोनी लिव ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करते हुए लिखा, किसी के लिए अलग, किसी के लिए नॉर्मल, सबका अपना नॉर्मल होता है। उम्मीद और सुकून की एक दिल छू लेने वाली कहानी। देखिए सितारे जमीन पर 3 अप्रैल से सिर्फ सोनी लिव पर। यह घोषणा फैंस के लिए रोमांचक है क्योंकि अब वे घर बैठे ही आमिर खान की इस शानदार फिल्म का अनुभव ले सकेंगे। यह फैसला आमिर खान के पिछले साल के बयान से अलग है, जब उन्होंने कहा था कि फिल्म ओटीटी पर उपलब्ध नहीं होगी। उस समय फिल्म को थिएटर के बाद सीधे यूट्यूब रेंटल पर स्ट्रीम करने की योजना बनाई गई थी। 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के बाद, 1 अगस्त से फिल्म यूट्यूब पर रेंट के जरिए देखी जा सकती थी, जहां दर्शक इसे 100 रुपये देकर स्ट्रीम कर सकते थे। फिल्म के निर्देशक आरएस प्रसन्ना ने कहानी को जीवंत बनाया है। फिल्म में आमिर खान और जेनेलिया देशमुख लीड रोल में हैं, जबकि आशीष पेंडसे, आरुष दत्ता, आयुष भंसाली, ऋषि शहानी, गोपीकृष्णन के. वर्मा, ऋषभ जैन, वेदांत शर्मा, सिमरन मंगेशकर, संवित देसाई और नमन मिश्रा जैसे कलाकार फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**'द ट्रेटर्स 2' में दर्शकों को देखने को मिलेंगे कई बडे नाम**

बॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्माता करण जौहर द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन में भी दर्शकों को कई बड़े नाम देखने को मिलने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, इस साल शो का हिस्सा बनने के लिए मल्लिका शेरावत का नाम चर्चा में है। इसके अलावा कई अन्य सितारों के नाम भी सामने आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस बार शो में रिया चक्रवर्ती, शालिनी पासी, फुकरा इंसान यानी अभिषेक मल्हान, मुनव्वर फारूकी, दिलीप ताहिल और कॉमेडियन आदित्य कुलश्रेष्ठ (कुल्लू) नजर आ सकते हैं। इन कंटेस्टेंट्स की मौजूदगी से शो में अलग-अलग पर्सनैलिटी और गेमप्ले का रोचक मिश्रण देखने को मिलेगा। 'द ट्रेटर्स 2' की शूटिंग इस बार और भी भव्य होने वाली है।

# संगीत से गहराई से जुड़ा है अल्का याज्ञनिक का परिवार

90 के दशक के सुनहरे दौर में जब फिल्मी संगीत अपने चरम पर था, उस समय कई दिग्गज गायिकाओं के बीच गायिका अलका याज्ञनिक ने अपनी अलग पहचान कायम की। अलका का परिवार संगीत से गहराई से जुड़ा हुआ था। उनकी मां शुभा याज्ञनिक एक जानी-मानी शास्त्रीय गायिका थीं, जिनसे उन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा ली। महज छह साल की उम्र में उन्होंने आकाशवाणी पर गाना शुरू कर दिया, जो उनके करियर की पहली महत्वपूर्ण सीढ़ी साबित हुई। बचपन में ही वह अपनी मां के साथ मुंबई आ गईं, जहां उनकी मुलाकात मशहूर फिल्म निर्माता राज कपूर से हुई। उनकी आवाज से प्रभावित होकर राज कपूर ने उन्हें संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल से मिलवाया, जिससे उनके करियर को नई दिशा मिली। शुरुआत में उन्हें डबिंग आर्टिस्ट के रूप में काम मिला, लेकिन उन्होंने पार्श्वगायन को ही अपना करियर बनाने का निर्णय लिया। धीरे-धीरे उन्हें फिल्मों में गाने के अवसर मिलने लगे, लेकिन असली पहचान उन्हें फिल्म 'तेजाब' के सुपरहिट गीत 'एक दो तीन' से मिली, जिसने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद उन्होंने 'कयामत से कयामत तक', 'साजन', 'कुछ कुछ होता है' और 'हम हैं राही प्यार के' जैसी फिल्मों में कई यादगार गीत गाए, जो आज भी श्रोताओं की जुबान पर हैं। यह वह दौर था जब लता मंगेशकर और आशा भोसले जैसी दिग्गज गायिकाओं का वर्चस्व था। ऐसे प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी जगह बनाना आसान नहीं था, लेकिन अलका याज्ञनिक ने अपनी मेहनत, समर्पण और अनोखी आवाज के दम पर खुद को स्थापित किया।

उनकी आवाज में भावनाओं को अभिव्यक्त करने की अद्भुत क्षमता थी, जिसने हर गीत को खास बना दिया। अपने करियर में उन्होंने हजारों गीत गाए और कई भाषाओं में अपनी आवाज दी। कुमार सानू और उदित नारायण के साथ उनकी जोड़ी ने कई सुपरहिट गाने दिए, जिन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया। उनके गीत आज भी रेडियो, टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर समान रूप से लोकप्रिय हैं। सम्मानों की बात करें तो अलका याज्ञनिक को 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड, 2 राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।



**प्रोड्यूसर बनने ऋतिक ने करण जौहर से मांगी सलाह**-हाल ही में आयोजित अमेजन प्राइम वीडियो के एक इवेंट में बॉलीवुड ऋतिक रोशन ने प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखने को लेकर अपनी दिलचस्पी जाहिर की। इसके लिए इंडस्ट्री के मशहूर फिल्ममेकर करण जौहर से सलाह भी मांगी। इस इवेंट में ऋतिक रोशन अपने दो नए ओटीटी शोज 'मैस' और 'स्ट्रॉम' के लॉन्च के लिए पहुंचे थे। स्टेज पर बातचीत के दौरान उन्होंने करण जौहर की जमकर तारीफ की और उन्हें अब तक का सबसे बेहतरीन प्रोड्यूसर बताया। इसी दौरान उन्होंने सीधे तौर पर सवाल किया कि अगर वह प्रोड्यूसर बनना चाहें, तो उन्हें क्या कदम उठाने चाहिए। ऋतिक के इस सवाल पर करण जौहर ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया और हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि उन्हें किसी विशेष ट्रेनिंग की जरूरत नहीं है। करण के मुताबिक, ऋतिक बचपन से ही फिल्मी माहौल में पले-बढ़े हैं, इसलिए उन्हें इस क्षेत्र की अच्छी समझ पहले से ही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऋतिक के पिता राकेश रोशन खुद एक सफल फिल्ममेकर रहे हैं और ऋतिक ने अपने करियर की शुरुआत बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर की थी, जो उनके अनुभव को और मजबूत बनाता है। करण जौहर की इस बात पर ऋतिक रोशन ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें काफी अच्छा और आत्मविश्वास से भरा महसूस हो रहा है। इवेंट के दौरान उन्होंने अपने दोनों आगामी शोज को लेकर भी जानकारी साझा की, जिनमें अलग-अलग तरह की कहानियां देखने को मिलेंगी। 'मैस' एक ऐसे ग्रुप की कहानी है, जो चोरी के इरादे से एक घर में घुसता है, लेकिन वहां हालात अचानक ऐसे बन जाते हैं कि उन्हें खुद अपनी जान बचानी पड़ती है। वहीं 'स्ट्रॉम' पांच महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती कहानी है, जो एक हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े घोटाले पर आधारित है।

**गाने के लिए सिर्फ नोरा फतेही को दोषी ठहराना गलत- राजीव दतिया**-बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही का हालिया गाना 'सरके चुनर' के विवाद पर मशहूर इंफ्लूएंसर और 'बिग बॉस' के पूर्व कंटेस्टेंट राजीव दतिया ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक लंबा नोट साझा करते हुए पूरे मामले को एकतरफा तरीके से देखने पर सवाल उठाए। राजीव का कहना है कि किसी भी गाने के लिए सिर्फ उस कलाकार को जिम्मेदार ठहराना, जो स्क्रीन पर दिखाई देता है, पूरी तरह से गलत है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एक गाना बनने की प्रक्रिया काफी लंबी और जटिल होती है, जिसमें कई लोग शामिल होते हैं। गीतकार, गायक, निर्देशक, कोरियोग्राफर, कैमरामैन, प्रोड्यूसर और म्यूजिक लेबल जैसे कई हिस्सेदार मिलकर किसी गाने को तैयार करते हैं। ऐसे में अगर गाने के बोल या कंटेंट पर सवाल उठते हैं, तो उसकी जिम्मेदारी पूरी टीम पर आती है, न कि केवल एक चेहरे पर। राजीव ने यह भी कहा कि आमतौर पर एक गाने के निर्माण में 80 से 100 लोग शामिल होते हैं। ऐसे में यह मानना मुश्किल है कि इतने लोगों की टीम में किसी ने भी गाने के कंटेंट पर आपत्ति नहीं जताई होगी। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सच में किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया या फिर इसे जानबूझकर नजरअंदाज किया गया। अपने बयान में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गाने के बोल पहले से ही लिखे गए थे और उसी आधार पर पूरा प्रोजेक्ट तैयार किया गया। नोरा फतेही को यह गाना बाद में पेश किया गया, इसलिए केवल उन्हें दोष देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कंटेंट में समस्या थी, तो उसे शुरुआती स्तर पर ही रोका जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। यह विवाद अब केवल एक गाने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरे मनोरंजन उद्योग में जिम्मेदारी और जवाबदेही पर सवाल खड़े कर रहा है। नोरा फतेही का हालिया गाना 'सरके चुनर' रिलीज होते ही विवादों में आ गया है। गाने के बोल और इसकी प्रस्तुति को लेकर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कई यूजर्स ने इसे आपत्तिजनक बताते हुए विरोध जताया, जिसके बाद मामला इतना बढ़ गया कि गाने को बैन करने तक की नौबत आ गई।

**आदित्य धर ने मांगी माफी**-निर्देशक आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर- द रिवेंज' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, लेकिन रिलीज से पहले आयोजित प्रीव्यू शोज के रद्द होने से दर्शकों को निराशा का सामना करना पड़ा। फिल्म के निर्माताओं ने 18 मार्च को कुछ खास शहरों में प्रीव्यू शो आयोजित किए थे, ताकि दर्शकों को रिलीज से पहले फिल्म देखने का मौका मिल सके, तकनीकी कारणों से कई जगहों पर ये शो नहीं हो पाए।

# वित्तीय समझ से बनेगा मजबूत भारत-युवा बनें आत्मनिर्भर : डॉ ऋषिपाल

*जनता कॉलेज कौल में संगोष्ठी, बीमा सेक्टर को बताया सुनहरा करियर ऑप्शन*





**निसिंग, 28 मार्च ( जोगिंद्र सिंह ) :** बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल में शनिवार को आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य विभाग एवं वाणिज्य संघ द्वारा कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से किया गया। संगोष्ठी का विषय च्वित्तीय जागरूकता एवं कैरियर उन्नति राष्ट्र निर्माण में जीवन बीमा की भूमिका रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने अपने संबोधन में कहा कि सशक्त युवा ही समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। आज के समय में सही वित्तीय निर्णय लेना हर नागरिक के लिए जरूरी है। उन्होंने जीवन बीमा को न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा बल्कि देश की आर्थिक मजबूती से भी जोड़ा। मुख्य वक्ता विनय जैन (वरिष्ठ व्यवसाय प्रबंधक, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस) ने छात्रों को बीमा क्षेत्र की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बीमा केवल सुरक्षा का साधन नहीं बल्कि एक बेहतरीन करियर विकल्प भी है, जहां युवा खुद का व्यवसाय शुरू कर अच्छी आय कमा सकते हैं। उन्होंने IRDAI परीक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसे पास कर छात्र प्रमाणित बीमा अभिकर्ता बन सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य बीमा और टर्म लाइफ इंश्योरेंस को परिवार की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी बताया।

इस मौके पर अशोक अरोड़ा ने भी छात्रों को एजेंट बनकर मिलने वाली आय और अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेरणा, डॉ. सोनिया रानी, डॉ. नैंसी गुलाटी और डॉ. मीनाक्षी की अहम भूमिका रही। मंच संचालन भी प्रभावशाली रहा। अंत में डॉ. सोनिया रानी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# सर्विस लेन को लेकर किसानों का संघर्ष तेज, 51वें दिन भी जारी धरना



**करनाल, 28 मार्च ( संदीप रोहिला ) :** करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) का चल रहा धरना शनिवार को 51वें दिन में प्रवेश कर गया। लंबे समय से जारी इस आंदोलन में किसानों का उत्साह लगातार बना हुआ है और उनकी एकजुटता पहले से अधिक मजबूत नजर आ रही है। भाकियू घरौंडा इकाई के अध्यक्ष धनेतर राणा के नेतृत्व में धरना जारी है। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान, जिलाध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह घुम्मन, प्रभारी महताब कादयान सहित कई वरिष्ठ किसान नेता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने मंच से किसानों को संबोधित करते हुए उनकी मांगों को जायज बताते हुए सरकार और प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की अपील की। शनिवार को घरौंडा ब्लॉक से बड़ी संख्या में किसान जत्था धरना स्थल पर पहुंचा। किसानों ने मेरठ रोड से धरना स्थल तक जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान पूरे इलाके में किसान एकता जिंदाबाद और हमारा हक हमें दो जैसे नारों की गूंज सुनाई दी। प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने जत्थे का स्वागत करते हुए किसानों का हौसला बढ़ाया और कहा कि यह आंदोलन किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि जब तक रिंग रोड पर सर्विस लेन का निर्माण नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों के सब्र की परीक्षा न ली जाए और जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा किया जाए। धरना स्थल पर मौजूद किसानों ने भी एक स्वर में स्पष्ट किया कि वे किसी भी दबाव में पीछे हटने वाले नहीं हैं। किसानों का कहना है कि सर्विस लेन न होने के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे रोजमर्रा की आवाजाही और कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मांग केवल सुविधा की नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा और आजीविका से जुड़ा मुद्दा है। जत्थे में प्रमुख तौर पर प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, जिला महासचिव सुरेंद्र बेनीवाल, किसान नेता डॉ. सत्यवीर तोमर, राम दुरेजा, जसबीर राणा, रमेश बड़सत, अनिल राणा (जमालपुर), नाजिम हसन, ओमप्रकाश बड़सत सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक यह आंदोलन और तेज किया जाएगा। आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक बनाने की रणनीति भी तैयार की जा रही है, जिससे सरकार और प्रशासन पर दबाव बढ़ाया जा सके।

# हाईकोर्ट ने निरस्त की जिला बदर की कार्रवाई

*कहा - आदेश गलत, अधूरे और कथित रूप से गढ़े गए तथ्यों पर आधारित*

**जबलपुर, 28 मार्च ( निस ) :** उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक अग्रवाल और न्यायाधीश अवनींद्र कुमार सिंह की संयुक्तपीठ ने एक मामले में सुनवाई के बाद जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी जिला बदर के आदेश को अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया।

न्यायालय ने कहा कि यह आदेश गलत, अधूरे और कथित रूप से गढ़े गए तथ्यों पर आधारित था। टीआई नितिन कमल द्वारा दी गई रिपोर्ट एसपी को भेजी गई। एसपी ने भी रिपोर्ट को परखे बिना याचिकाकर्ता पर मामले मान लिए और वही रिपोर्ट उन्होंने कलेक्टर को भेजी और वहां पर भी रिपोर्ट जांचे बिना जिला बदर का आदेश जारी कर दिया गया। संयुक्तपीठ ने यहाँ तक कहा कि जब पूरी जानकारियां ऑनलाइन मौजूद हैं और आपराधिक मामलों की जानकारी के लिए सीसीटीएनसी तकनीक मौजूद है, तो कम से कम अधिकारी आदेश देने से पहले एक बार तसल्ली तो कर लेते कि टीआई द्वारा दी गई रिपोर्ट सही है भी या नहीं।

प्रकरण के मुताबिक याचिकाकर्ता प्रशांत सिंह के खिलाफ 31 दिसंबर 2025 को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जिला बदर का आदेश जारी किया गया था। उक्त आदेश में दावा किया गया था कि वर्ष 2025 में 7 आपराधिक मामले दर्ज हुए। इनमे से 6 मामलों में आरोपी फरार था। याचिकाकर्ता पर हत्या का प्रयास, विस्फोटक पदार्थ रखना, वसूली और सोशल मीडिया पर अपराध के वीडियो फैलाने के संगीन आरोप लगाए गए थे। प्रशासन की इस कार्रवाई को चुनौती देकर यह याचिका दाखिल की गई थी।

मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता एल्फन मैथ्यू ने बताया कि 7 में से 3 मामलों में पहले ही जमानत मिल चुकी थी। यानी प्रशांत सिंह को फरार बताना तथ्यात्मक रूप से गलत था। इस मामले में घायल कुश गोस्वामी की एमएलसी रिपोर्ट रिकॉर्ड में नहीं मिली। एसएचओ नितिन कमल ने कहा कि चार्जशीट के बाद एमएलसी उपलब्ध नहीं। न्यायालय ने इसे बेहद कमजोर और अविश्वसनीय बहाना माना। एक अन्य केस में घायल चिराग गुप्ता ने अपने बयान में साफ कहा कि हमलावर कौन था, उसे नहीं पता। इसके बावजूद आरोपी के रूप में प्रशांत सिंह का नाम जोड़ दिया गया।

पुलिस ने आरोप लगाया कि आरोपी ने अपराध के वीडियो वायरल किए, लेकिन एसआई दीपक मंडलोई ने संयुक्तपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान माना कि कोई वीडियो जब्त ही नहीं हुआ। सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने पाया कि याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी मेमो में दर्ज तारीखों में गड़बड़ी है। कार्बन कॉपी और पेन से की गई एंट्री में अंतर हैं। इस तरह याचिकाकर्ता के खिलाफ बनाये गए दस्तावेज बनावटी हैं। अपने आदेश में संयुक्तपीठ ने यह भी कहा कि पुलिस और प्रशासन ने क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम जैसे आधुनिक सिस्टम का उपयोग ही नहीं किया, जिससे सच्चाई आसानी से सामने आ सकती थी।

संयुक्तपीठ ने स्पष्ट कहा कि जब आदेश की नींव ही गलत और गढ़े गए तथ्यों पर आधारित हो, तो ऐसा आदेश कानून में टिक नहीं सकता। इन टिप्पणियों के साथ संयुक्तपीठ ने याचिकाकर्ता के खिलाफ जारी किये गए जिला बदर के आदेश को खारिज कर दिया।

# सुबह काले बादलों का डेरा आंधी-तूफान व बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली, 28 मार्च ( निस ) :** मौसम बदलेगा, बादल, हल्की बूंदाबांदी और हवाओं से तापमान में गिरावट आएगी। 29 मार्च को आंधी-तूफान और बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मार्च के इन दिनों का जो मौसम है उसे कोई नहीं समझ पा रहा है कि आगे क्या होने वाला है। सुबह होते ही बादल छाए रहते हैं और दिन होते ही तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखी जाती है और फिर शाम होते ही बारिश के आसार होते हैं पर बारिश नहीं होती। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मार्च के इन दिनों का जो मौसम है उसे कोई नहीं समझ पा रहा है कि आगे क्या होने वाला है। सुबह होते ही बादल छाए रहते हैं और दिन होते ही तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखी जाती है और फिर शाम होते ही बारिश के आसार होते हैं पर बारिश नहीं होती। 28 मार्च की सुबह भी कुछ ऐसे ही मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से हल्के बादल, तेज हवाएं और कुछ इलाकों में बूंदाबांदी की संभावना है। इससे तापमान में हल्की गिरावट दर्ज होगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

दिल्ली एनसीआर में 26 और 27 मार्च को बारिश का पूर्वानुमान था, लेकिन दिनभर बादल छाए रहे और केवल हल्की बूंदाबांदी ही हुई। इसके साथ ही तेज धूप बनी रही, जिससे गर्मी का असर कम नहीं हुआ। बीते 24 घंटों के दौरान हवाओं की रफ्तार लगभग 16 किलोमीटर प्रति घंटे रही है। अब हवाएं धीमी पड़ने लगी हैं, जिससे उमस और गर्मी का एहसास दोबारा बढ़ गया है। 28 मार्च को दिनभर बादल छाए रहेंगे और हल्की धूप के साथ हवाएं चलती रहेंगी। सुबह 6 बजे तापमान 18 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया है, जिससे दिन में ज्यादा बदलाव नहीं दिखेगा। 29 मार्च को दोपहर और शाम के समय मौसम अचानक बदलेगा और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान आ सकता है। नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव और फरीदाबाद समेत कई इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है, जिससे तापमान 31 से घटकर करीब 29 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं रात का तापमान भी गिरकर 21 डिग्री सैल्सियस से करीब 14 से 16 डिग्री सैल्सियस तक आ सकता है, जिससे मौसम ठंडा महसूस होगा। 30 मार्च को भी बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी, जिससे मौसम ठंडा बना रहेगा। वहीं 31 मार्च को केवल बादल रहने का अनुमान है और अधिकतम तापमान 29 डिग्री सैल्सियस तथा न्यूनतम 14 डिग्री सैल्सियस के आसपास रह सकता है। अप्रैल की शुरुआत में भी मौसम सामान्य से ठंडा रहेगा और 1 व 2 अप्रैल को अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री सैल्सियस तथा न्यूनतम 17 से 18 डिग्री सैल्सियस के बीच रहेगा। इस दौरान हल्की ठंडी हवाएं चलेंगी और बादल छाए रहने से अप्रैल के पहले सप्ताह में गर्मी ज्यादा नहीं बढ़ेगी।

# हरियाणा चुनाव में टिकट के बदले 7 करोड़ का आरोप कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर

**फरीदाबाद, 28 मार्च ( निस ) :** दिल्ली पुलिस ने हरियाणा के गौरव कुमार की शिकायत पर नॉर्थ एवेन्यू पुलिस स्टेशन में कांग्रेस के कुछ नेताओं और उनके सहयोगियों के खिलाफ नामजद मुदकमा दर्ज कर लिया है। बीते हरियाणा चुनाव में कांग्रेस पार्टी में टिकट के बदले के पैसे लेने का मामले ने तूल पकड़ लिया है। दिल्ली पुलिस ने हरियाणा के गौरव कुमार की शिकायत पर नॉर्थ एवेन्यू पुलिस स्टेशन में कांग्रेस के कुछ नेताओं और उनके सहयोगियों के खिलाफ नामजद मुदकमा दर्ज कर लिया है। आरोप है कि गौरव की पत्नी सुचित्रा देवी को बावल विधानसभा सीट पर टिकट के लिए उनसे सात करोड़ रुपए मांगे गए थे। सुचित्रा देवी पूर्व में हरियाणा महिला कांग्रेस की महासचिव भी थीं। लेकिन बाद में पार्टी ने उन्हें बाहर कर दिया था। गौरव का दावा है कि ये पैसे बैंक खातों के साथ-साथ अलग-अलग तरीके से दिए गए। पुलिस में दर्ज शिकायत के मुताबिक गौरव कुमार ने आरोप लगाया है कि हरियाण चुनाव में तिक्ट दिलवाने के नाम पर कांग्रेस के कई सीनियर नेताओं और उनके निजी सहायकों को पैसे दिए गए। पूरा भुगतान विचौलियों और सहायकों के द्वारा किया गया। जिन नेताओं के नाम हैं उनमें के सुरेश, केसी वेणुगोपाल और अन्य सहयोगियों के नाम शामिल हैं। यही नहीं सुबूतों के रूप में भुगतान की डिटेल और व्हाट्सएप चैट और ट्रांजैक्शन डिटेल भी शेयर की गयीं हैं। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लेकिन माना जा रहा है इस प्रकरण में बीजेपी को कांग्रेस के ऊपर हमला करने के एक और हथियार दे दिया है। हरियाण चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था, टिकट बंटवारे को लेकर पार्टी में काफी घमासान भी हुआ था। यही नहीं अलग-अलग गुटबाजी भी देखने को मिली थी। अब इतने सनसनीखेज आरोप लगने के बाद अभी किसी कांग्रेस नेता का बयान सामने नहीं आया है। जबकि पार्टी ने सुचित्रा देवी को पहले ही अनुशासनहीनता के आरोप में बाहर का रास्ता दिखा दिया था।

# युद्ध के संकट से जूझ रही दुनिया भारत कर रहा तेज विकास

**नोएडा, 28 मार्च ( निस ) :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध के समय जब पूरी दुनिया संकट से जूझ रही है, ऐसे समय में भारत तेज विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जेवर के नोएडा इंटनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध पर चर्चा करते हुए बताया कि किस तरह पूरी दुनिया इस युद्ध से प्रभावित हो रही है।

इस दौरान पीएम मोदी ने बताया कि जब पूरी दुनिया युद्ध से प्रभावित है, ऐसे में समय में भारत भी उससे प्रभावित है, लेकिन फिर भी देश लगातार तेज विकास कर रहा है। इस दौरान पीएम मोदी ने पिछले कुछ सप्ताह में यूपी में हुए चार बड़े काम गिनाए। जेवर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरा विश्व कितना चिंतित है। पश्चिमी एशिया में एक महीने से युद्ध चल रहा है। युद्ध की वजह से कई सारे देशों में खाने पीने के सामान, पेट्रोल-डीजल, गैस और खाद के साथ ऐसी कई जरूरी चीजों का चारों तरफ संकट पैदा हो गया है। हर देश इस संकट का सामना करने के लिए कुछ ना कुछ कोशिश कर रहा है और हमारा भारत भी इस संकट का पूरी शक्ति से मुकाबला कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि यह देशवासियों की तातक के भरोसे हो रहा है। जेवर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करते हुए पीएम मोदी ने युद्ध के प्रभाव का जिक्र करते हुए कहा कि भारत बहुत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस जहां युद्ध चल रहा है, उस युद्ध से प्रभावित इलाके से मंगाता है। इसलिए सरकार हर वो कदम उठा रही है, जिससे सामान्य परिवारों पर हमारे किसान भाई-बहनों पर इस संकट का बोझ ना पड़े। पीएम मोदी ने कहा कि इस संकट के इस समय में भी भारत ने अपने तेज विकास को निरंतर जारी रखा है। मैं सिर्फ पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बात करूं तो पिछले कुछ सप्ताह में ही कई बड़े प्रोजेक्ट का शिलान्यास या लोकार्पण हुआ है। पीएम मोदी ने बताया कि नोएडा में सेमीकंडक्टर चिप फैक्ट्री का शिलान्यास हुआ, नमो भारत रैपिड रेल चली, मेरठ मेट्रो का विस्तार और अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन भी हो गया।

## दिल्ली में शादी फंक्शन के दौरान युवक की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली, 28 मार्च ( निस ) :** बाहरी दिल्ली के रानी बाग इलाके में एक शादी फंक्शन के दौरान शुक्रवार रात हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दिल्ली पुलिस के अनुसार, रानी बाग इलाके में हुए शुक्रवार देर रात कुछ युवकों में मामूली बात को लेकर आपस में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई। इसी दौरान आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में दो युवक घायल हुए हैं, जिनमें से एक को अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे युवक को मामूली चोटें आई हैं।

## ग्रीन बजट सर्वसम्मति से पास होने के साथ ही विधानसभा सत्र का समापन

**नई दिल्ली, 28 मार्च ( निस ) :** विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन वर्ष 2026-27 का ग्रीन बजट सर्वसम्मति से पास हो गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कैबिनेट मंत्रियों ने बजट पर चर्चा के दौरान इसकी खूबियां गिनाईं। इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लगता है कि आम आदमी पार्टी ने सड़क पर ही रहने का फैसला कर लिया है। दिल्ली की जनता इन्हें अगली बार स्थायी सड़क पर ही कर देगी। विधानसभा में शुक्रवार को बजट सत्र के अंतिम दिन ग्रीन बजट को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। हालांकि बजट में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया, लेकिन चर्चा के दौरान राजनीतिक माहौल काफी गरम रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली अब नई दिशा में आगे बढ़ेगी, जहां हर रुपये का हिसाब होगा और अधूरे काम पूरे किए जाएंगे। सत्र के दौरान साइकिल वितरण योजना को लेकर हुई बयानबाजी पर मुख्यमंत्री नाराज दिखीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की बेटियों को लेकर किसी भी तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद, नाबालिग की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली, 28 मार्च ( निस ) :** दिल्ली के रानी बाग इलाके में एक शादी समारोह में डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में साढ़े 17 वर्षीय नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। इस घटना में उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, एसीपी, एसएचओ और क्राइम टीम मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संदिग्धों की पहचान की गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक और घायल युवक रोहिणी के नाहरपुर इलाके के रहने वाले हैं। मृतक मोटर मैकेनिक का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देर रात तक चली छापेमारी में कुछ नाबालिगों समेत सात लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। फरार अन्य आरोपितों का पुलिस पता लगा रही है।

## पूर्वी दिल्ली के शकूरपुर में अर्थमूवर से कुचलकर युवक की मौत, ड्राइवर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 28 मार्च ( निस ) :** पूर्वी दिल्ली के शकूरपुर में एक दर्दनाक हादसे में 34 वर्षीय हुसैन की अर्थमूवर से कुचलकर मौत हो गई। वह सुबह काम पर जा रहे थे जब यह घटना हुई। चालक ने भागने की कोशिश की और एक अन्य गाड़ी को भी टक्कर मारी, लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। उसके बाद भागने की कोशिश करने लगा। इस दौरान आगे जाकर एक गाड़ी को भी टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ड्राइवर को पब्लिक ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली, 28 मार्च ( निस ) :** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विशाखापत्तनम से आ रहे इंडिगो विमान के इंजन में हवा में खराबी आ गई। पायलट की सूझबूझ से विमान को सुरक्षित लैंड कराया गया, जिससे 161 यात्रियों और चालक दल की जान बच गई। गनीमत यह रही कि पायलट की सूझबूझ से विमान को सुरक्षित लैंड करा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई 579 ने सुबह 8꞉39 बजे विशाखापत्तनम (विजाग) से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। यात्रा के दौरान जब विमान बीच रास्ते में था, तभी पायलट को इंजन में तकनीकी खराबी और उसके ठप होने का संकेत मिला। पायलट ने तुरंत इमरजेंसी प्रोटोकॉल सक्रिय किए और एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचित किया। इमरजेंसी की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट का फायर विभाग और बचाव दल पूरी तरह अलर्ट हो गया। इसके बाद सुबह 10:39 बजे एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित की गई। जिसके बाद दमकल की गाड़ियां और मेडिकल टीमें तैनात कर दी गईं।

## सीएम योगी ने बताया क्या है डबल इंजन की स्पीड

**नोएडा, 28 मार्च ( निस ) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योग आदित्यनाथ ने बताया कि डबल इंजन सरकार की स्पीड क्या है। जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन अवसर पर यूपी के सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 25 नवंबर 2021 को इस एयरपोर्ट का नींव रखा था और आज इसका उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योग आदित्यनाथ ने बताया कि डबल इंजन सरकार की स्पीड क्या है। जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन अवसर पर यूपी के सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 25 नवंबर 2021 को इस एयरपोर्ट का नींव रखा था और आज इसका उद्घाटन भी कर रहे हैं। यही है डबल इंजन सरकार की स्पीड। योगी ने कहा कि पीएम मोदी न सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास करते हैं बल्कि उसका उद्घाटन भी करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने पिछले 11-12 वर्षों में आपने नए भारत को हर क्षेत्र में विकसित भारत के लक्ष्य की ओर ले जाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस यात्रा का एक अहम हिस्सा है। उत्तर प्रदेश की जनता अब वैश्विक विमानन मानचित्र पर देश को एक नई दिशा दे रही है और आपके विजन को साकार कर रही है। योगी ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियों ने अपनी अक्षमता के कारण, देश और राज्य दोनों को विकास के मामले में बॉटलनेक में फंसा दिया था। 2002 से 2017 तक उत्तर प्रदेश लगातार उस अपमान को झेलता रहा और ऐसी ही ठहराव की स्थिति का शिकार बना रहा। हालांकि, पिछले 12 वर्षों में देश में और पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में हमारी डबल-इंजन सरकार के तहत हुए तीव्र विकास के कारण हम उन गतिरोधों को तोड़ रहे हैं और दुनिया के सामने एक नई पहचान पेश कर रहे हैं।

# अब आसान नहीं कनाडा जाना, नए कानून से नियम हुए और सख्त : डॉ. अरविंद कादियान

## बोले : कनाडा इमिग्रेशन सिस्टम में बड़ा बदलाव, हजारों आवेदन रद्द होने की तैयारी



**करनाल, 28 मार्च ( संदीप रोहिला ):** के.ए.डी इमिग्रेशन सर्विसेज के प्रबंध निदेशक, कनाडा के अधिकृत इमिग्रेशन सलाहकार एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. अरविंद कादियान ने बताया कि कनाडा में नया इमिग्रेशन कानून बिल सी-12 लागू होने के साथ ही बड़ी संख्या में शरण (रिफ्यूजी) आवेदनों पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 24 जून 2020 के बाद दाखिल लगभग 19 हजार रिफ्यूजी आवेदन तुरंत रद्द किए जा सकते हैं। डॉ. कादियान ने बताया कि स्ट्रेंथनिंग कनाडा स इमिग्रेशन सिस्टम एंड बॉर्डर्स एक्ट नाम से पारित यह कानून 26 मार्च 2026 से प्रभावी हो चुका है, जिसे हाल के वर्षों में कनाडा की इमिग्रेशन नीति में सबसे बड़ा बदलाव माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब इमिग्रेशन अधिकारियों को अधिक अधिकार दे दिए गए हैं, जिससे वे केवल दस्तावेजों के आधार पर ही शरण आवेदन स्वीकार या अस्वीकार कर सकेंगे। पहले जहां रिफ्यूजी प्रोटेक्शन बोर्ड में सुनवाई और अपील का अवसर मिलता था, वहीं अब बॉर्डर या एयरपोर्ट पर ही त्वरित निर्णय लेकर आवेदकों को वापस भेजा जा सकता है। डॉ. अरविंद कादियान ने कहा कि ऑडिटर जनरल कैनेडा की रिपोर्ट के अनुसार सन-2023-24 के दौरान 1 लाख 53 हजार स्टडी परमिटस की जांच की गई और इनमें यह पाया गया कि संबंधित दस्तावेजो या फर्जी दस्तावेजो स्टडी वीजा स्वीकृत किए गए और इनकी पुन: जांच होने की पूर्ण संभावना है। उन्होंने खासकर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा विदेश तो जाना चाहते है लेकिन युवा भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार केवल उन्हीं वीजा सलाहाकारों से सम्पर्क करें जिनके पास संबंधित विदेशी सरकार का लाईसैंस हो। उन्होंने कहा कि भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार वीजा प्रोसेसिंग से संबंधित एजेंटों को लाइसेंस जारी करने के मानदंड पूरी तरह संबंधित विदेशी सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। भारत का विदेश मंत्रालय वीजा सेवाओं को देने के लिए लाइसेंस जारी नहीं करता है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि वे धोखधड़ी एवं फर्जी दस्तावेजों से बचें एवं यह जरूर जांचें की क्या उनका वीजा एजेंट संबंधित विदेश के सरकार से लाइसेंस प्राप्त है या नहीं। अपने भाविष्य की चाबी अनधिकृत एजेंटों के हाथ में न दें।

**भारतीयों पर क्या होगा असर :** डॉ. अरविंद कादियान ने बताया कि कनाडा जाने वाले भारतीय छात्रों, श्रमिकों और प्रवासियों पर इस कानून का सीधा प्रभाव पड़ेगा। यदि कोई व्यक्ति कनाडा पहुंचने के एक वर्ष बाद शरण का दावा करता है, तो उसका मामला अब इमिग्रेशन रिफ्यूजी बोर्ड तक नहीं जाएगा। अमेरिका सीमा के रास्ते प्रवेश करने वालों के लिए भी 14 दिन के बाद दावा करने पर सुनवाई का मौका नहीं मिलेगा।

**कड़े हुए नियम, बढ़ी सख्ती :** के.ए.डी इमिग्रेशन सर्विसेज के प्रबंध निदेशक, कनाडा के अधिकृत इमिग्रेशन सलाहकार एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. अरविंद कादियान ने बताया कि नए कानून के तहत शरण आवेदन की समयसीमा और पात्रता को सख्त किया गया है। देर से आवेदन करने वालों को पूर्ण सुनवाई का मौका नहीं मिलेगा। सरकार को वीजा, स्टडी परमिट और वर्क परमिट को रोकने, रद्द करने या संशोधित करने का अधिकार भी मिल गया है। वीजा ओवरस्टे, धोखाधड़ी या आपराधिक मामलों में अब निर्वासन (डिपोर्टेशन) की प्रक्रिया भी तेज होगी। साथ ही विभिन्न एजेंसियों के बीच डेटा साझा करने की व्यवस्था मजबूत की गई है, जिससे सुरक्षा और निगरानी बढ़ेगी।

**छात्र और श्रमिक रहें सावधान :** डॉ. कादियान ने कहा कि भारतीय छात्रों को अपने स्टडी परमिट की शर्तों का सख्ती से पालन करना होगा। छोटी सी लापरवाही पर भी कार्रवाई हो सकती है। वहीं अस्थायी श्रमिकों के लिए भी निगरानी बढ़ेगी और दस्तावेजों में त्रुटि या नौकरी बदलने पर परमिट रद्द होने का खतरा रहेगा। जिन लोगों के पास वैध इमिग्रेशन स्टेटस नहीं है, उनके लिए पहचान और निर्वासन का जोखिम बढ़ गया है। सख्ती के चलते कई लोग औपचारिक डिपोर्टेशन से बचने के लिए स्वेच्छा से वापसी का विकल्प चुन सकते हैं। इस कानून के लागू होने से वीजा स्वीकृति में कमी, जांच प्रक्रिया में सख्ती, डिपोर्टेशन में तेजी, अस्थायी निवासियों पर कड़े नियम, स्वैच्छिक वापसी के मामलों में वृद्धि देखने को मिल सकती है। डॉ. कादियान ने सलाह देते हुए कहा कि जो लोग कनाडा जाने की योजना बना रहे है वे सभी नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें, ताकि भविष्य में परेशानी न हो।

# मुख्यमंत्री ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच जाना हालचाल

## ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का पुष्पगुच्छ व शॉल भेंटकर किया स्वागत



**अम्बाला, 28 मार्च ( रवि पाहुजा ) :** हरियाणा के ऊर्जा परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से उनके अम्बाला छावनी स्थित आवास पर पहुंचे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनका हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मंगल कामना की। इससे पहले मंत्री विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका सम्मान पूर्वक स्वागत किया। दोपहर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ आत्मीयता और सद्भाव का प्रतीक रही इस भेंट के दौरान प्रदेश के विकास एवं जनसेवा से जुड़े विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अनिल विज प्रदेश की राजनीति के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता हैं, जिनका प्रशासनिक अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण हरियाणा के लिए अमूल्य है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि विज शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होकर पुन: ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान मंत्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को सम्मानपूर्वक शॉल भेंट की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन पर अनिल विज, उनके भाई राजिंद्र विज, कपिल विज, गौरव विज, शुभम विज, अतुल महेंद्रू, भारती एवं परिवार के अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। पारिवारिक आत्मीयता के माहौल में हुई इस भेंट ने आपसी विश्वास और सहयोग की भावना को और मजबूत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल, भाजपा नेत्री बंतो कटारिया आदि मौजूद रहे।

## बाबैन अनाजमंडी में सरसों की सरकारी खरीद के मद्देनजर आवक शुरू

**बाबैन, 28 मार्च ( राजेश कुमार ) :** बाबैन अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद के मद्देनजर आवक शुरू हो गई है। खरीद प्रक्रिया को



सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के लिए इस बार नए नियम लागू किए गए हैं, जिनके तहत मंडी में प्रवेश करने वाले किसानों के वाहनों के लिए गेट पास प्रणाली अनिवार्य कर दी गई है। आज पहले दिन मंडी में सरसों लेकर पहुंचे किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के गेट पास काटे गए, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी किसानों को निर्धारित नियमों के अनुसार सुविधा मिल सके। सरसों की खरीद को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो।

**जरूरी निर्देशों के अनुसार होगी फसल की खरीद** - मार्केट कमेटी सचिव गुरमीत सैनी ने बताया कि मंडी में सरसों की फसल की खरीद के लिए इस बार कुछ जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही सरसों की सरकारी खरीद भी शुरू कर दी जाएगी, जिसके लिए मंडी में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।उन्होंने स्पष्ट किया कि नए नियमों के अनुसार मंडी में सरसों की फसल लेकर आने वाले प्रत्येक ट्रैक्टर और ट्रॉली पर रजिस्ट्रेशन नंबर साफ-साफ अंकित होना अनिवार्य होगा। बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाले वाहनों को मंडी में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसे वाहनों के लिए गेट पास जारी नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, मंडी में गेट पास जारी करने का समय भी निर्धारित कर दिया गया है। अब प्रतिदिन सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक ही गेट पास बनाए जाएंगे। निर्धारित समय के बाद आने वाले वाहनों को अगले दिन तक प्रतीक्षा करनी होगी। मार्केट कमेटी सचिव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी फसल को तय समय के भीतर ही मंडी में लेकर आएं और सभी नियमों का पालन करें, ताकि खरीद प्रक्रिया बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चल सके।

# देश के तीर्थ स्थलों के निशुल्क दर्शन और यात्रा करवा रही है प्रदेश सरकार : सुभाष सुधा

## पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने कुरुक्षेत्र के तीर्थ यात्रियों को अयोध्या के लिए किया रवाना



**कुरुक्षेत्र, 28 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश के तीर्थ स्थलों के निशुल्क दर्शन और यात्रा प्रदेश सरकार की तरफ से करवाई जा रही है। यह यात्रा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत करवाई गई है। इस योजना के अंतर्गत कुरुक्षेत्र से 32 श्रद्धालु अयोध्या तीर्थ यात्रा के लिए गए हैं। अहम पहलू है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला से अयोध्या के लिए विशेष भारत गौरव ट्रेन को हरी झंडी देकर रवाना किया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर बोल रहे थे। इस विशेष ट्रेन का कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने स्वागत किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अयोध्या के लिए कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन से भारत गौरव ट्रेन में श्रद्धालुओं को रवाना किया। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने सभी तीर्थ यात्रियों को पुष्प गुच्छ भी भेंट किए और मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। कुरुक्षेत्र धर्मनगरी से अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करने जाने वाले 32 यात्रियों का रेलवे स्टेशन कुरुक्षेत्र से पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने तिलक लगाकर, अंगवस्त्र व रुद्राक्ष माला भेंट कर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सीनियर सिटीजन के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को आरंभ किया है। प्रदेश का कोई 60 आयु वर्ग के ऊपर का नागरिक आवेदन कर सकता है, जिसके परिवार पहचान पत्र में आय 1 लाख 80 हजार रुपए से कम हो। जिला के सभी विधानसभाओं से इस योजना के तहत नागरिकों का अधिक से अधिक आवेदन करवाया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा नागरिक भगवान लला का दर्शन कर सकें। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हमारे देश का सौभाग्य है, जहां के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण करवाया। इस मंदिर के निर्माण के लिए लंबे समय तक इंतजार किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि बुजुर्गों के लिए बहुत ही अच्छी योजना चलाई है। मुख्यमंत्री ने इस यात्रा के साथ सीनियर सिटीजन को बहुत मान-सम्मान दिया है। इस चार दिन की यात्रा के दौरान रहने, खाने-पीने, जाने व वापस आने का पूरा खर्च प्रदेश सरकार द्वारा उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहा जाता है। आयोध्या दर्शन करने पर भगवान राम की जुड़ी जानकारी हासिल होती है। आज समाज का हर पिता अपने घर में श्रीराम जैसा बेटा चाहता है। जब हम सभी मिलकर अपने बच्चों को भगवान श्रीराम की दी हुई शिक्षाओं को ग्रहण करवाएंगे तो तब पूरे प्रदेश व देश में और अच्छा माहौल होगा। इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह, एआईपीआरओ केदार नाथ शर्मा, अधीक्षक हाकम सिंह सैनी, रेलवे स्टेशन अधीक्षक शंकर लाल मीणा, आईआरटीसी से चंडीगढ़ के अधिकारी गौरव शर्मा, अमन सैनी, जिला उपाध्यक्ष अनू माल्याण, मीडिया प्रभारी ललित माटा, कार्यालय सह प्रभारी सोमपाल राणा, विष्णु दत्त, विजय लक्ष्मी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आयोध्या दर्शन का मिला मौका : अशोक कुमार**

शाहाबाद निवासी अशोक कुमार ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अयोध्या दर्शन का मौका मिला है। सरकार की इस योजना का बहुत लाभ सीनियर सिटीजन को मिल रहा है। इसके लिए वो प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हैं।

**यात्रा पर भेजने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार : कुलदीप सिंह**

गांव बोडला निवासी कुलदीप सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से उन्हें अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करवाने के लिए चार दिन की यात्रा पर लेकर जाया जा रहा है। वो अपनी पत्नी के साथ इस यात्रा पर जा रही है। इस यात्रा के लिए वो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का आभार व्यक्त करते हैं।

**अयोध्या भ्रमण का मौका देने पर मुख्यमंत्री का जताया धन्यवाद : अजमेर सिंह**

गांव मथाना निवासी अजमेर सिंह ने कहा कि वो सरकार के खर्च पर अयोध्या भ्रमण के लिए स्पेशल ट्रेन यात्रा पर जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने सरकार की योजना में ऑनलाइन आवेदन किया था। उनके आवेदन पर उन्हें भेजा जा रहा है, इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते है।

# कलेक्टर दरों के मसौदे को वेबसाइट पर किया अपलोड

**कुरुक्षेत्र, 28 मार्च ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि वर्ष 2026-2027 के लिए कलेक्टर दरें निर्धारित की जानी हैं। इन कलेक्टर दरों के निर्धारण को सुविधाजनक बनाने के लिए, जिले के सभी उप-रजिस्ट्रारों और संयुक्त उप-रजिस्ट्रारों से मसौदा प्रस्ताव मांगे गए थे, जो अब इस कार्यालय को प्राप्त हो चुके हैं। इन प्रस्तावित दरों के मसौदे को जिले की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति प्रस्तावित कलेक्टर दरों के मसौदों के संबंध में सुझाव या आपत्तियां प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह ऐसा वेबसाइट https://kurukshetra.gov.in के माध्यम से, या 30 मार्च 2026 को सुबह 11:30 बजे तक उपायुक्त के कार्यालय, या संबंधित उप-मंडल/तहसील कार्यालयों में उन्हें जमा करके कर सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, सुझाव और आपतियां dckrk@hry.nic.in, drokkr7@gmail.com पर ईमेल के माध्यम से भी भेजी जा सकती हैं।






# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देवीनगर मंदिर मेले में किया नवनिर्मित शैड का उद्घाटन

*➤ कश्यप राजपूत पंजाबी वैल्फेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप भारद्वाज व विधायक रामकुमार कश्यप ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का किया जोरदार स्वागत, जताया आभार*



**अम्बाला, 28 मार्च ( संदीप रोहिला ):** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देवीनगर मंदिर अम्बाला शहर में कश्यप राजपूत पंजाबी वैल्फेयर सोसायटी द्वारा आयोजित 51वें वार्षिक मेला, धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया और परिसर में बनाए गए नवनिर्मित शैड का उदघाटन किया। इस मौके पर कश्यप राजपूत पंजाबी वैल्फेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप भारद्वाज ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जोरदार स्वागत किया, वहीं इस मौके पर इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप, पूर्व मंत्री असीम गोयल, जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, सोसायटी से श्याम सुंदर कश्यप, जुगल किशोर विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभा द्वारा धार्मिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु दूर-दराज से यहां आकर महर्षि कश्यप जी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर शैड का जो निर्माण हुआ है उससे श्रद्धालुओं के साथ-साथ आयोजकों को काफी सहुलियत मिलेगी। इस अवसर पर कश्यप राजपूत पंजाबी वैल्फेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप भारद्वाज ने शैड का निर्माण करवाए जाने के लिए सभा की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री जी के समक्ष कश्यप राजपूत पंजाबी वैल्फेयर सोसायटी ने शैड निर्माण की जो मांग की थी जिसके लिए मुख्यमंत्री ने 21 लाख रूपए देने की घोषणा की थी जिसके तहत यहां पर शैड के निर्माण के साथ-साथ स्टेज का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। वहीं पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सभा के पदाधिकारियों को इस कार्य की बधाई दी और मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कश्यप राजपूत पंजाबी वैल्फेयर सोसायटी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मंत्री असीम गोयल का यहां पहुंचने पर अभिनंदन किया। इस अवसर पर कश्यप राजपूत पंजाबी वैल्फेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप भारद्वाज, जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, सोसायटी से महासचिव अश्वनी कुमार, सीनियर वाईस प्रधान नरेश कुमार, कैशियर श्याम सुंदर, जुगल किशोर, संजीव गोयल टोनी, गुरविन्द्र सिंह मानकपुर के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।